3 | राजधानी
स्टेडियम, गोल्फ कोर्स और फुट ओवर ब्रिज की सौगात

8 | अभिमत
लाभकारी है सौर ऊर्जा का प्रयोग

12 | कारोबार
ओयो जुटाएगी 1.5 अरब डॉलर

14 | स्पोर्ट्स
सहवाग की तरह खेलें मयंक : लक्ष्मण

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 7 अंक 329
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

इंपीरियल कॉलेज लंदन पहुंची विद्या
विविध-16

सुप्रीम कोर्ट की रोक से पहले ही पेड़ काटने का खेल खत्म

- महाराष्ट्र सरकार ने माना जितनी जरूरत थी-काट चुके हैं उतने पेड़, मुंबई मेट्रो ने बताया -दो दिन में 2,141 पेड़ कटे
- मेट्रो कोच साइट पर गिरे पेड़ों को हटाते ही शुरू होगा निर्माण कार्य : एमएमआरसी
- फिलहाल रोक लगाती सर्वोच्च अदालत 21 अक्टूबर को करेगी मामले की सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मुंबई

पेड़ों की कटाई पर गहराते विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुंबई की आरए मिल्क कॉलोनी में और पेड़ काटे जाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। मेट्रो ट्रेन के डिब्बों का शेड बनाने के लिए कॉलोनी में पेड़ काटे जा रहे थे। अदालत का फैसला आने पर महाराष्ट्र सरकार ने जहां स्वीकार किया है कि जितनी आवश्यकता थी उतने पेड़ों की कटाई पहले ही की जा चुकी है वहीं, मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने सफाई दी है कि हाई कोर्ट की हरी झंडी मिलने के बाद से अभी तक 2,141 पेड़ काटे गए हैं। काटकर गिराए गए पेड़ों को हटाए जाने के साथ ही शेड निर्माण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

एमएमआरसी प्रवक्ता के मुताबिक, बॉम्बे हाई कोर्ट ने 4 अक्टूबर को सुनाए अपने फैसले में वृक्ष अधिकरण की तरफ से कटाई के लिए दी गई अनुमति को बरकरार रखा था। और पेड़ काटने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई रोक के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि मेट्रो रेल निगम अदालत के आदेश का सम्मान करता है। अब आरए मिल्क कॉलोनी में कार शेड साइट पर एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। अन्य गतिविधियां जैसे गिरे हुए पेड़ों (शेष 10 पर)

आरए कॉलोनी विवाद

मुंबई की आरए कालोनी में पेड़ों की कटाई के बाद मेट्रो के लिए खाली पड़ी जगह

जवाब टालते मंत्री ने किया हरित क्षेत्र बढ़ने का दावा

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने आरए कॉलोनी मामले में कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि भारत में हरित क्षेत्र 15,000 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है। जावडेकर ने संवाददाताओं से कहा कि वह न्यायालय में विचाराधीन मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर फैसला दिया है इसलिए वह कुछ नहीं कहेंगे। पौधरोपण की अपील करते केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर आप एक पेड़ काटते हैं तो आप पांच पेड़ लगाएं और सुनिश्चित करें कि वह पेड़ बढ़ें। साथ ही दावा किया कि भारत में पिछले चार साल के दौरान 15,000 वर्ग किलोमीटर हरित क्षेत्र बढ़ा है। दुनिया में ऐसे कुछ ही देश हैं जहां हरित क्षेत्र बढ़ा है और भारत उनमें से एक है। पर्यावरण मंत्री ने लोगों से दिवाली पर पटाखे नहीं फोड़ने का भी आग्रह किया।

पूर्व सांसदों से जबरन खाली कराए जाएंगे सरकारी बंगले

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगले खाली नहीं कर रहे पूर्व सांसदों के घर पुलिस की मदद से जबरन खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मंत्रालय के संपदा विभाग ने सरकारी आवास के आवंटन की पात्रता नहीं रखने वालों से आवास सख्ती से खाली कराने के लिए हाल ही में संशोधित सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत सोमवार को सख्ती से बेदखली की कार्रवाई शुरू की। इसके तहत पूर्व सांसद हरि मांझी के नॉर्थ एवेन्यू स्थित आवास सहित तीन आवंटियों के घर पुलिस की मदद से बुधवार को खाली कराने का आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि आवास खाली करने के नोटिस का तीन दिन में पालन नहीं करने या इसका उचित कारण नहीं बताने पर संशोधित कानून के तहत पुलिस द्वारा उक्त संपत्ति को सख्ती से खाली कराने का प्रावधान है। अभी तक 40 पूर्व सांसदों ने बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद सरकारी बंगले खाली नहीं किए हैं। मांझी, पिछली लोकसभा में बिहार के गया संसदीय क्षेत्र से सांसद थे। उन्हें नॉर्थ एवेन्यू में 124 एवं 126 नंबर बंगला आवंटित किया गया था। इसके अलावा बुधवार को नॉर्थ एवेन्यू स्थित दो अन्य बंगलों को भी पुलिस की मदद से खाली (शेष 10 पर)

स्विस बैंक में किसका कितना पैसा, सरकार को मिली सूची

- सितंबर 2020 में साझा किया जाएगा अगला ब्योरा

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/बर्न

भारत को सूचनाओं के स्वत: आदान-प्रदान (एईओआई) की नई नियमित व्यवस्था के तहत स्विट्जरलैंड के बैंकों में भारतीय नागरिकों के खातों के पहले ब्योरे उपलब्ध करा दिए गए हैं। दोनों देशों के बीच सूचनाओं के स्वत: या स्वचालित आदान प्रदान की इस व्यवस्था से भारत को विदेशों में अपने नागरिकों द्वारा जमा कराए गए कालेधन के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

स्विट्जरलैंड के संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने 75 देशों को एईओआई के वैश्विक मानदंडों के तहत वित्तीय खातों के ब्योरे का आदान-प्रदान किया है। भारत भी इनमें शामिल है। एफटीए के प्रवक्ता ने कहा कि भारत को पहली बार एईओआई ढांचे के तहत खातों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इसमें उन खातों की सूचना दी जाएगी जो अभी सक्रिय है। इसके अलावा उन खातों का ब्योरा भी उपलब्ध कराया जाएगा जो 2018 में बंद किए जा चुके हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत अगली सूचना सितंबर, 2020 में साझा की जाएगी। हालांकि, सूचनाओं के इस आदान प्रदान की कड़े गोपनीयता प्रावधान के तहत निगरानी की जाएगी। एफटीए के अधिकारियों ने भारतीयों के खातों की संख्या या उनके खातों से जुड़ी वित्तीय संपत्तियों का ब्योरा साझा करने से इनकार किया। कुल मिलाकर एफटीए ने भागीदार देशों को 31 लाख वित्तीय खातों की सूचना साझा की है। वहीं स्विट्जरलैंड को करीब 24 लाख खातों की जानकारी प्राप्त हुई है। साझा की गई सूचना के तहत पहचान, खाता और वित्तीय सूचना शामिल है। इनमें निवासी के देश, नाम, पते और कर पहचान नंबर के साथ वित्तीय संस्थान, खाते में शेष और पूंजीगत आय का ब्योरा दिया गया है। स्विट्जरलैंड सरकार ने अलग से बयान में कहा कि इस साल एईओआई के तहत 75 देशों के साथ सूचना का आदान-प्रदान किया गया है। इनमें से 63 देशों के साथ यह परस्पर आदान-प्रदान है। करीब 12 देश ऐसे हैं जिनसे स्विट्जरलैंड को सूचना तो प्राप्त हुई है लेकिन उसने उनको कोई सूचना नहीं भेजी है क्योंकि ये देश गोपनीयता और डेटा सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय अनिवार्यताओं को पूरा नहीं कर पाए हैं। इन देशों में बेलीज, बुल्गारिया, कोस्टा रिका, कुरासाओ, मोंटेसेराट, रोमानिया, सेंट विन्सेंट, ग्रेनेडाइंस और साइप्रस शामिल हैं।

इसके अलावा बरमूडा, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, केमैन आइलैंड, तुर्क्स एंड कैकोज आइलैंड आदि देशों ने सूचना नहीं मांगी है, इसलिए उन्हें खातों का ब्योरा साझा नहीं किया गया है। एफटीए ने बैंकों, न्यासों और बीमा कंपनियों सहित करीब 7,500 संस्थानों से ये आंकड़े जुटाए हैं। पिछले साल की तरह इस बार भी सबसे अधिक सूचनाओं का आदान-प्रदान जर्मनी को किया गया है। बयान में कहा गया है कि एफटीए वित्तीय संपत्तियों के बारे में कोई सूचना नहीं देता है। भारत के नागरिकों के बारे मे साझा की गई सूचनाओं के बाबत एफटीए प्रवक्ता ने कहा कि सांख्यिकी आंकड़े भी गोपनीयता के प्रावधान के तहत आते हैं। एफटीए ने कहा कि अगले साल इस व्यवस्था के तहत 90 देशों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। स्विट्जरलैंड में एईओआई को कानूनी आधार पर पहली बार एक (शेष 10 पर)

अवकाश सूचना

विजया दशमी के उपलक्ष्य में **पायनियर** प्रेस एवं कार्यालय में 8 अक्टूबर 2019 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 10 अक्टूबर 2019 को प्रकाशित होगा।

मौसम

अधिकतम 32.0°C (-2)
न्यूनतम 22.4°C (+1)

बाजार

सेंसेक्स	37,531	↓ 141	
निफ्टी	11,125	↓ 49	
सोना	39,210	↓ 30	/10g
चांदी	46,390	↓ 90	/kg

क्विक न्यूज

सेल्फी लेने के चक्कर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गई जान

कृष्णागिरि/बांदा। तमिलनाडु में एक परिवार के चार लोगो ने लिए सेल्फी लेना घातक साबित हुआ, जो असावधानी के चलते जिले के मरमपट्टी मे पांबारू बांध मे गिर गए। इनमे तीन महिलाएं थी। नवविवाहित युगल प्रभु और निवेदिता, और उनके संबंधी कनिता, स्नेहा, उवरानी और संतोष शनिवार को सेल्फी ले रहे थे, जब प्रभु को छोड़कर पांच लोग पानी मे जा गिरे। उन्होने बताया कि प्रभु, जो फोटो खीच रहा था, तुरंत पानी मे कूदा और उसने उवरानी को बचा लिया, जबकि बाकी लोग पानी मे बह गए। पुलिस ने बताया कि बाद मे उनके शव बरामद हो गए और उन्हे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होने बताया कि इस संबंध मे एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले मे मानिक्पुर थाना क्षेत्र की बरदहा नदी मे रविवार को सेल्फी लेते समय दो छात्र जल प्रपात मे गिर गए। इनमे से एक छात्र को बाहर निकाल लिया गया है, जबकि दूसरा छात्र अब भी लापता है। प्राप्त सूचना के अनुसार रविवार दोपहर आधा दर्जन सहपाठियो के साथ छात्र प्रिंस (17) और सैनक पांडेय (15) मऊगुरदी के पास बरदहा नदी के राघव जल प्रपात मे पिकनिक मनाने गए थे। मोबाइल पर, करीब डेढ़ सौ मीटर की ऊंचाई से गिर रहे पानी की पृष्ठभूमि मे सेल्फी लेते समय दोनो ही गहरे पानी में गिर गए।

सोनिया, राहुल, प्रियंका के विदेश दौरों में हर पल साथ रहेंगे एसपीजी कमांडो

- केंद्र सरकार ने गांधी परिवार के सुरक्षा कवर को लेकर जारी किए नए दिशानिर्देश, हाल की यात्राओ का ब्योरा भी किया तलब
- गाइड लाइन नहीं मानने पर की जा सकती है विदेश यात्राओ में कटौती

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गांधी परिवार-सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को मिले सुरक्षा कवर को लेकर नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। संशोधित गाइडलाइन के तहत गांधी परिवार के सदस्यों की विदेश यात्राओं के दौरान भी उनके साथ स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) कमांडो की मौजूदगी को अनिवार्य बनाया गया है।

इस संशोधन से पहले, विदेश यात्रा पर गए गांधी परिवार के सदस्यों के पहले गंतव्य स्थान तक ही एसपीजी जवान साथ में रहते थे। इसके बाद सुरक्षा के बजाय निजी स्वतंत्रता को तरजीह देते हुए उन्हें वापस भारत भेज दिया जाता था। नए दिशा निर्देश में सोनिया-राहुल-प्रियंका के लिए अपनी सभी विदेश यात्राओं का ब्योरा देना भी जरूरी कर दिया गया है। साथ ही, उनसे हाल के विदेश दौरों से जुड़ी जानकारी भी मुहैया कराने को कहा गया है। केंद्र ने कथित तौर पर गांधी परिवार के सदस्यों से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नए दिशा (शेष 10 पर)

जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों के लिए ढील, सुरक्षा परामर्श वापस लिए गए

श्रीनगर (पीएनएस)। जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को दो महीने से चले आ रहे उस परामर्श को वापस लेने का निर्देश दिया जिसमें पर्यटकों को घाटी छोड़ने के लिए कहा गया था। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा, राज्यपाल ने निर्देश दिया कि पर्यटकों को घाटी छोड़कर चले जाने का गृह विभाग विभाग का परामर्श तत्काल वापस लिया जाए। ऐसा दस अक्टूबर को तत्काल प्रभाव से किया जाएगा। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने दो अगस्त को एक सुरक्षा परामर्श जारी कर कश्मीर घाटी में आतंकवादी हमले की आशंका का हवाला देते हुए अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों से यथाशीघ्र कश्मीर छोड़कर चले जाने को कहा था। इस परामर्श के कुछ दिन बाद पांच अगस्त को केंद्र ने संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और जम्मू कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा की थी। राज्यपाल ने यहां सलाहकारों और मुख्य सचिव के साथ बैठक में यह निर्देश दिया।

केंद्र-दिल्ली सरकार में प्रदूषण रोकने का श्रेय लेने की होड़

- जावड़ेकर ने कसा तंज, केजरीवाल बोले- पहले पराली के धुएं पर लगाएं लगाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण रोकने का श्रेय लेने की होड़ लगी है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सोमवार को केंद्र द्वारा इस संबंध में उठाए गए कदमों को गिनाया और दिल्ली सरकार पर तंज कसा कि 'काम करे कोई, टोपी पहने कोई।' उनके इस बयान का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तल्ख अंदाज में कहा कि केंद्र राजधानी में हुए सभी कामों के श्रेय ले जाए, उनसे सिर्फ इतनी अपील है कि पंजाब और हरियाणा से आने वाले पराली के धुएं पर लगाम लगाने के लिए वह कदम उठाए।

केजरीवाल ने कहा, 'प्रदूषण सबके प्रयास से कम होगा, और हुआ है।' उन्होंने कहा 'दिल्ली में जो डेंगू कम हुआ, उनकी देन है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी देन और बिजली की दरें उन्होंने ही कम किया है। हम तो उनको सारा श्रेय दे दें, लेकिन उनसे अपील है कि हरियाणा और पंजाब से आने वाले धुएं पर वह रोक लगावाएं।' जावड़ेकर ने हवा को साफ बनाने के लिए पिछले कुछ सालों से चल रहे प्रयासों और इनके प्रभाव की सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि विजयादशमी और दीपावली के पहले केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 47 विशेष दल गठित किए गए हैं। ये दल दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण रोकने से जुड़े मानकों के पालन की (शेष 10 पर)

बिगड़ने लगी राजधानी की आबोहवा

सपना सिंह। नई दिल्ली

दशहरे की पूर्व संध्या पर दिल्ली में प्रदूषण बढ़ गया क्योंकि राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (एनएक्यूआई) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के विभिन्न इलाकों में हवा की गुणवत्ता को खराब श्रेणी में दर्ज किया है। मौसम पूर्वानुमान संस्था सफर ने मानक से ज्यादा प्रदूषण स्तर को दर्ज किया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) तथा अमेरिकी दूतावास ने हवा में सल्फर डाईआक्साइड, नाइट्रेट ऑक्साइड तथा पार्टिकुलेट मैटर (10) और 2.5 (शेष 10 पर)

रावण की राख से बनेगा सीमेंट, प्राधिकरण का है प्लान

रामलीला में होंगे दो रावण, इसमें से एक 500 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट से है बना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दशहरा पर वैसे तो शहर में छह जगह रामलीला का मंचन चल रहा है। सभी जगहों पर रावण का वध होगा लेकिन, आकर्षण का केंद्र इस बार सिर्फ 21ए स्थित रामलीला ग्राउंड रहेगा। यहां पर एक नहीं, बल्कि शहरवासियों को दो रावण देखने को मिलेंगे। एक रावण तो रामलीला कमेटी की ओर से तैयार कराया गया, लेकिन दूसरा रावण नोएडा प्राधिकरण का होगा।

प्राधिकरण द्वारा तैयार रावण 500 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक का 20 फिट का है। इसकी खासियत यह होगी कि जब रामलीला में मुख्य अतिथि रावण को रिपोर्ट के जरिए जलाने का प्रयास करेंगे। उससे पहले प्लास्टिक का रावण जमीन पर धराशायी हो जाएगा। इसे तत्काल सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (सीएमए) ले जाकर सीमेंट प्लांट में उत्पाद तैयार करने के लिए भस्म करवा देगा। इस कार्यक्रम का पूर्ण मकसद यह होगा कि दशहरा मेला देखने आने वाले लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें यह बताया जा सके कि सिंगल यूज प्लास्टिक किसी रावण से कम नही है। यह वह राक्षस है, जो दिन प्रतिदिन हमारे स्वास्थ्य व पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचा रहा है। इसलिए इस पर अब अंकुश लगना चाहिए। आज हम जाने अनजाने में खाने, पीने, सांस लेने में माइक्रो प्लास्टिक शरीर के अंदर ले रहे है, जो हमारे शरीर को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। इससे तमाम बीमारियां शरीर में फैल रही है।

शहर के सेक्टर-21ए रामलीला मैदान में रखे दो रावण के मुखौटे। फोटो : दीपक यादव

हैरानी की बात यह है कि प्लास्टिक हजारों-हजारों वर्ष तक न खत्म होने वाली चीज है। यदि यह जमीन पर पड़ी है तो जमीन की उर्वरा शक्ति को खत्म कर रही है। इस पर रोक लगाने के लिए आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय ने कमर कस रखी है। दो अक्टूबर को मंत्रलाय सचिव सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने खुद यह बात कही थी कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूर्णत: रोक लगाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से अथक प्रयास किया जा रहा है।

इसलिए देश के छह जगहों पर जो प्लास्टिक रावण इस बार दशहरे पर सीमेंट फैक्ट्री में भस्म होना है, उसमें से एक नोएडा प्राधिकरण की ओर से भी तैयार कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के साथ दो दिनों तक एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसोसिएशन ने देश भर में संचालित 238 फैक्ट्री में सिंगल यूज प्लास्टिक को उत्पाद तैयार करने के लिए क्लींकर कोयले के साथ 10 फीसद मिक्स कर बनने वाला ईधन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

एनजीटी के आदेश पर शोपीस बन गया वेस्ट-टु-एनर्जी प्लांट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बनाने में खर्च हुए थे पांच करोड़ रुपए

सिद्धार्थ विहार कॉलोनी के पास बने डंपिंग ग्राउंड में करीब 5 करोड़ रुपए लागत से बना वेस्ट-टु-एनर्जी प्लांट जंग खा रहा है। इस डंपिंग ग्राउंड में एनजीटी ने दिसंबर 2018 को एक आदेश जारी कर इसमें कूड़ा डालने पर रोक लगा दी थी। साथ ही यहां पड़े कूड़े को भी निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। निगम ने वर्ष 2016 में यहां पड़ने वाले कूड़े से कंपोस्ट बनाने के लिए जल निगम से इस प्लांट को बनाया था। इस प्लांट को बनाने के लिए अवस्थाना निधि से पैसा खर्च किया गया था। सितंबर 2017 में निगम ने इस प्लांट को टेकओवर किया था।

हालांकि, इस प्लांट से कभी कूड़े से कंपोस्ट नहीं बनाया गया। यह प्लांट कई बार विवादों में रहा। विवाद एक बार तो शासन तक भी पहुंच गया था। बाद में जल निगम और नगर निगम के बीच शासन ने हस्तक्षेप किया। बाद में निगम ने इसको टेक ओवर किया। इसके बाद भी यह प्लांट नहीं चल पाया। करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बना यह प्लांट अब भी सिद्धार्थ विहार स्थित डंपिंग ग्राउंड के पास लगा हुआ है। निगम इसका न तो उपयोग कर रहा है और न ही उसको वहां से हटाकर दूसरी जगह स्थापित कर रहा है।

कार्यवाहक स्वास्थ्य अधिकारी वीपी शर्मा के मुताबिक निगम ने वेस्ट-टु-कंपोस्ट प्लांट 5 करोड़ रुपये में बनवाया था। डंपिंग ग्राउंड उपयोग में न होने के कारण इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है। डूडाहेड़ा में डंपिंग ग्राउंड बन जाने के बाद इसे वहां स्थापित कर उपयोग में लाया जाएगा।

जुए के अड्डे पर मारा छापा, पांच गिरफ्तार

नोएडा। शहर के बरौला गांव में पुलिस ने जुए के एक अड्डे पर छापा मारकर रविवार की रात पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से ताश की गड्डी और करीब 10,000 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) विमल कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि बीती रात को थाना सेक्टर 49 पुलिस को बरौला गांव के निवासी काले उर्फ सुंदर के मकान में जुए का अड्डा चलने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया पुलिस को जानकारी मिली कि मकान मालिक काले यह अड्डा चला रहा है। वह जुए की कुल कमाई का 10 प्रतिशत अपने पास रखता है। सूचना के आधार पर वहां पर छापेमारी की गई और जुआ खेल रहे उपेंद्र, कपिल, सागर बसोया, काले उर्फ सुंदर बसोया तथा सूरज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और करीब 10,000 रुपए नकद बरामद किए हैं।

पेट्रोल पंप लूट केस में फरार बदमाश को दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गोली लगने से घायल पड़ा बदमाश।

घोषित था 25 हजार रुपए का इनाम

विजयनगर थाना क्षेत्र में राठी मिल के पास औद्योगिक क्षेत्र में देर रात गाजियाबाद क्राइम ब्रांच की टीम और स्थानीय पुलिस ने एक इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 25 हजार के इनामी बदमाश के पैर में गोली लगी है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बदमाश एक पेट्रोल पंप लूट की वारदात में फरार चल रहा था।

दरअसल, थाना विजयनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि 25 हजार का इनामी बदमाश मनीष विजयनगर इंड्रस्ट्रियल क्षेत्र से होते हुए अपने साथियों से मिलने नोएडा की तरफ जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने उसे ट्रेस करते हुए विजयनगर औद्योगिक क्षेत्र में देख लिया। पुलिस ने जब बाइक सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश फायरिंग करते हुए भागने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा करते हुए बदमाश को घेर लिया जहां जवाबी कार्रवाई में बदमाश मनीष निवासी धौलाना जिला हापुड़ गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है।

गाजियाबाद सीओ धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश मनीष विजय नगर थाने क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप से लूट की घटना में फरार चल रहा था और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर और कई कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

प्रतियोगिता में गाजियाबाद पीएसी ने लहराया परचम

गाजियाबाद। 47वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित सप्तम आर्चरी प्रतियोगिता पश्चिम जोन का समापन मेरठ जोन के आईजी आलोक सिंह ने किया। इस मौके पर आईजी ने प्रतियोगिता में नंबर-1 आने वाली 47वीं वाहिनी पीएसी की टीम को पुरस्कृत करते हुए कहा कि तीरंदाजी प्रतियोगिता जैसे खेलों से खिलाड़ी को मानसिक व शारीरिक मजबूती मिलती है।

इस प्रतियोगिता में 47वीं वाहिनी पीएसी के तीरंदाजों ने 1938 अंक बटोरकर जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने 1685 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर कब्जा किया।

47वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित सप्तम आर्चरी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एक जवान का सम्मानित करते आईजी मेरठ जोन आलोक सिंह।

त्योहारों पर चलाई जाएंगी दो सौ अतिरिक्त रोडवेज बसें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिवाली पर यात्रियों को बसों में सफर के लिए दिक्कतें नहीं उठानी होगी। फेस्टिव सीजन को देखते हुए यूपी रोडवेज ने गाजियाबाद रीजन से 200 अतिरिक्त बसें चलाने का फैसला लिया है। अधिकारियों का कहना है कि फेस्टिव सीजन में घर जाने वालों की भीड़ अधिक होती है इसलिए यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए अतिरिक्त बस चलाने का निर्णय लिया गया है।

गाजियाबाद रीजन के आरएम एके सिंह ने बताया कि बसों का संचालन 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक किया जाएगा। यूपी रोडवेज मुख्यालय से बस चलाने की अनुमति मिल गई है। इस अक्टूबर माह में 27 की दिवाली है और 28 को गोवर्धन, 29 का भैया दूज तथा 2 नवंबर को छठ है। त्यौहारों पर घर आने जाने वालों की भीड़ होती है। जिसे लेकर यूपी रोडवेज ने 10 दिनों तक स्पेशल बसें चलाने का फैसला लिया है।

आरएम एके सिंह ने बताया कि हापुड़, गाजियाबाद के कौशांबी, साहिबाबाद, लोनी, हापुड़, बुलंदशहर, खुर्जा और सिकंद्राबाद डिपो से इन बसों का संचालन होगा।

संक्षिप्त समाचार

रामलीला मंडल वृंदावन द्वारा हापुड़ शहर में आयोजित रामलीला का एक दृश्य।

रामलीला में अंगद-रावण संवाद का मंचन

हापुड़। श्री आदर्श रामलीला मण्डल वृन्दावन द्वारा आयोजित शहर की रामलीला मंचन के दौरान हनुमान जी राम जी के पास आकर जानकी जी की सुधि बतलाते हैं और जानकी जी की चूडामणी लाकर प्रभु को देते हैं तभी श्री राम जी की आज्ञा पाकर बंदर, भालुओ का विशाल कटक लंका की ओर आक्रमण कर देते हैं। किन्तु मार्ग में समुद्र बाधा देख श्री राम समुद्र से पहले विनय न सुनने पर क्रोध कर मार्ग मागते हैं और समुद्र नल, नील नामक दो बानर का उपाय बताते हैं। जिससे सेतु का निर्माण होता है और भगवान श्री राम लंका पर विजय प्राप्त हेतु रण के देव महादेव की लिंग पिण्डी बना पूजन करते है जिनका नाम रामेश्वर रखा जाता है और अन्त में अंगद रावण संबाद की लीला का मंचन हुआ।

एनडीआरएफ की 8वीं बटालियन में नवमी पर कन्याओं को भोज कराते बटालियन कमांडर।

एनडीआरएफ में किया कन्या पूजन व भंडारा

गाजियाबाद। कमला नेहरु नगर स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में नवरात्र के नौवें दिन माता रानी सिद्धियात्री माता की बटालियन कमांडेंट पीके श्रीवास्तव, पदाधिकारी एवं समस्त जवानों द्वारा पूजा की गई। हवन-आरती के उपरांत कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कन्याओं को वस्त्र, धन, सिंगार की वस्तुएं चुन्नी आदि भेंट की गई। बटालियन के मीडिया प्रभारी वसंत पावडे ने बताया कि इस अवसर पर बटालियन के समस्त पदाधिकारी एवं जवानों के परिवार जनों तथा बच्चों को आमंत्रित किया गया था। महिलाओं द्वारा माता के भजन गाए गए। इस दौरान पूरा एनडीआरएफ कैंपस जय माता दी के नारों से गूंज उठा। पावडे ने बताया कि विजयदशमी पर शस्त्र पूजा एवं आपदाओं में हजारों लोगों की जान बचाने वाले अत्याधुनिक उपकरणों की पूजा की जाएगी।

एंटी स्नैचर दस्ता कसेगा शिकंजा

गाजियाबाद। पल्सर व अपाची जैसी तीव्र गति वाली मोटरसाइकिलों से चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों की अब खैर नहीं। जी हां, यहां यह बात इसलिए कही जा रही है कि क्योंकि एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने चेन स्नेचरों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों/ हथियारों से लैस बाइक उडनदस्ते का गठन किया है। झपटमारों की नाक में नकेल कसने के लिए बनाए गए इस बाइक दस्ते को एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक दस्ता चेन स्नेचरों के अलावा अन्य संगीन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों पर भी कहर बनकर टूटेगा।

प्रदेश अध्यक्ष बनने पर किया स्वागत

हापुड़। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में हापुड बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा सचिन गुप्ता को राष्ट्रीय सशक्त हिन्दू महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष-लीगल सेल मनोनीत होने पर अधिवक्ताओं ने फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि वह समाज के कमजोर, गरीब वर्ग, महिला वर्ग की कानूनी सलाह व यथासम्भव कानूनी मदद हेतु दृढ़संकल्पित हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में शीघ्र ही योग्य अधिवक्ताओं का मनोनयन कर संगठन को विस्तार दिया जाएगा।

तीन चोर और तस्कर धरे गए 100 किलो कॉपर वायर बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस ने रविवार की रात तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का करीब 100 किलो कॉपर वायर, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और दो चाकू बरामद किए हैं।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने सोमवार को बताया कि बीती रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सफी, वकील और नरेंद्र नामक तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने आम्रपाली सोसाइटी से चुराया गया 100 किलो कॉपर वायर, चोरी की एक मोटरसाइकिल, चोरी के दो मोबाइल फोन तथा दो चाकू बरामद किए हैं। पाठक ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान चोरी की कई वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।

दूसरी ओर, थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सोमवार सुबह एक सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने छलेरा गांव के पास से सुबोध नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस को 2 किलो गांजा बरामद हुआ है।

छात्रा को अगवा करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से चार दिन पहले स्कूल जा रही एक किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया है कि पीड़िता गांव के एक स्कूल में कक्षा नौ की छात्र है। आरोप है कि स्कूल के रास्ते में एक मोबाइल की दुकान पर काम करने वाला युवक पीड़िता से अकेले में मिलने की बात करता रहता था और मिलने न आने पर उठा ले जाने की धमकी देता था।

तीन अक्टूबर को स्कूल जाते समय एक अन्य आरोपी दीपांशु ने नाबालिग को जबरन उठा लिया और कार में बैठाकर चिटहेरा गांव के पास स्थित एक होटल में लेकर जबरन दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया था। पीड़िता के मामा ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

वहीं, बादलपुर कोतवाली प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि परिजन ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि स्कूल आते जाते समय नाबालिग को धमकी देने वाला युवक तालिफ, छात्र को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी बादलपुर निवासी दीपांशु व होटल प्रबंधक शाकिब को आरोपी की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है और पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है।

दूसरी ओर उन्नाव जिले के एक कस्बे से दो दिन पूर्व अपहृत हुई 16 वर्षीय किशोरी की तलाश में पीड़ित परिजन गाजियाबाद के भोजपुर थाने पहुंचे। परिजनों ने भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो युवकों पर किशोरी के अपहरण का आरोप लगाया है। आरोप है कि चार अक्टूबर की सुबह दो युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। जब काफी तलाशने पर भी किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका तो परिजनों ने वहां मौजूद तीसरे युवक से इस बारे में सख्ती से पूछताछ की जिसपर उन्हें जानकारी मिली।

हथियार दिखाकर महिला से रेप, रिपोर्ट दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

विरोध पर आरोपी ने मां और बेटी को पीटा

शहर के सोरखा गांव में एक महिला के घर में घुसकर एक व्यक्ति ने हथियार दिखाकर उससे कथित तौर पर बलात्कार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मीडिया प्रभारी राकेश भदौरिया ने सोमवार को बताया कि सोरखा गांव में रहने वाली महिला ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में उसने कहा है कि 24 अगस्त को घर पर वह और उसकी बेटी थी और उसके पति काम से बाहर गए थे।

रिपोर्ट में महिला ने कहा है कि इसी बीच उसका पड़ोसी पुष्पेंद्र यादव उसके घर में घुसा और उससे बलात्कार करने लगा। महिला का आरोप है कि इसी बीच उसकी बेटी जाग गई और दोनों के विरोध करने पर पुष्पेंद्र ने उन्हें पीटा तथा उनकी कनपटी पर तमंचा रखकर मार डालने की धमकी दी।

महिला के अनुसार, अगले दिन पति के लौटने पर उसने आपबीती उसे बताई और दोनों सेक्टर 116 स्थित सोरखा पुलिस चौकी पर शिकायत करने गए लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मीडिया प्रभारी ने बताया कि महिला का यह भी आरोप है कि 9 सितंबर को आरोपी अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ उसके घर आया और हथियार दिखाकर उसके पति से एक समझौता पत्र लिखवा लिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस कप्तान ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। बीती रात को थाना सेक्टर 49 पुलिस ने इस मामले में पुष्पेंद्र के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोटरसाइकिल में घुसा सांप, बुलानी पड़ी पुलिस

गाजियाबाद। थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में सोमवार दोपहर को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की बुलेट मोटर साईकिल में सांप घुस गया। मौके पर तमाशबीनों का मजमा लग गया और पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस की मदद से सांप बाहर निकाला जा सका।

हिंडन बैराज के पास संजय नामक युवक अपनी बुलेट खड़ी कर कुछ काम कर रहा था तभी आकर देखा तो मोटर साईकिल में सांप की पूछ लटक रही थी। इसके बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई।

बुलेट मोटरसाइकिल में सांप घुसने के बाद मौके पर खड़ी भीड़।

रागिनी गायिका हत्याकांड

भाड़े के दो हत्यारे, लिव-इन-पार्टनर समेत 6 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रागिनी गायिका हत्या मामले में पकड़े गए आरोपी। फोटो : दीपक यादव

ग्रेटर नोएडा की रागिनी गायिका, सुषमा हत्याकांड में पुलिस ने रविवार को भाड़े के दो शार्प शूटरों और महिला के लिव-इन-पार्टनर सहित कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस गिरफ्तारी से लगभग साफ हो गया है कि संबंधों में शक, लालच और अति का महत्वाकांक्षी होना ही गायिका की हत्या की वजह बना। इस सनसनीखेज हत्याकांड की वजह स्वयं सुषमा ही थी।

वारदात का मास्टमाइंड उसका लिव-इन-पार्टनर था। उसी ने सुषमा की फ रमाइशों से आजिज आकर उसे जिंदगी से निकाल फेंकने का षड्यंत्र रच डाला। भाड़े के शार्प शूटरों से सुषमा को कत्ल करवा कर। यह अलग बात है कि सुषमा से मुक्ति पाने के लिए उसने जो षड्यंत्र रचा, उसमें वह खुद भी फंस गया। इस मामले में पुलिस ने मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए दो आरोपी शार्प शूटरों सहित छह लोगों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गौतमबुद्ध नगर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वैभव कृष्ण ने बताया, ठेके पर सुषमा का कत्ल करने वाले शार्प शूटरों में से एक का नाम मुकेश निवासी जोलीगढ़ थाना अगौता जिला बुलंदशहर और दूसरे का नाम संदीप निवासी थोरा थाना जेवर जिला गौतमबुद्ध नगर है।

एसएसपी के मुताबिक, बाकी गिरफ्तार षड्यंत्रकारियों में कत्ल का मास्टमाइंड सुषमा का लिव-इन-पार्टनर गजेंद्र भाटी भी शामिल है। गजेंद्र के साथ पुलिस ने उसके विश्वासपात्र कार चालक अमित, अमित के चचेरे भाई अजब सिंह, गजेंद्र भाटी के दोस्त प्रमोद महसाना को भी गिरफ्तार किया है।

दोनो शार्प शूटरों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। दोनों के पैरों में गोलियां लगी हैं। एसएसपी ने सुषमा नेकपुर हत्याकांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये की नकद धनराशि देकर सम्मानित करने की भी घोषणा की है।

सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत

रोड पार करते समय हुआ हादसा, चालक धरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में रविवार रात हुए एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने सोमवार को बताया कि सेक्टर 16 स्थित जेजे कॉलोनी में रहने वाली एक महिला मुन्नी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में मुन्नी ने कहा है कि उसका 12 वर्षीय बेटा साजिद बीती रात को सेक्टर 14 के पास से गुजर रहा था। तभी एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी।

गंभीर हालत में बच्चे को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के अस्पताल में रेफर किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात को बच्चे की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

इस बीच, थाना सेक्टर 49 में रहने वाली एक महिला ललिता को गंभीर हालत में उनके परिजनों ने सोमवार को नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में जांच के बाद डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा थाना सेक्टर-49 पुलिस को मृतक महिला के बारे में सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2019

नवरात्र पर कश्मीरी गेट के भव्य पूजा पंडाल में मां दुर्गा की मनोहर प्रतिमा का दर्शन करते लोग। फोटो : रंजन डिमरी

घायलों की मदद कर बनें 'फरिश्ता' : सीएम

• सड़क दुर्घटनाओं में जख्मी लोगों को अस्पताल पहुंचाने की अपील
• प्रोत्साहन देने को शुरू किया 'फरिश्ते दिल्ली के' नाम से कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली के लोगों से दुर्घटना के शिकार लोगों की मदद करने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने का अनुरोध किया।

वह दुर्घटना के शिकार हुए लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए मदद करने वालों को पुरस्कृत करने के वास्ते सरकार की एक पहल फरिश्ते दिल्ली के के औपचारिक शुभारंभ के दौरान संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दिल्ली का हर नागरिक फरिश्ता बने। आपको दुर्घटना के शिकार लोगों, झुलसने वालों और तेजाबी हमले के शिकार लोगों की मदद करनी चाहिए और उन्हें अस्पताल लेकर जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हादसे के एक घंटे के भीतर पीड़ितों को अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा, यह बहुत अनमोल समय होता है और अगर उस दौरान पीड़ित को अस्पताल पहुंचा दिया जाया तो उसके बचने की बहुत उम्मीद होती है।

केजरीवाल ने कहा, हमने खबरों में पढ़ा था कि निर्भया एक घंटे तक सड़क पर पड़ी रही और किसी ने उसकी मदद नहीं की। अगर समय पर लोगों को भर्ती करा दिया जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई फरिश्ते को मुख्यमंत्री ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन तीन लोगों ने अपनी कहानी भी बताई, जिनकी दुर्घटना के तत्काल बाद अस्पताल पहुंचाने से जान बची। फरिश्ता बने कुछ लोगों ने भी अपना अनुभव साझा किया।

केजरीवाल ने इस दौरान कहा कि डेढ़ साल पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इस योजना को लागू किया गया था। इस दौरान योजना में मिली खामियों को दूर कर इसे आज लांच किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन ने कहा कि मुझे अफसोस है कि अब भी 80 फीसद लोगों को इस स्कीम की जानकारी नहीं है। जबकि दिल्ली के हर व्यक्ति को इसके बारे में पता होना चाहिए। हमारे लिए हर जान कीमती है। दिल्ली के फरिश्ते की कहानी सभी को बताया जाना चाहिए। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग घायलों की मदद को सामने आए। सुप्रीम कोर्ट ने जब घायलों के इलाज से इन्कार पर रोक लगाई तो सबसे बड़ी समस्या यह खड़ी हुई कि अस्पताल को पैसा कौन दे। अरविंद केजरीवाल सरकार ने यह जिम्मा अपने कंधे पर लिया।

उन्होंने कहा कि घायल को दिल्ली के किसी अस्पताल में ले जाए, सारा खर्च सरकार उठाएगी। अगर घायल को पहले छोटे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और उसे बड़े अस्पताल ले जाना है तो एंबुलेंस का खर्च भी सरकार देगी। साथ ही अस्पताल ले जाने वाले को दो हजार रुपये दिया जाएगा। हालांकि अभी तक का अनुभव है कि लोग पैसे लेने से मना कर देते हैं। अस्पताल किसी को भर्ती करने से मना करता है तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

हैशटैग फरिश्ते से किया ट्वीट

स्कीम लांच के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फरिश्ते दिल्ली के हैशटैग से ट्वीट किए। जिसमें उन्होंने लिखा कि 'फरिश्ते दिल्ली के' स्कीम हर नागरिक के लिए गारंटी है कि अगर आप रोड एक्सीडेंट पीड़ित को तुरंत अस्पताल ले जाते हैं तो आप को किसी भी पुलिस प्रक्रिया में शामिल होने की जरूरत नहीं है। उस पीड़ित के इलाज का पूरा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी, चाहे इलाज और अस्पताल जितना भी महंगा हो।

दिल्ली के हर नागरिक की जान हमारे लिए कीमती है। दिल्ली में हुए किसी भी रोड एक्सीडेंट पीड़ित की जान पैसे के अभाव से हम नहीं जाने देंगे और जो पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा वो दिल्ली का फरिश्ता कहलाएगा।

'समय पर मिलता इलाज तो बच जाती निर्भया'

सीएम ने कहा कि निर्भया घटना के बाद घायल सड़क पर पड़ी रही। अगर उसे समय से इलाज मिला होता तो जान बच जाती। ऐसे तमाम लोग हैं जिनकी समय पर इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई। अब दिल्ली में ऐसा न हो। ज्यादा से ज्यादा लोग फरिश्ते बने। घायल के इलाज का सारा खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। चाहें खर्च कितना भी आए। सीएम ने आटो और टैक्सी चालकों से अपील किए कि वह काफी समय सड़क पर रहते हैं, कोई भी घायल दिखे तो उसे जरूर अस्पताल पहुंचाए और फरिश्ते बने।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फरिश्ते योजना के तहत युवक को सम्मानित करते हुए। फोटो : रंजन डिमरी

स्टेडियम, गोल्फ कोर्स और फुटओवर ब्रिज की सौगात

एलजी बैजल , केंद्रीय मंत्री पुरी ने द्वारका में संबंधित परियोजनाओं की रखी आधारशिला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दो खेल परिसर, चार पैदल पार पुल और एक गोल्फ कोर्स समेत द्वारका में विभिन्न परियोजनाओं की सोमवार को आधारशिला रखी। दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार सुनिश्चित करेगी कि शहर में विकास परियोजनाओं के लिए निधि की कोई कमी नहीं हो। उन्होंने बताया कि अनधिकृत कॉलोनियों के नियमन, लैंड पूलिंग की प्रक्रिया और अन्य परियोजनाएं आरंभ हो गई हैं। बैजल ने कहा कि पिछले दो साल में ग्राम सभा भूमि पर करीब 40 उद्यान विकसित किए गए हैं। बैजल ने यहां एक समारोह में कहा, देश की राष्ट्रीय राजधानी होने के मद्देनजर दिल्ली का समग्र विकास होना चाहिए।

द्वारका में खेल परिसर की आधारशिला रखते केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी।

• राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का समग्र विकास जरूरी : उप-राज्यपाल

सेक्टर 23 और 24 में खेल परिसरों, सेक्टर 10 में एक साइकिल पथ, सेक्टर 10 में सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उत्सव पंडाल, सेक्टर 24 में गोल्फ कोर्स और द्वारका में चार पैदल पार पुलों समेत कई परियोजनाओं की नींव रखी गई। दिल्ली विकास प्राधिकरण इन परियोजनाओं को लागू करेगा।

संक्षिप्त समाचार

एबीवीपी ने नवमी पर किया डूसू ऑफिस का उद्घाटन

नई दिल्ली। महानवमी पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पूजा व हवन के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन किया। छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने अपनी पूरी सामर्थ्य से छात्रों के हितों में काम करने का संकल्प लिया। डूसू अध्यक्ष अक्षित दहिया के अनुसार उन्होंने चुनाव जीतने के तुरंत बाद से ही छात्रों के लिए काम करना शुरू कर दिया था। वे कार्यकाल के पहले हफ्ते में डीयू के अलग-अलग कॉलेजों में छात्रों के बीच गए और कॉलेजों के छात्रसंघ से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सोमवार को डूसू कार्यालय के उद्घाटन के बाद वे और भी बेहतर ढंग से कार्य कर सकेंगे। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने बताया कि आने वाले एक सप्ताह में डूसू की एक्जीक्यूटिव काउंसिल के चुनाव संपन्न होंगे, जिसके बाद एबीवीपी नीत डूसू सेंट्रल काउंसिल तथा एक्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्यों के साथ बातचीत तथा बेहतर समन्वय के साथ अधिक सुचारू ढंग से कार्य करने में सक्षम होगा।

भाजपा से बर्खास्त पूर्व महापौर ने लगाई गुहार

नई दिल्ली। भाजपा से बर्खास्त की गईं दक्षिणी दिल्ली की पूर्व महापौर सरिता चौधरी ने सोमवार को पार्टी से न्याय की गुहार लगाते हुए कि उन्हें बिना किसी गलती के सजा दी गई है। पूर्व महापौर और उनके पति के बीच हुए झगड़े के बाद भाजपा ने यह निर्णय लिया था। चौधरी का दावा है कि दिल्ली भाजपा नेतृत्व ने बिना उनका पक्ष जाने ही यह फैसला किया। ऐसा आरोप है कि पिछले महीने दिल्ली भाजपा कार्यालय में चौधरी को उनके पति और महरौली जिला के पूर्व अध्यक्ष आजाद सिंह ने थप्पड़ मारा था। इस दौरान पार्टी की बैठक थी और उसकी अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर कर रहे थे। दंपति के बीच तलाक का मामला चल रहा है।

विहिप प्रतिनिधिमंडल पुरी से मिला

नई दिल्ली। संत रविदास मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु विश्व हिन्दू परिषद् (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एडवोकेट आलोक कुमार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार शाम केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पूरी को एक ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि संत रविदास मंदिर का पुर्ननिर्माण उसमें पूजन की यथायोग्य व्यवस्थाएं एवं वहां के सरोवर को पुनर्जीवन तथा समाधियों को अविलंब ठीक किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वह माननीय सर्वोच्च न्यायालय की सहमति के अनुसार अपने अटॉर्नी जनरल के माध्यम से उसे सर्वोच्च न्यायालय को संत शिरोमणि रवि दास जी के मंदिर के पुनर्निर्माण के संबंध में सूचित कर विश्वभर के हिन्दू जनमानस की भावनाओं का आदर करे।

डेंगू विरोधी अभियान से मामलों में 50 प्रतिशत तक की कमी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

• मुख्यमंत्री ने दिल्ली वालों को दी बधाई

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान के साकारत्मक परिणाम सामने आए हैं। इस वर्ष डेंगू के मामलों में 50 फीसद की कमी दर्ज की गई है। दिल्ली नगर निकायों के एंटी मलेरिया मुख्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस हफ्ते डेंगू के सिर्फ 74 मामले ही सामने आए हैं।

इस साल अक्टूबर के पहले सप्ताह तक यह आंकड़ा 356 तक ही पहुंचा है। वर्ष 2018 में इस समय तक करीब 650 मामले सामने आ चुके थें। केजरीवाल ने दिल्ली वालों को इसके लिए बधाई दी है और कहा कि यह उनकी मेहनत का फल है। सबसे महत्वपूर्ण अभी तक किसी के भी मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

वर्ष 2015 में दिल्ली में अक्टूबर के पहले सप्ताह तक डेंगू के 7606 मामले थे जबकि 2016 और 2017 में यह संख्या क्रमश: 2133 और 2152 थी। दिल्ली सरकार की डेंगू के खिलाफ जंग वर्ष 2015 में शुरू हुई जब 15867 मामले आए थे। तब 60 से ज्यादा मौतें हुईं थी। सरकार ने 2015 से डेंगू के लिए अभियान शुरू किया।

युवक की हत्या के 8 साल बाद पत्नी का प्रेमी व चालक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

• पुलिस ने ब्रेन मैपिंग टेस्ट के जरिए खुलासा किया

अपराध शाखा ने कापसहेड़ा के समालखा इलाके में आठ साल पहले युवक को अगवा कर उसकी हत्या करने की सनसनीखेज वारदात को सुलझाया है। रवि कुमार (22 साल) को उसकी पत्नी के प्रेमी व चालक ने अगवा कर लिया था। बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर शव को अलवर राजस्थान के गांव टापुकड़ा में ले जाकर जमीन में गाड़ दिया।

पूरी वारदात में रवि की पत्नी शकुंतला भी शामिल रही। आठ साल चली लंबी जांच के बाद पुलिस ने ब्रेन मैपिंग टेस्ट के जरिये आरोपी प्रेमी कमल सिंघला और उसके चालक गणेश कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर गत शनिवार को टापुकड़ा गांव में खुदाई कर रवि कुमार की 25 हड्डियां बरामद कर लीं गई। वर्ष 2011 में आरोपियों ने शव के कुछ हिस्से को निकालकर उसे ठिकाने लगाने का प्रयास भी किया था। रवि की पत्नी शकुंतला फरार है। पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बीके सिंह के अनुसार 23 मार्च 2011 को जय भगवान नामक शख्स ने अपने बेटे रवि कुमार के गायब होने की सूचना पुलिस को दी। जयभगवान ने पुलिस को बताया कि 22 मार्च को उसका बेटा पत्नी व अन्य लोगों के साथ बाहर गया था लेकिन वह वापस नहीं लौटा। 16 अप्रैल 2011 को कापसहेड़ा थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। इस बीच जयभगवान ने बेटे की पत्नी शकुंतला कमल सिंघला और शकुंतला के भाई पर शक जताया।

बाद में अक्टूबर में मामले की जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई। पुलिस की टीम ने शकुंतला, कमल व उसके भाई से पूछताछ की तो पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा। इस बीच दो मार्च 2012 को पुलिस ने शकुंतला उसके भाई व कमल का पॉलीग्राफी टेस्ट करवाया लेकिन रिपोर्ट में तीनों ही बेकसूर निकले। लेकिन पुलिस को दाल में कुछ काला लगा।

मामले की जांच चलती रही। पुलिस ने शकुंतला, कमल व उसके भाई का ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाने की बात की। काफी कोशिशों के बाद सभी इसके लिए तैयार हुए। पुलिस ने दो नवंबर 2017 से छह नवंबर 2017 के बीच गुजरात के गांधी नगर में तीनों का ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाया तो पुलिस का शक यकीन में बदल गया।

ब्रेन मैपिंग टेस्ट की रिपोर्ट में कमल को रवि के गायब करने का दोषी पाया गया। वहीं शकुंतला को भी इसमें दोषी पाया गया जबकि उसके भाई को मामले में क्लीन चिट दे दी गई। इधर आरोपी कमल व शकुंतला फरार हो गए थे। काफी कोशिशों के बाद अपराध शाखा की टीम ने शालीमार कालोनी, अलवर से कमल को 27 सितंबर 2019 को गिरफ्तार कर लिया।

बाजारों में लगाई गईं प्लास्टिक क्रशरमशीन

नई दिल्ली। ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 और 2 की मार्केटों मे सांसाद मिनाक्षी लेखी प्लास्टिक क्रशरमशीन का उद्घाटन किया। अब मार्केट में आने वाले लोग प्लास्टिक की बोतल सीधा मशीन में डालकर क्रश कर पाएंगे।

इस मौके पर लेखी ने कहा कि प्लास्टिक का सिंगल इस्तेमाल बंद करना होगा। प्लास्टिक एक जहर की तरह वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। इसका उपयोग हम सब के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सांसद ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सिंग यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने की शपथ भी दिलाई।

'नवरात्र के बाद सब्सिडी वाले प्याज की आपूर्ति बढ़ाई जाए'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मंत्रिमंडल ने सोमवार को संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि महानगर में सब्सिडी वाले प्याज की आपूर्ति बढ़ा दी जाए ताकि नवरात्रों के बाद मांग बढ़ने के कारण कोई परेशानी नहीं आए।

कैबिनेट ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देश दिया कि प्याज बेचने वाले मोबाइल वैन की संख्या बढ़ा दी जाए। दिल्ली के हर नगर निगम में कम से कम एक मोबाइल वैन मुहैया करानी जानी चाहिए और हर विधानसभा क्षेत्र में चार से छह मोबाइल वैन हों।

इस बैठक में केजरीवाल ने खाद्य और नागरिक आपूर्ति आयुक्त को निर्देश दिया कि जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए नियमित क्षेत्र जांच की जाए। निगरानी दल प्याज के लिए स्टॉक की सीमा की भी जांच करेंगे।

सम-विषम में महिलाओं को छूट पर मांगी राय

नई दिल्ली। डीएमआरसी ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि दिल्ली मेट्रो की पिंक और मैजेंटा लाइनों पर तकनीकी जरूरतों की वजह से प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) लगाए गए हैं और सभी स्टेशनों पर इन्हें लगाने से परिचालन लागत बढ़ जाएगी।

डीएमआरसी ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ को बताया कि मेट्रो के 250 स्टेशनों में से 69 पर पीएसडी लगाए गए हैं। डीएमआरसी ने पीठ को बताया, डीएमआरसी इस समय 343.785 किलोमीटर के नेटवर्क का परिचालन कर रहा है।

मुंह की बीमारी के मरीजों की मदद को वेबसाइट व ऐप शुरु

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दांत और मुंह की बीमारियों के रोगियों की मदद के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के साथ मिलकर अपनी तरह के पहले मोबाइल ऐप्लीकेशन और वेबसाइट को विकसित किया है।

इसके माध्यम से न सिर्फ मुंह की बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक किया जा सकेगा बल्कि इलाज में मरीजों की मदद भी की जा सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने सोमवार को डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में ई-दंतसेवा का उद्घाटन करते हुए इसे देशव्यापी स्तर पर उपयोग में लाए जाने की शुरुआत की।

उन्होंने बताया कि ई-दंतसेवा में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा सेवा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के अलावा स्वास्थ्य सेवा केंद्रों की सूची एवं अन्य विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसमें दंत चिकित्सा के देश में मौजूद संस्थानों की सूची भी दी गई है।

उज्बेक महिला के यौन उत्पीड़न मामले में अफसर की शिकायत

नई दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग ने दिल्ली हवाई अड्डे पर उज्बेकिस्तान की एक महिला का कथित यौन उत्पीड़न करने के लिए अपने अधीक्षक रैंक के अधिकारियों में से एक के विरूद्ध दिल्ली पुलिस को शिकायत सौंपी है।

मामला उजागर करने वाले एक व्यक्ति द्वारा सीमा शुल्क अधिकारियों को कथित घटना के बारे में बताए जाने के बाद सीमा शुल्क विभाग की एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की थी। अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था।

हादसे में अपंग हुए डॉक्टर को मिलेगा 35 लाख मुआवजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) ने एक चिकित्सक को 35 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया है। एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे उनके दोनों पैर स्थाई रूप से काम करने की स्थिति में नहीं रह गए थे।

मलकागंज निवासी मनीष सिंह मुखर्जी नगर की ओर जा रहे थे, जब एक लापरवाही से चलाई जा रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीस वर्षीय एमबीबीएस डॉक्टर हिंदू राव अस्पताल से एनेस्थेसियोलॉजी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे थे। यह दुर्घटना 20 मार्च, 2016 को हुई थी, जिसमें उनके अंग स्थाई रूप से अक्षम हो गए।

एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी एस एस मल्होत्रा ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस से कहा कि वह कुमार को मानसिक और शारीरिक सदमे, सुविधाओं की क्षति और आय के नुकसान के लिए 35.16 लाख रुपए के मुआवजे का भुगतान करें।

इको फ्रेंडली रावण का होगा दहन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विजया दशमी पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। रावण दहन से बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान में इको फ्रेंडली रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। पुतलों को बांसए कागज व कपड़े से तैयार किया गया है।

विजय दशमी के दिन रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी अपने साथ लेकर आए। रामलीला कमेटियों की सोच भी है कि रावण के पुतले के दहन के साथ पर्यावरण संरक्षण के समक्ष आ रही बुराईयों का भी समूल अंत हो जाए।

दिल्ली की विभिन्न रामलीला मैदान में दहन से एक दिन पूर्व पुतलों को खड़ा कर लिया गया है। रात के समय जब लाइटें जलेगी तो पुतलों पर लगाए गए चमकदार कागज और भी आकर्षक दिखाई देंगे। आदिशक्ति मां दुर्गा ने 9 रात्रि और 10 दिन के भीषण युद्ध में महिषासुर का वध कर दिया था। वहीं श्रीराम ने लंका के राजा रावण का इस तिथि को वध किया था। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई के विजय के रूप में मनाते हैं।

दशहरे पर लालकिला मैदान में दहन के लिए रखे गए रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले। फोटो : रंजन डिमरी

...जब फुटपाथ किनारे रहने वाली बेटियां बनीं रईसों के घर की लक्ष्मी

वैसे तो देते हैं दुत्कार, नवमी पर इन बेटियों को दिया दुलार

अमीर घरों में बेटियां कम, इसलिए गरीबों से देवी को कर रहे प्रसन्न

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सेक्टर-15 में नवमी के मौके पर कोठियों में प्रसाद ग्रहण करके लौटतीं गरीब तबके की बच्चियां।

बेशक हम कितने ही ऊंचे ओहदे पर पहुंच जाएं, बेशक हम कितने भी बड़े हो जाएं। कोई भी हमारी सोसायटी हो, लेकिन धर्म-कर्म में हमारी आस्था गहरी ही रहती है। धर्म-कर्म के साथ हम सामान्य तौर पर ऐसे वर्ग को नफरत भरी निगाहों से देखते हैं या फिर उनसे दूर रहते हैं जो कि निम्न तबके का है। इसी निम्न तबके तब सम्मान मिलते देखा, जब बड़े घरों को भी नवमी पर कंजिकाएं बैठाने के लिए बेटियां नहीं मिली। ऐसे में फुटपाथ, झोपड़ियों में रहने वाली बेटियों को अपने घर की लक्ष्मी मानकर उनका सम्मान किया। यानी फुटपाथ की ये बेटियां शहर के रईसों के घर की लक्ष्मी बनी और सम्मान मिला। इससे यह तस्वीर भी साफ हो गई कि कहीं न कहीं हमारे शिक्षित वर्ग में आज भी बेटियां कम हैं। अति शिक्षित होकर भी हम शायद बेटियों को बचाने में अपनी भूमिका नहीं निभा रहे, जबकि अशिक्षित होकर सड़क किनारे फुटपाथ पर, झोपड़ियों में रहने वाले बेटियों का बढ़ा रहे हैं।

बेशक वे उन्हें पढ़ा नहीं पा रहे, लेकिन संख्या में बढ़ा तो रहे हैं। नवमी पर अच्छे-अच्छे घरों के लोग अपनी गाड़ियां लेकर शहर में बेटियों को खोजते रहे, ताकि वे उनके घर चलकर आज लक्ष्मी बन भोजन ग्रहण कर सकें। जहां भी बेटियां मिलीं, वे उन्हें सम्मान से, अनुरोध करके अपनी गाड़ी में बैठाकर घर ले गये। जबकि सामान्य तौर पर तो शायद लोग इन्हें दुत्कार ही देते हैं। ट्रैफिक सिगनल पर जब ये बेटियां कुछ सामान बेचने को गाड़ी का शीशा खटखटाती हैं तो उन्हें या तो गुस्से से देखा जाता है या फिर देखना तक पसंद नहीं किया जाता।

हमें जरूरत है ऐसी मानसिकता बदलने की। बेटियों को सम्मान देने की। कोई फर्क नहीं पड़ता कि बेटी अमीर की है या गरीब की। जो सम्मान हम नवरात्रों के अंतिम दिन गरीब की बेटियों को लक्ष्मी मानते हुए देते हैं, वही सम्मान हम सामान्य तौर पर भी दें तो इन बेटियों के चेहरों पर मुस्कान सदा कायम रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

श्रीमद्भागवत कथा समाप्त, भंडारे का आयोजन

गुरुग्राम। यहां राजेंद्रा पार्क स्थित रतन गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथावाचक बाल योगी महाराज के सानिध्य में इस मौके पर हवन और भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सात दिन तक हुई कथा में भक्तों को कई संदर्भों में प्रवचनों का रसपान कराया गया। यहां रतन विहार में खाटू श्याम महिला मित्र मंडल की ओर से यह आयोजन किया गया था। त्योहारों के इस सीजन में श्रीमद्भागवत कथा कराकर लोगों को धर्म से जोड़ते हुये श्रीमद्भागवत में दिये गये संदेशों को अपने जीवन में भी आत्मसात करने का संदेश यहां दिया। कथावाचक श्रीबाल योगी महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि हमें भगवान की भक्ति में नियमित तौर पर समय लगाना चाहिये। जब भी कोई संकट आये, बुरा विचार आये या फिर हमें कोई और परेशानी हो तो भगवान को सच्चे दिल से याद करें। सच्चे दिल से की गई अरदास भगवान तक जरूर पहुंचती है और वो किसी न किसी बहाने से भक्तों का उद्धार भी करते हैं। इस दौरान मोहित मदन लाल ग्रोवर भी आशीर्वाद लेने पहुंचे। यहां आयोजित भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर जितेंद्र, राहुल, पंकज, राजेश, सीके सिंह के अलावा खाटू श्याम महिला मित्र मंडल की ओर से बबली चौहान, बबीता, किरन, सिमरन, प्रियंका, सुनीता, मिथलेश, गीता, वीना, सुनीता, किरण, सुशीला, रामरती, प्रेम, संतोष, कान्ता, कृति, राधा, अनीता, सुशीला, मनोरमा, वीना, सपना और रूपा पटेल आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

जीडी गोयनका में 11 को लगेगा उद्यमी मेला

सोहना। छात्रों में उद्यमिता बढ़ावा देने के लिए जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के ई-सेल जीडी गोयनका टेक्नोलॉजी बिजनेस इंक्यूबेटर अपने वार्षिक कार्यक्रम उद्यमी बाजार का आयोजन करेगा। कार्यक्रम 11 अक्टूबर को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। जीडी गोयनका विश्वविद्यालय अपने उद्यमिकता बढ़ाने के लिए 'उद्यी बाजार का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ आधिकारिक तौर पर भागीदारी की है। इस मौके पर अलग-अलग विश्वविद्यालयों से आने वाले 130 विद्यार्थी स्टाल लगाएंगे। प्रौद्योगिकी विकास क्षेत्र के प्रधान निदेशक आर पनेरसेल्वम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जीडी गोयनका की डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन डॉक्टर तनेजा कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को खाद्य वस्तुओं, दीवाली उपहार, परिधान, कलाकृतियां, खेल स्टालों जैसे विभिन्न सामान और सेवाओं को प्रदर्शित करने की पहल है। उन्होंने बताया कि बेहतरीन स्टॉल लगाने वाले विद्यार्थी को तीन अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

मुशेदपुर के प्राचीन शिवालय में नवरात्रि पर हवन, भंडारा

फर्रुखनगर। खंड के गांव मुशेदपुर के सबसे प्राचीन मंदिर शिवालय मे नवरात्रि के समापन पर हवन पूजन कर प्रसाद वितरित किया। मंदिर के वरिष्ठ वयोवृद्ध पुजारी पंडित जगदीश चन्द शर्मा ने बताया कि आने वाली महा शिवरात्रि को भगवान शिव शंकर, नन्दी व राम दरबार की मूर्ति स्थापना की जाएगी। नवरात्रि समापन पर भूमि पूजन किया गया। पंडित जगदीश का कहना है कि जो मूर्ति स्थापित की जाएगी, उसमें नन्दी छह फुट ऊंचे, तथा साढ़े तीन फुट चौड़ा, शंकर भगवान व राम दरबार की सवा तीन-सवा तीन फुट की मूर्ति स्थापना की जाएगी। उनका कहना है कि राम चरितमानस की रचना करने वाले गौ-स्वामी तुलसी दास जो की भी मूर्ति राम दरबार के पास ही स्थापित होगी। जो करीब सवा दो फुट की होगी तथा श्री राम चन्द्र की चरणपादुका श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या से लायी जाएगी। इस मौके पर सरपंच रचना देवी, सुनील शर्मा, अभिजित शर्मा, संगीता शर्मा, रिंकी शर्मा, मिस्त्री सतीश कुमार, सुधीर कुमार, ताराचन्द सहरावत, अजय कुमार दीक्षित, सत्यनारायण शर्मा, संतरा देवी, आरती, भारती, कृष्णा देवी, सतीस थानेदार, समय सिंह, जितेन्द्र चौहान, भूपेन्द्र उर्फ विक्की शर्मा, जैकी शर्मा, शिवम चौहान,बसंत कुमार सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बदमाशों से कैंटर सहित 14 लाख की कुर्सियां बरामद कीं

सोहना। सोहना सीआईए पांच पुलिस ने प्रोडेक्शन वारंट पर आए दो चोरों से केंटर सहित उसमें भरी 14 लाख की कुर्सियां बरामद की हैं। चोरों को अदालत ने जेल भेज दिया है। सोहना सीआईए पांच पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर सतेन्द्र रावल ने बताया कि राजस्थान के जिला भरतपुर के गांव कामा निवासी भूट्टू उर्फ भूट और सिंगार थाना बिछौर जिला नूंह निवासी उजैर उर्फ उवैर उर्फ जूवैर को दो दिन पहले अदालत से प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर आए थे। भूट्टू उर्फ भूट व उजैर उर्फ उवैर ने दो माह पहले गुरुग्राम की खांडसा मंडी में कुर्सियों से भरा केंटर चोरी किया था। केंटर में 39 कीमती कुर्सियां भरी हुई थीं। एक कुर्सी की कीमत 36 हजार रुपये है।

अनीता के नामांकन वापसी से भाजपा प्रत्याशी सिंगला को मिली संजीवनी

बागी हुए विधायक उमेश अग्रवाल को मनाने में कामयाब रही भाजपा

कार्यकर्ताओं का दर्द महसूस करके उमेश की पत्नी अनीता अग्रवाल ने भरा था निर्दलीय नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अनीता लूथरा अग्रवाल।

सुधीर सिंगला।

महाभारत कालीन शहर गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में बीजेपी को जिस राजनीतिक नुकसान का अंदेशा था, वह सोमवार को विधायक उमेश अग्रवाल की पत्नी अनीता लूथरा अग्रवाल द्वारा नामांकन वापस लेने के साथ टल गया। अब बीजेपी यहां रिकॉर्ड मतों से जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त हो गई है।

बीजेपी प्रत्याशी से लेकर बाकी नेताओं में भी नये जोश का संचार हुआ है। हालांकि बाकी दल यह नहीं चाहते थे कि ऐसा हो, लेकिन बीजेपी नहीं चाहती थी कि ऐसा हो इसलिए समय रहते स्थिति पर काबू कर लिया गया। पहले 2009 और फिर 2014 के चुनाव में बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले उमेश अग्रवाल 2019 के चुनाव में भी बीजेपी की टिकट चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने उन्हें टिकट न देकर उनके रिश्तेदार एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय सीताराम सिंगला के बेटे एडवोकेट सुधीर सिंगला को टिकट दे दिया। नाराज उमेश अग्रवाल ने अपनी पत्नी अनीता लूथरा अग्रवाल का निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरवा दिया। इसके बाद गुड़गांव की राजनीति में तरह-तरह के समीकरण बनने शुरू हो गये।

किसी को यह लगा कि उमेश अग्रवाल नामांकन वापस नहीं लेंगे तो बहुतों का आंकलन यह भी रहा कि वे पार्टी के प्रयासों से नामांकन वापस ले लेंगे। अंत में हुआ भी वही। पार्टी नेतृत्व उन्हें मनाने में कामयाब रहा। पार्टी के वे वरिष्ठ नेता हैं, इसलिए उन्हें सिर्फ टिकट न मिलने पर पार्टी से बागी होने देना पार्टी को भी रास नहीं आ रहा था। इसलिए उन्हें मनाने के प्रयास तेज किये गये। उनसे कई दौर की बातचीत हुई।

पूर्व मंत्री स्वर्गीय सीताराम सिंगला के बाद गुरुग्राम की राजनीति में गहरी पैठ बनाने वाले उमेश अग्रवाल को सिंगला परिवार से रिश्तों का भी हवाला दिया। अंतत: सोमवार को अनीता अग्रवाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। गुरुग्राम जिला भाजपा में भी इस बात की खुशी है कि राजनीतिक रूप से दोनों परिवार अब एक हो सकते हैं जिनसे रिश्तों को और ज्यादा मजबूती मिली है। क्योंकि सुधीर सिंगला व विधायक उमेश अग्रवाल आपस में समधी हैं। समय की नजाकत को देखते हुये उमेश अग्रवाल द्वारा सही समय पर लिये गये सही निर्णय की पार्टी, परिवार, समाज और शहर में चर्चा का विषय रहा।

...जिन पर कृपा राम करे वो पत्थर भी तर जाते हैं

श्रीदुर्गा रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा के बाद संजीवनी बूटी लेकर पहुंचे हनुमान।

गुरुग्राम। जैकमपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला हनुमान जी द्वारा लंका जलाए जाने के बाद वापस अपनी वानर सेना के पास पहुंचने के साथ शुरु होती है। जय श्री राम के उद्घोष के साथ हनुमान जब वहां पहुंचे तो सभी को यह उम्मीद हो गई कि हनुमान जरूर कोई शुभ समाचार लेकर आए हैं। लीला रावण-अंगद संवाद के बाद युद्ध के ऐलान पर समाप्त हुई।

10वें दिन की लीला में दिखाया गया कि हनुमान अपनी वानर सेना के साथ श्रीराम के पास पहुंचकर लंका में हुई सारी घटना का जिक्र करते हैं। सभी खुश हो जाते हैं कि सीता माता का पता चल गया है। श्री राम सुग्रीव से मंत्रणा करते हैं कि युद्ध की तैयारी करके आगे कदम बढ़ाया जाए। रावण श्री राम से माफी मांगकर सीता लौटाने की बात सुन विभीषण को लात मारकर लंका से ही निकाल देते हैं। समुद्र में पुल बनाने के लिए नल और नील को पत्थर देकर उनके हाथों रखवाए जाते हैं। यहां गीत बजा-राम नाम आधार जिन्हें वो जल में राह बनाते हैं, जिन पर कृपा राम करके वो पत्थर भी तर जाते हैं। लंका में रावण और अंगद के बीच करीब एक घंटे तक संवाद हुआ। फिर अंगद ने रावण के दरबार में पैर जमाते हुए कहा कि जो भी मेरे इस पैर को उठा देगा, श्री राम सीता जी को हार जाएंगें।

गुरुग्राम के कई नेताओं के खिलाफ एफआईआर

गुरुग्राम। सरकारी और नजी संपत्ती पर पोस्टर या अन्य प्रचार सामग्री चस्पा करने वालो पर जिला प्रशासन द्वारा सख्ती बरतनी शुरू की गई है और ऐसे कई व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई हैं और कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए जिला में नियुक्त नोडल अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के प्रचार सामग्री लगाना या चस्पा करना आचार संहिता का उल्लंघन है जिसके लिए डिफेंसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से लगाई गई प्रचार सामग्री हटाने के लिए टीमें लगाई गई हैं और उन्हीं टीमों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के अलावा कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम की टीमों द्वारा नवीन गोयल, जीएल शर्मा, मुकेश शर्मा (पहलवान), मोहित लाल ग्रोवर के खिलाफ गुरुग्राम के सेक्टर-5 और राजेंद्रा पार्क पुलिस थानों में दो एफआईआर कराई गई हैं। इसी प्रकार, कुलदीप जांघु के खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाने में और गुरुग्राम के विधायक उमेश अग्रवाल के खिलाफ सेक्टर-5 थाने में एफआईआर कराई गई है।

नगरपालिका फर्रुखनगर द्वारा भी सरकारी संपत्ती पर प्रचार सामग्री चस्पा करने के लिए लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के उम्मीदवार सतीश यादव, निर्दलीय राकेश दौलताबाद और स्वराज इंडिया पार्टी के मामन यादव के खिलाफथाना फर्रुखनगर में आचार संहित के उल्लंघन के लिए एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि निजी संपत्ती पर प्रचार सामग्री चस्पा करने के लिए आयोग की हिदायत अनुसार विभिन्न लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं जिनमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अथवा उनके समर्थक शामिल हैं।

फर्रुखनगर में भी तीन नेता नपे : नगर निगम के अलावा नगरपालिका फर्रुखनगर द्वारा भी पोस्टर अथवा बैनर लगाने के लिए सतीश यादव, राकेश दौलताबाद और मनीष यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किए।

लिम्का बुक रिकॉर्ड धारी हैं 'रावण' बनवारी लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

रावण के किरदार में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड धारी बनवारी लाल सैनी।

बेशक उनकी उम्र 63 पार हो, लेकिन आवाज में वही 36 की उम्र वाला कड़कपन। बेशक वे आम जीवन में कम बोलते हों, लेकिन मंच पर उनकी सिंह गर्जना, उनके बोले जाने वाले डायलॉग सुन हर कोई स्तब्ध रह जाता है। जिस उम्र में लोग या तो चारपाई पकड़ लेते हैं या फिर घर में बैठकर अपने दिन काटते हैं, उस उम्र में भी यह शख्स समाजसेवा, राजनीति में खुद को सक्रिय किये हुये है। हर कोई उनके जज्बे को सेल्यूट करता है।

हम बात कर रहे हैं यहां जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के अहम किरदार कमेटी के प्रधान बनवारी लाल सैनी की। तीन अक्षर का यह नाम सिर्फ नाम नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था है। कला के क्षेत्र में रामलीला के मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी मंच से सीखा और इसी मंच ने उन्हें बुलंदियों पर पहुंचे। यह नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। बनवारी लाल सैनी ने वर्ष 1977 में जनमाष्टमी समारोह में राजा कंस की भूमिका निभाई थी। इसी साल श्रीदुर्गा रामलीला में उन्होंने रावण के पुत्र मेघनाथ का भी रोल किया। वर्ष 1981 में उन्हें इसी रामलीला में रावण का रोल करने का अवसर मिला तो खुद को साबित करके भी दिखाया। जिस उम्मीद के साथ उन्हें लंकापति का किरदार दिया गया, उससे कहीं अधिक वे खरे भी उतरे।

बस, वहीं से उनके लिए यह किरदार एक तरह से रजिस्टर्ड हो गया। हालांकि वे इस किरदार के लिए रामलीला की शुरुआत में दूसरे कलाकारों को भी मौका देते हैं, ताकि नये कलाकारों को साथ-साथ तैयारी किया जा सके।

1981 से निभा रहे हैं रावण का किरदार

वर्ष 1981 से लेकर अब तक वे आधी रामलीला के बाद रावण के किरदार में मंच पर आते हैं। शिवशंकर के वे पक्के भक्त हैं। भक्ति गीत सुनना उनका शौक है। बेहद ही गंभीर प्रवृति के बनवारी लाल सैनी हर उम्र के व्यक्ति की बातों को गंभीरता से लेते हैं। उनका मानना है कि कम उम्र का व्यक्ति भी आपको बड़ी सीख दे सकता है। इसलिए सबको सुनना चाहिये।

वर्ष 2006 में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज

रावण के दमदार रोल की बदौलत ही बनवारी लाल सैनी को वर्ष 2006 में उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस दौरान रावण की भूमिका को करते हुये उन्हें 26 साल हो चुके थे। यानी सिल्वर जुबली उनकी रावण के रोल में मनाई जा चुकी थी। वहीं वर्ष 2011 में उन्हें मीडिया की ओर से रामलीला में दिये गये अवार्ड में बेस्ट एक्टर का खिताब दिया गया।

नये 'स्ट्रीक्स अल्ट्रालाइट जेम कलेक्शन' से बनें और भी खूबसूरत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आज के समय में बालों को हाईलाइट करना भारत में एक नया ट्रेंड-सा बन गया है। हम सब चाहते हैं कि हम अपने कूल, शानदार हेयर कलर स्ट्रीक्स को इस तरह लहरायें कि हमारा अलग स्टाइल झलके और हमारी पर्सनैलिटी और भी अच्छी हो जाये। खुद को एक्सप्रेस करने के रूप में आजकल हेयर हाईलाइट्स रेग्युलर ब्लॉन्ड्स और ब्राउन के कलर शेड्स काफी वाइब्रेंट हो गये हैं। चाहे आप कॉलेज के पहले दिन अपना स्टाइलिश इंप्रेशन डालना चाहते हैं, अपने भाई या बहन की शादी में कोई नया लुक ट्राई करना चाहते हैं, या फिर खुद को एक अच्छा सा मेकओवर देना चाहते हैं तो 'हाईजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट' नया 'स्ट्रीक्स अल्ट्रालाइट जेम कलेक्शन' अपना सिग्नेचर लुक पाने का एक तरीका है।

इस नये कलेक्शन में हेयर शेड्स की काफी बेहतरीन रेंज लायी गयी है, जिसने पहली बार भारतीय बाजार में कदम रखा है। इसमें ब्लू सफायर, ग्रीन एमराल्ड और परपल टोपाज जैसे शेड्स हैं जोकि निश्चित तौर पर हर किसी के फैशन में चार चांद लगा देंगे।

घर के सुकूनभरे माहौल में 'स्ट्रीक्स अल्ट्रालाइट्स जेम कलेक्शन' का इस्तेमाल करना आसान और सुविधाजनक है। यह उन स्टनर्स के लिये काफी उपयुक्त है जोकि अपना फैशन स्टेटमेंट बनाना चाहते हैं और लोगों को मुड़-मुड़ कर देखने के लिये मजबूर करना चाहते हैं! ये कलर्स न केवल बिलकुल नया लुक देते हैं बल्कि आपके फीचर्स और आपकी पूरी पर्सनैलिटी को बेहतर बनाते हैं।

आशीष के छाबरा, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, हाईजीनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट ने कहा कि 'स्ट्रीक्स' में हम ग्राहकों की मांग और उनके ट्रेंड को समझने की काफी कोशिश करते हैं और अपने प्रोडक्ट को इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयार करते हैं। आज के समय में ब्राइट और बोल्ड शेड्स लोगों की पसंद की लिस्ट में अपनी जगह बना रहे हैं। हमें इस बात की बेहद खुशी है कि नये 'अल्ट्रालाइट्स जेम कलेक्शन' में ये खूबसूरत शेड्स मौजूद हैं।

गुरुग्राम में अभी तक लाइसेंसशुदा 75 प्रतिशत शस्त्र हुए हैं जमा

गुरुग्राम। जिला में बादशाहपुर और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए जरनल ऑब्जर्वर राजीव कुमार ने मंगलवार को चुनाव से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए जिला में लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विश्रामगृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक की और उन्हें निर्देश दिए कि सभी अधिकारी चुनाव में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

राजीव कुमार ने सभी नोडल अधिकारियों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए किए गए प्रबंधों और अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ली। इस बैठक में कानून व्यवस्था के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एसीपी मुख्यालय उषा ने बताया कि अब तक जिला में लाइसेंसशुदा 75 प्रतिशत शस्त्र जमा हो चुके हैं और बाकी भी जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला में 76 पेट्रोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। प्रत्येक पार्टी में 4 से 5 पुलिसकर्मी शामिल हैं। चुनाव के दिन 2670 पुलिसकर्मी चुनाव बूथों पर ड्यूटी पर रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से एरिया डोमिनेशन प्लान बना ली गई है और पीस कमेटियों द्वारा बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुग्राम जिला को आईआरबी की एक तथा अर्द्धसैनिक बलों की तीन कंपनियां मिल चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 118 स्थानों पर बनाए गए 308 पोलिंग बूथ वलनरेबल श्रेणी में तथा एक बूथ क्रिटिकल श्रेणी में आता है। इन बूथों पर चुनाव के दिन ज्यादा पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पैट्रोलिंग पाटिज़्यां भी इन पर ज्यादा फेरी लगाएंगी।

एमजी रोड दशहरे पर बना रावण रोड

बड़ी संख्या में यहां बनाए गए हैं रावण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में एमजी रोड पर बनाए गए रावण के विशालकाय पुतले।

वैसे तो इस रोड का नाम एमजी यानी महरौली-गुरुग्राम रोड है, लेकिन इन दिनों यह एमजी रोड नहीं रावण रोड से जाना जा रहा है। क्योंकि इस रोड पर रावण के पुतले बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। दशहरा पर्व कल मंगलवार को है, इस लिहाज से यहां रावण के पुतलों की बिक्री खूब हो रही है।

गोशाला मैदान से शुरू होकर एमजी रोड पर आईटीआई तक रावण के पुतले यहां कारीगरों द्वारा बनाये जा रहे हैं। यहां कुछ स्थानीय कारीगर हैं तो कुछ दिल्ली से आकर फुटपाथ किनारे रावण के पुतलों से अपनी रोजी-रोटी कमा रहे हैं। यहां इन कारीगरों द्वारा पांच फुट से लेकर 50 फुट तक ऊंचे रावण बनाये हैं। हर रावण को अलग रूप दिया गया है। कोई हंसता हुआ तो कोई बड़ी-बड़ी मूंछों वाला, कोई बड़ी आंखों वाला तो किसी का विशाल सिर। इस तरह से यहां रावण की वैरायटी हैं। वैरायटी के हिसाब से रावण के पुतलों के दाम भी अलग-अलग ही हैं। तीसरी पीढ़ी के रूप में यहां रावण बना रहे सागर बताते हैं कि रावण के पुतले बनाने की शुरुआत उनके दादा जी ने की थी। ताउम्र वे रावण बनाने का काम करते रहे। यह पेशा दशहरा पर्व पर उनकी रोजी-रोटी का जरिया बनता है। उन्हें रावण बनाने की कला अपने पिता जी से मिली है। जिन्हें उनके दादा ने रावण बनाने में निपुण किया था। सागर के मुताबिक बहुत ही बारीकी के साथ काम करना पड़ता है। मौसम अगर खराब होता है तो फिर उनके लिए परेशान बढ़ जाती है। क्योंकि बांस के ढांचे पर कागज चिपकाया जाता है।

रावण जलता है तो रो पड़ता है दामोदर : रावण बनाने वाले दामोदर भी कई साल से रावण के पुतले बनाते आ रहे हैं। वह अपने पिता के साथ काम करते हैं। जब वे दशहरा स्थल पर रावण खड़ा करते हैं तो उन्हें अपनी मेहनत पर घमंड भी होती है कि उनकी इस कला को हजारों लोग देखकर रोमांचित होंगी।

परिवार पर फायरिंग करने वाले चार लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गांव फतेहपुर बिल्लोच में करीब एक सप्ताह पूर्व हत्या करने के इरादे से व्यक्ति को गोली मारने वाले मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्य आरोपी के पिता और ताऊ को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

थाना सदर पुलिस ने गांव फहेपुर बिल्लोच निवासी संजय जोशी की शिकायत पर एक अक्टूबर को यह मामला दर्ज किया था कि वह यहां किराए का कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है। पवन नामक युवक भी इसी मकान में किराए का कमरा लेकर रह रहा है। घटना वाले दिन शाम को भी संजय का पवन के साथ विवाद हो गया। तब पवन ने उस पर गोली चला दी। पैर में गोली लगने पर संजय को अस्पताल में दाखिल कराया गया था। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। अगले दिन पवन ने अपने साथियों के साथ संजय के घर पहुंचकर हत्या के इरादे से फिर उसके परिवार पर गोलियों चलाईं। पुलिस ने पवन के पिता रामरतन और ताऊ राजेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के साथी नितिन को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की, तो नितिन की सूचना पर पुलिस ने पवन को नरहावली गांव से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पवन के साथ वारदात में शामिल बहबलपुर निवासी राजकुमार और पन्हैड़ा कलां निवासी अभिषेक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो पिस्तौल बरामद की गई हैं। आरोपी गिरोह बनाकर लोगों में दहशत पैदा करने के लिए गांव में कहीं भी गोलियां चलाकर भाग जाते थे। आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

मकान से चोरों ने उड़ाया लाखों रुपये का माल

फरीदाबाद। बीती रात तिगांव स्थित एक मकान में घुस कर अज्ञात चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 90 हजार रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना के दौरान परिवार के सदस्य घर में ही सोए हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर लिया है। थाना तिगांव में दर्ज मामले के मुताबिक तिगांव निवासी मनवीर ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह गांव में ही खेतीबाड़ी करने का काम करता है। शनिवार शाम को घर के काम निपटा कर रात को खाना खाने के बाद वह परिवार के साथ सो गया था। रविवार सुबह सोकर उठा, तो मकान के दूसरे कमरे का सारा सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि रात को किसी समय चोर घर में घुस आए। जिन्होंने घर के एक कमरे में रखी अलमारी से 50 ग्राम सोना, 400 ग्राम चांदी के जेवरात और 90 हजार रुपये चुरा लिए। पता चलते ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच अधिकारी मोहन श्याम ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

मंत्री विपुल ने राजेश नागर के लिए किया रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने तिगांव क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर के समर्थन में जोरदार रोड शो किया, जिसे जनता ने भरपूर समर्थन दिया। राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापसी कर रही है। भाजपा इस बार हरियाणा में पिछली बार से भी ज्यादा सीटें हासिल करेगी और मनोहर लाल खट्टर एक बार फिर से सूबे के मुख्यमंत्री बनेंगे।

तिगांव बाजार में आयोजित रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए राजेश नागर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बयान का समर्थन कर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का संगठन काफी मजबूत है। कोई अन्य राजनीतिक दल संगठनात्मक तौर पर भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकता। कांग्रेसी तो एक-दूसरे को अपशब्द कहने में व्यस्त हैं, तो वे पार्टी का संगठन कैसे मजबूत करेंगे।

नागर के साथ पहुंचे उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के पहले कांग्रेस नेताओं के बीच जैसी उठा-पटक देखने को मिल रही है, वह अभूतपूर्व है।

एक और जहां हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर ने टिकट बंटवारे से नाराज होकर पार्टी छोड़ दी। वहीं मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरूपम पार्टी छोड़ने के कगार पर हैं। मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब इतनी संख्या में हरियाणा के चुनाव में विधानसभा चुनाव में इतने खिलाड़ियों को टिकट दी गई है।

तिगांव बाजार में हुए रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब को देख उत्साहित भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि अब हवाएं ही करेंगी रौशनी का फैसला, जिस दिये में जान होगी, वो दिया रह जाएगा। रोड शो में विपुल गोयल व राजेश नागर को अपने बीच देखकर लोग उत्साहित हो गए। वे उनके साथ हाथ मिलाने व सेल्फी क्लिक करने के लिए उमड़ पड़े। जिसे देख विपुल गोयल राजेश नागर के साथ समर्थकों के बीच जा पहुंचे और समर्थकों से बातचीत की।

तिगांव बाजार में जब मंत्री विपुल गोयल व राजेश नागर का जुलूस बाजार की गलियों में आगे बढ़ा, तो रास्ते में गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार कर दुकानदारों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। रोड शो के अंत मे राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा में भाजपा के 75 से अधिक विधानसभा सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के चार अलग-अलग हिस्सों में बड़ी रैलियां करेंगे जबकि भाजपा अध्यक्ष गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा के दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए आठ बड़ी रैलियां करेंगे। रोड शो के दौरान बाजार में मौके पर जगह-जगह मालाओं से स्वागत कर, मिठाइयां बाटते हुए दुकारदारों ने एक सुर में राजेश नागर का तन, मन, धन से साथ देने का वादा कर इस बार विधायक बनने की अग्रिम बधाई दी।

सरकार ने पाक को मुंहतोड़ जवाब दियाः नरेंद्र गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल के अपने शासनकाल में जहां विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। वहीं पूरे विश्व में अपनी धाक जमा कर प्रत्येक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा करने का काम भी किया है। यह विचार व्यक्त करते हुए फरीदाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज प्रत्येक भारतीय सीना चौड़ा करके यह कह सकता है कि उन्होंने पाकिस्तान जैसे नापाक देश को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

नरेंद्र गुप्ता अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नुक्कड़ सभाओं एवं स्वागत कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इन मौकों पर उपस्थित विशाल जन समूहों को संबोधित करते हुए नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकार से पहले तक आतंकवाद का नाम लेने पर प्रत्येक भारतीय का सिर से नीचे झुक जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने पाकिस्तान को करारा जवाब देकर यह बताने का काम किया है कि भारतीय किसी से कम नहीं। उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक मोदी सरकार का एक ऐसा कदम था, जिसने प्रत्येक भारतीय में आत्मविश्वास की भावना को पैदा करने का काम किया है। नरेंद्र गुप्ता ने लोगों का आव्हान किया कि वह उन्हीं मोदी जी, मनोहर जी और कृष्ण पाल गूर्जर के दूत बनकर आपके बीच में आए हैं और वह आप सभी को यह विश्वास दिलाते हैं कि मोदी और मनोहर दूत को आपका आशीर्वाद मिलेगा और वह फरीदाबाद के सम्मान और विकास की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में फरीदाबाद में जबरदस्त विकास हुआ है, लेकिन अभी इस विकास की लगातार जरूरत है और मेरा यह प्रयास होगा कि पिछले पांच सालों से लगातार चल रहे विकास कार्यों को और गति देकर फरीदाबाद क्षेत्र के लोगों को मेहर वह मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जो उनका हक बनता है।

नरेन्द्र गुप्ता ने सोमवार को सुबह ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में हिस्सा लिया और कहा कि महाराज अग्रसैन के सिद्धांतों को सही मायने में लागू करने का काम प्रदेश की मनोहर लाल सरकार ने किया है। इस मौके पर आयोजक संस्था के प्रधान ईश्वर गोयल, उपप्रधान राजकुमार गुप्ता, सोनू मित्तल, भगवाना स्वीट्स के बद्री प्रसाद, भगवत प्रसाद गोयल, अशोक गोयल, मुनीष मित्तल, सुमेर मित्तल के साथ ओल्ड फरीदाबाद अनाज मंडी व्यापार मंडल, अग्रवाल धर्माथ प्याउ व पुस्तकालय समिति के सोनू मित्तल ने नरेन्द्र गुप्ता को खुला समर्थन देने की घोषणा की। इसके अलावा मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव रमणीक प्रभाकर ने सेक्टर 10 स्थित अपने आवास पर नरेंद्र गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। इलाके के लोगों और प्रभाकर परिवार ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

पूर्व मेयर अरोड़ा ने विजय प्रताप को दिया समर्थन

विजय प्रताप जनसेवा के लिए समर्पित : महेन्द्र प्रताप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बड़खल क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह के समर्थन में पंजाबी समाज के दिग्गज नेता एवं पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा के उतर आने से कांग्रेस की स्थिति और मजबूत हो गई है। ऐसा पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से संभव हो पाया है। लोगों ने महेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष ही विजय प्रताप सिंह को जीत का आशीर्वाद दिया और कहा कि उनको भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेंगे है।

पूर्व महापौर अशोक अरोड़ा ने कहा कि चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह के कार्यकाल में बड़खल विधानसभा में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं और महेंद्र प्रताप सिंह के आदेशों पर चलकर कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह बड़खल विधानसभा की कायाकल्प करेंगे, क्योंकि विजय प्रताप सिंह के पास बड़खल विधानसभा के चहुंमुखी विकास के लिए विजन है। विजय प्रताप सिंह युवा हैं और उनमें कार्य करने की क्षमता किसी से छुपी नहीं हुई। अब पंजाबी समाज भी उनके समर्थन उतर आया है। पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने बेटे विजय प्रताप सिंह को बड़खल विधानसभा क्षेत्र की सेवा के लिए सर्मपित कर दिया ह । विजय प्रताप सिंह बहुत सरल एवं सुलझा हुआ है। जिस प्रकार से कांग्रेस ने विजय प्रताप सिंह भरोसा दिखाकर उन्हें टिकट दिया है, उसी प्रकार क्षेत्र की जनता को भी उन पर भरोसा दिखाना होगा। ताकि विजय प्रताप क्षेत्र के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि जनता एक बार विजय प्रताप सिंह को सेवा करने का अवसर प्रदान करें। उन्हें उम्मीद है विजय प्रताप सिंह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

लायक बेटे की तरह करूंगा तिगांव क्षेत्र की सेवा : ललित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

तिगांव क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से आह्वान किया कि अब समय आ गया है कि पूरे पांच साल तक अपने घर में बैठकर तिगांव क्षेत्र के हितों से हो रहे खिलवाड़ को देखते रहने वाले भाजपा प्रत्याशी को वोट की चोट से जवाब दिया जाए, क्योंकि पूरे पांच साल उन्होंने तो इस क्षेत्र की दुर्दशा का रोना सड़क से लेकर विधानसभा तक उठाया, लेकिन भाजपा प्रत्याशी अब जनता के बीच यह जरूर बताएं कि उन्होंने अपने स्तर पर इस चौरासीपाल और तिगांव क्षेत्र की जनता के लिए क्या किया है।

ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र में चाहे 19 गांवों के किसानों की जमीनों के बढ़े हुए मुआवजे दिलवाने के लिए किए जाने वाले संघर्ष की बात रही हो या फिर ग्रेटर फरीदाबाद में रह रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का मामला रहा हो या फिर क्षेत्र की कालोनियों में सड़क, पानी, सीवर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की बात हो, उन्होंने एक विधायक रहते हुए अपने फर्ज को पूरी निष्ठा के साथ निभाया है तथा एक लायक बेटा होने के नाते सरकार को मजबूर किया कि वह इस तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास पर भी ध्यान दें और इसी तिगांव की इस धरती पर आपके इस लायक बेटे ने ही धरना-प्रदर्शन कर सरकार को सड़क बनाने पर मजबूर किया, जिस पर आज उनके तिगांव क्षेत्र की जनता का आवागमन सुगम हुआ है। नागर सोमवार को अपने चुनावी अभियान के तहत गांव भतौला, प्रह्लादपुर, बड़ौली, फत्तूपुरा, शाहपुरा, भैंसरावली, ढहकौला, महमूदपुर, सराय सहित अनेक गांवों में लोगों द्वारा आयोजित सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

ई-रिक्शा पिता की लापरवाही से पलटा, बच्चे की मौत

फरीदाबाद । पल्ला इलाके में एक व्यक्ति के ई-रिक्शा को उसके तीन वर्षीय बेटे स्टार्ट करके रेस दे दी। रिक्शा एक गड्ढे में जाकर पलट गया, जिससे बच्चे की मौत हो गई। थाना पल्ला पुलिस के मुताबिक इलाके की श्याम कालोनी का राजीव कुमार ई-रिक्शा चलाता है। बीती शाम वह अपने तीन साल और पांच साल के दो बेटों को ई-रिक्शा पर बैठाकर कपड़े दिलवाने के लिए बाजार जा रहा था। रास्ते में राजीव लघुशंका के लिए चला गया। उस समय राजीव का तीन वर्षीय पुत्र अजीत चालक सीट पर ही बैठा था। राजीव के जाने के बाद अजीत ने चाबी घुमाकर ई-रिक्शा स्टार्ट कर दिया और रेस दे दी। ई-रिक्शा दौड़ पड़ा और आगे जाकर एक गड्ढे में पलट गया। इस दुर्घटना में अजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गई। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

AXIS BANK खुदरा आस्ति केन्द्र, दिल्ली : ऐक्सिस बैंक, ग्राउण्ड फ्लोर, शॉप नंबर 03, 03 (ए), 04 एवं 05 मेगा सिटी मॉल, एमजी रोड, गुड़गांव-122001, अन्य पता : ऐक्सिस बैंक लि., ।।। फ्लोर, रेड फोर्ट कैपिटल पार्श्वनाथ टावर, भाई वीर सिंह मार्ग, निकट गोल मार्केट, नई दिल्ली-110001, खुदरा आस्ति केन्द्र, गाजियाबाद : बीएफ-1ए, 2, 3, प्रथम तल, आदित्य सिटी सेंटर, नीति खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201012 खुदरा आस्ति केन्द्र, फरीदाबाद : ऐक्सिस बैंक लि., एससीओ-8, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर-16, फरीदाबाद, हरियाणा-121002 खुदरा आस्ति केन्द्र, गुरूग्राम : ऐक्सिस बैंक लि., एएससी गुरूग्राम , एसजी-107, डीएलएफ गैलेरिया कॉम्प्लेक्स, निकट डाक घर, डीएलएफ सिटी फेज-4, गुरूग्राम-122009 कार्पोरेट कार्यालय : ऐक्सिस हाउस, ब्लॉक-बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली मुंबई-400025 पंजीकृत कार्यालय : "त्रिशूल", तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत कब्जा सूचना

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने, ऐक्सिस बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदारों/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) से सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह-कर्जदारों/गारंटर(रों)/ बंधकदाता(ओं) तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम	सम्पत्ति का वर्णन	1. मांग सूचना की तिथि 2. कब्जा की तिथि 3. मांग सूचना में राशि (रू.)
1. अनुष्का एजेन्सीज, पंजीकृत कार्यालय : शॉप नंबर 150, नई अनाज मंडी, तावडू, हरियाणा-122105 अन्य पता : अनुष्का एजेन्सीज, प्लॉट नंबर 51, सेक्टर-1, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव, हरियाणा-122001 2. श्री तेज सिंह पुत्र श्री नेतराम स्वामी अनुष्का एजेन्सीज, निवासी मकान नंबर डीएच58ए, वार्ड नंबर 08, फौजी कालोनी, तावडू, हरियाणा-122105 3. श्रीमती उषा रानी, पत्नी श्री तेज सिंह (गारंटर), निवासी मकान नंबर डीएच58ए, वार्ड नंबर 08, फौजी कालोनी, तावडू, हरियाणा-122105 4. श्रीमती मिश्रो देवी, माताजी श्री तेज सिंह (गारंटर), निवासी मकान नंबर डीएच58ए, वार्ड नंबर 08, फौजी कालोनी, तावडू, हरियाणा-122105	1. कॉमर्शियल सम्पत्ति शॉप नंबर 150, गेट नंबर 1, नई अनाज मंडी, तहसील तावडू, जिला मेवात, हरियाणा, परिमाप 36.67 वर्ग गज अथवा 330 वर्ग फीट का साम्यिक बंधक। 2. कॉमर्शियल सम्पत्ति खेवट/खाता नंबर 782/856, किला नंबर 118//2/1/5, वार्ड नंबर 08, नूह, स्थित नूंह तावडू रोड, तहसील तावडू, जिला मेवात, हरियाणा, परिमाप 3 मरले जो कुल भूमि 12 मरले का 1/4 हिस्सा है, का साम्यिक बंधक। 3. कॉमर्शियल सम्पत्ति शॉप नंबर 1141/90 एवं 91, हाउस टैक्स नंबर 405/7, 405ए/7, अग्रसेन मार्केट, तावडू, तहसील तावडू, जिला मेवात, हरियाणा, परिमाप 20' ग 19'2" वर्ग फीट। खेवट/खाता नंबर 1042125, मुस्टेल नंबर 107, किला नंबर 7/2 (2-10), 8 (6-17), 9/1 (0-14), 31 (0-10), 29/5 (8-11), 32 (7-2) में शामिल कुल भूमि 26 कनाल 04 मरले का 2/824वां हिस्सा अर्थात 1.27 मरला, जो निर्मित है तथा प्रोपराइटर शॉप चालू है, हालांकि भूमि का हिस्सा खाली है, का साम्यिक बंधक। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर : सेल डीड के अनुसार दक्षिण : सेल डीड के अनुसार पूरब : सेल डीड के अनुसार पश्चिम : सेल डीड के अनुसार	1. 28-जून-16 2. 04-अक्टू-18 3. रू. 1,03,34,594.28/- 28 फरवरी 2019 तक बकाया राशि जिसमें भावी ब्याज शामिल नहीं है।

एतद्द्वारा उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/सह-कर्जदारों/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, बंधक सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।
तिथि : 08-10-2019, हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी),
स्थान : दिल्ली ऐक्सिस बैंक लि.

RAMSONS PROJECTS LIMITED
Regd. Off.: 815, 8th Floor, Hemkunt Chamber, Nehru Place New Delhi 110019
NOTICE
Notice is hereby given that pursuant to SEBI Circular SEBI/HO/MIRSD/DOS3/CIR/P/2018/139 dated 6th November 2018, the Company has received requests from the following transferee to transfer the below mentioned securities held in the name of the security holder mentioned there against as detailed below, to his name. These securities were claimed to have been purchased by him, detailed hereunder:

Folio No.	Name(s) of the Holder(s)/ Transferor	Security Type and Face Value	Number of Securities	Share Certificate No.	Distinctive Nos. From - To	Name(s) of the Transferee(s)
0000937	S.B. Mittal	10/-	19800	30084	561601- 581400	Neelam Rani
0000939	Bhupender Singh	10/-	18100	30086	602601- 620700	Harish Chhabra
0000956	Surinder Kumar	10/-	17300	30067	1529001- 1531400 1577001- 1577500 1698401- 1702500 1706901- 1714000 1848101- 1849100 1979601- 1980100 2163101- 2163400 2163501- 2163600 2165101- 2166400	Shweta Grover

Any person who has a claim in respect of the above mentioned securities, should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 30 days from this date along with appropriate documentary evidence thereof in support of such claim, else the Company will proceed to transfer the securities in favour of the above proposed Transferee(s), without any further intimation.
Place: New Delhi Sd/-
Date: 07.10.2019 Ramsons Projects Limited

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohammad Anwar Husain change my name to Mohammad Anwer Hussain S/o Mohammad Ziaul Haque R/o Vill. & P.O. Hirdeychak, Fatehabad, Distt. Arwal Bihar Pin. Code 824127, for all future purposes.
PD(8619)C

I, Mohammad Anwer Hussain S/o Mohammad Ziaul Haque R/o Vill. & P.O. Hirdeychak Fatebabad Distt. Arwal Bihar Pin. Code 824127. Change my Father's Name Mohammad Ziaul Husain to Mohammad Ziaul Haque for all future purpose.
PD(8620)C

PUBLIC NOTICE
I Rupali Sadanand Gosavi W/o Sandeep Vinanath Ubhalkar R/o 463-C, Regent, Shipra Sun City, Indirapuram, Ghaziabad, U.P.- 201014 have change my name to Samidha Sandeep Ubhalkar in future for all purpose.

Public Notice
This is for general information that Balaji Speech and Hearing Center, Shop no 125, Om Shubham Towers, NIT Faridabad-121001, has been closed on May-2019. If anybody deals with our staff in any manner he or she all do so at his/her own risk. Balaji Speech and Hearing enter shall not be responsible for the same in any manner.
Ramesh Chander Anand (Advocate)
Ch. No. 88, Western Wings,
Tis Hazari Court Delhi

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए सं. 271/18
दिनांक : 26-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
शशि शेखर एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. गायत्री इन्फ्रा प्लानर प्रा. लि., 1/7098, द्वितीय तल, गली नंबर 5,शिवाजी पार्क, शाहदरा दिल्ली-32, अन्य पता : बी-121, प्रथम तल, सेक्टर-2, नोएडा-201301, अन्य पता : प्लॉट नंबर 1एफ, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 28,18,461/- (रू. अठ्ठाईस लाख अठारह हजार चार सौ इकसठ मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 29-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

मैसर्स जेडीएस अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में)
परिसमापक का पता : 803ए, न्यू ज्योति सीजीएचएस, प्लॉट नंबर 27, सेक्टर-4, द्वारका, दिल्ली-110078

ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को ऋणशोध अक्षमता और दिवाला संहिता, 2016 और तदधीन विरचित विनियमों के अधीन सूचना दी जाती है कि नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्तियां सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजी लिमिटेड की वेबसाइट : **https://ncltauction.auctiontiger.net** के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बेची जाएंगी।

नीलामी की तिथि और समय	बुधवार, 23-10-2019 अप. 3.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच		
ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि	19-10-2019		
निरीक्षण की तिथि और समय	21-10-2019 से 20-06-2019 पूर्व पुष्टि के साथ		
विवरण		सुरक्षित मूल्य (रू.)	ईएमडी (रू.)
प्लॉट नंबर 7, "सिटी स्क्वायर मॉल", शिवाजी प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, राजा गार्डन, नई दिल्ली-110027 में भू तल पर कॉमर्शियल शॉप नंबर जी-5, परिमाप 97.6 वर्ग मीटर अर्थात 1051 वर्ग फीट और कवर्ड एरिया 700.14 वर्ग फीट।		रू. 1,53,00,000/-	रू. 15,30,000/-

इच्छुक बोलीदाताओं को ईएमडी (प्रतिदेय) एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से 19-10-2019 को अथवा पूर्व "मैसर्स जेडीएस अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापन में)" खाता नंबर 349401010929214 तथा आईएफएससी कोड **UBIN0534943** के खाते में जमा करनी होगी। ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तों के लिए, **https://ncltauction.auctiontiger.net** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें। ई-नीलामी के संबंध में किसी पूछताछ के लिए श्री तिलक मराठा/पुष्पित मारू से सम्पर्क करें (मोबाइल : +916351896834)
लैण्डलाइन नंबर :- 079-61200557/513/551/554/594
हस्ता./-
स्थान : दिल्ली सतीश कुमार माथुर
तिथि : 07-10-2019 जेडीएस अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड हेतु परिसमापक
आईबीबीआई पंजी. सं. : **IBBI/IPA-002/IP-N00132 /2017-18/10348**
मोबाइल नंबर **8175859618**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए सं. 13/19
दिनांक : 07-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
संदीप कुमार परीदा एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. संदीप कुमार परीदा, पुत्र एस. बिप्रा चरण परीदा, फ्लैट नंबर 356, द्वितीय तल, श्री आवास अपा., सेक्टर-18बी, द्वारका, विजयवीर आवास के सामने, नई दिल्ली-75 अन्य पता : लेटन इन्फ्रा-13, प्लॉट नंबर एल-005, सेक्टर-18, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, यूकेपी-201301
2. सुनीता परीदा, पत्नी श्री संदीप कुमार परीदा, फ्लैट नंबर 356, द्वितीय तल, श्री आवास अपा., सेक्टर-18बी, द्वारका, विजयवीर आवास के सामने, नई दिल्ली-75
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 46,41,348/- (रू. छियालीस लाख इकतालीस हजार तीन सौ अड़तालीस मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 05-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए डीवाई सं. 134/19
दिनांक : 11-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
पारस शर्मा एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. पारस शर्मा, बी-173, जलवायु टावर्स सेक्टर-56, गुड़गांव, हरियाणा'-122001, अन्य पता : जिंदल स्टील ऐंड पावर लिमिटेड, 9वां तल, टावर-ए, जिंदल सेंटर, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-56, गुड़गांव, हरियाणा-122001 अन्य पता : ए2-115, अरावली अपार्टमेंट, जलवायु टावर्स सेक्टर-56, गुड़गांव, हरियाणा'-122001
2. जेएनसी कंस्ट्रक्शन प्रा. लि., जी-128, प्रीत विहार, नई दिल्ली-92, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-03, वसुंधरा, गाजियाबाद
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 76,37,054/- (रू. छहत्तर लाख सैंतीस हजार चौवन मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 13-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए डीवाई सं. 76/19
दिनांक : 11-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
नमित नायक एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. नमित नायक, मकान नंबर 407, द्वितीय तल, सेक्टर-22ए, एनआर. सेक्टर-22 मार्केट, गुड़गांव, हरियाणा-122001, अन्य पता : सेक्टर-21, डूंडाहेड़ा, गुड़गांव, हरियाणा-122001
2. पूजा जैन, मकान नंबर 407, द्वितीय तल, सेक्टर-22ए, एनआर. सेक्टर-22 मार्केट, गुड़गांव, हरियाणा-122001, अन्य पता : सेक्टर-21, डूंडाहेड़ा, गुड़गांव, हरियाणा-122001
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 28,82,710/- (रू. अठ्ठाईस लाख बयासी हजार सात सौ दस मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 13-11-2019 को पूर्वा. 10. 30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए डीवाई सं. 1848/18
दिनांक : 19-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
मनीष सिंह एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. मनीष सिंह, मकान नंबर 6, भू तल, ब्लॉक नंबर 22, स्प्रिंग फील्ड कालोनी, सेक्टर-31, अमर नगर, फरीदाबाद, हरियाणा-121003, अन्य पता : एफसीएस सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन लिमिटेड, ए-86, सेक्टर-57, नोएडा-201301
2. कविता सिंह पत्नी श्री मनीष सिंह, मकान नंबर 6, भू तल, ब्लॉक नंबर 22, स्प्रिंग फील्ड कालोनी, सेक्टर-31, अमर नगर, फरीदाबाद, हरियाणा-121003,
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 55,18,137/- (रू. पचपन लाख अठारह हजार एक सौ सैंतीस मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 22-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ओए डीवाई सं. 77/19
दिनांक : 12-09-2019
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
.....आवेदक
विरूद्ध
अजय कुमार उपाध्याय एवं अन्य
.....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. अजय कुमार उपाध्याय, मकान नंबर सी-10, जीएच-09, गली अपार्टमेंट, सेक्टर-56, सोहना गुड़गांव, हरियाणा-122001
2. कीर्ति उपाध्याय, मकान नंबर सी-10, जीएच-09, गली अपार्टमेंट, सेक्टर-56, सोहना गुड़गांव, हरियाणा-122001
3. एलए रेजिडेंशया डवलपर्स प्रा. लि. 220, द्वितीय तल, वर्धमान सनराइज प्लाजा, प्लॉट नंबर 1, एलएससी वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली-96, अन्य पता : आम्रपाली कार्पोरेट टावर, सी-56/40, सेक्टर-62, नोएडा-201307, अन्य पता : 195, राम विहार द्वितीय तल बैक साइड, दिल्ली-92
जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 47,60,029/- (रू. सैंतालीस लाख साठ हजार उन्तीस मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 13-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी,
डीआरटी-।।, दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में स्थिति सुधरने पर राज्य का दर्जा बहाल होगा: शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर हमेशा केंद्रशासित क्षेत्र नहीं रहेगा और वहां सुरक्षा की स्थिति सुधरने के बाद उसका राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। शाह ने यहां भारतीय पुलिस सेवा के 2018 बैच के परिवीक्षा अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए यह भी कहा कि पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त करने और उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद एक भी गोली नहीं चली और न ही एक भी व्यक्ति की जान गई। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर हमेशा केंद्रशासित प्रदेश नहीं बना रहेगा और जब स्थिति सामान्य हो जाएगी तब उसका राज्य का दर्जा लौटा दिया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि यह धारणा गलत है कि केवल अनुच्छेद 370 से ही कश्मीरी संस्कृति और पहचान की रक्षा हुई क्योंकि सभी क्षेत्रीय पहचानों को भारतीय संविधान में स्वभाविक सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 का दुरूपयोग ही सीमापर आतंकवाद की मूल वजह है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 196 में से केवल दस थाना क्षेत्रों में ही धारा 144 लगी हुई है। कठोर लेकिन सही फैसले करने पर गृहमंत्री ने कहा कि घिर जाने के डर की परवाह किए बगैर लोगों के हित में साहसिक निर्णय लेना जरूरी है और उन्होंने इस संबंध में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 पर लिए गए निर्णय का हवाला दिया। असम में अद्यतन की जा रही राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि एनआरसी न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बल्कि सुशासन के लिए भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि एनआरसी को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों की एक राष्ट्रीय पंजी होना बहुत ही आवश्यक है कि विकास के लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचे।

शाह ने आईपीएस परिवीक्षा अधिकारियों को एक ऐसे सेवा का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित किया जो लोगों की सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही पुलिस अधिकारियों की छवि जैसी भी पेश की जाती हो लेकिन उसके विपरीत नीचे से लेकर ऊंचे पायदान तक के ए अधिकारी ही हैं जो कानून व्यवस्था बनाए रखने और देश की अंदरूनी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होते हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस के बारे में जनधारणा में सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत है और उन्होंने युवा परिवीक्षा अधिकारियों ने ईमानदारी से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस सुधार के लिए कटिबद्ध है और उन्होंने परिवीक्षा अधिकारियों को अपनी तैनाती के स्थान पर स्थानीय पुलिस के कामकाज में छोटे लेकिन महत्वपूर्ण सुधार के लिए प्रेरित किया। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कानून व्यवस्था बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है।

सीआईसी के वार्षिक सम्मेलन में अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

नई दिल्ली। शनिवार को होने वाले केंद्रीय सूचना आयोग के वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। आयोग के सूत्रों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सूचना आयुक्तों के वेतन और नियमों तथा शर्तों को सरकार द्वारा बदले जाने के बाद सूचना का अधिकार मामले में देश के सबसे बड़े निर्णायक निकाय का यह पहला सम्मेलन होगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोग के 14वें वार्षिक सम्मेलन में कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह भी हिस्सा लेंगे, जो नोडल मंत्रालय के प्रमुख हैं जिसके तहत आयोग काम करता है।

भाजपा पार्षद, उसके परिवार के चार सदस्यों की हत्या

मुंबई। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में तीन बंदूकधारियों ने एक भाजपा पार्षद और उसके परिवार के चार सदस्यों की गोलियां मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि भाजपा पार्षद रविंद्र खरात (55) और उनके परिवार के अन्य सदस्य रविवार रात को अपने घर में थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर हमला किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमलावरों के पास देसी पिस्तौल और चाकू था। वे खरात के घर में घुसे और उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उन्होंने बताया कि इस अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा, हमला करने के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए और उन्होंने बाद में पुलिस के पास जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। इस हमले में घायल हुए लोगों को अस्तपाल ले जाया गया लेकिन उन्होंने उपचार के दौरान ही दम तोड़ दिया।

कश्मीर में लगातार 64वें दिन सामान्य जन जीवन प्रभावित

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में सोमवार को लगातार 64वें दिन मुख्य बाजार बंद रहे और सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियां सड़कों से नदारद रहीं जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि निजी क्षेत्र की गाड़ियां बिना किसी बाधा के श्रीनगर और अन्य जिलों समेत पूरी घाटी की सड़कों पर चल रही है। उन्होंने बताया कि कश्मीर में मुख्य बाजार और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान लगातार बंद हैं। कुछ दुकानें सुबह 11 बजे तक खुली रहीं लेकिन उसके बाद उसके शटर गिरा दिए गए। उन्होंने बताया कि कुछ वेंडरों ने यहां टीआरसी चौक - लाल चौक रोड पर दूकानें लगाई थी। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में कहीं भी पाबंदियां नहीं हैं लेकिन संवेदनशील क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों को अच्छी खासी तादाद में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पूरी घाटी में लैंडलाइन टेलीफोन सेवा बहाल कर दी गई है। हंदवारा और कुपवाड़ा को छोड़ कर शेष कश्मीर में मोबाइल सेवा चार अगस्त से लगातार निलंबित है। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को मिला विशेष दर्जा केंद्र सरकार ने वापस ले लिया था। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की इंटरनेट सेवाओं को पूरी घाटी में बंद कर दिया गया है।

डीआरआई ने पकड़ा 1.26 करोड़ का गांजा, सात गिरफ्तार

इंदौर। ट्रक के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी का खुलासा करते हुए राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मध्यप्रदेश के बैतूल जिले से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ट्रक से 840 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी कीमत नशे के काले बाजार में 1.26 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। डीआरआई के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को बैतूल जिले में एक ट्रक को रोककर तलाशी लिए जाने पर गांजे की यह बड़ी खेप बरामद की गई। इसे प्लास्टिक के बक्सों में छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि तस्कर गिरोह के कुछ सदस्य गांजा ले जा रहे ट्रक के आस-पास कारों और मोटरसाइकिलों से निगरानी करते चल रहे थे। इनमें से एक वाहन में हथियार भी थे। अधिकारी ने बताया कि बैतूल पुलिस की मदद से ट्रक और इन वाहनों का पीछा कर गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मोटर वाहन कानून के तहत अपराध करने वाले व्यक्ति पर आईपीसी के तहत भी दर्ज हो सकता है केस

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने जैसे अपराध करने वाले किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत भी मामला दर्ज किया जा सकता है क्योंकि दोनों कानून अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। न्यायालय ने कहा, तेजी से मोटरीकरण के बढ़ने के साथ ही भारत सड़क यातायात में लोगों के जख्मी होने और जान गंवाने के बढ़ते बोझ का सामना कर रहा है। न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के 22 दिसंबर, 2008 के आदेश को निरस्त कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत तेज गति से वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और अन्य संबंधित अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया है तो उसके खिलाफ आईपीसी के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, हमारी सुविचारित राय में कानून की स्थिति स्थापित है। इस न्यायालय ने बार-बार कहा है कि जहां तक मोटर वाहनों का सवाल है तो मोटर वाहन अधिनियम, 1988 अपने-आप में पूरी संहिता है। न्यायालय ने कहा, हालांकि, मोटर वाहन अधिनियम या अन्यथा किसी पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित अपराध के लिए आईपीसी के तहत मुकदमा चलाने पर कोई रोक नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों कानूनों के तहत अपराध के घटक अलग-अलग हैं और अपराधी के खिलाफ दोनों के तहत अपराधी पर मुकदमा चलाया जा सकता है और एक-दूसरे से स्वतंत्र होकर दंडित किया जा सकता है। पीठ ने कहा, विशेष कानून के सामान्य कानून पर प्रभावी होने का सिद्धांत आईपीसी और मोटर वाहन अधिनियम के तहत सड़क दुर्घटना के अपराध के मामलों पर लागू नहीं होता है। पीठ की तरफ से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति मल्होत्रा ने कहा, हमारी राय में आईपीसी और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बीच कोई विरोधाभास नहीं है। दोनों कानून बिल्कुल अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। दोनों कानून के तहत अपराध अलग-अलग और एक-दूसरे से पृथक हैं। दोनों कानूनों के तहत दंड भी स्वतंत्र और एक-दूसरे से अलग है। शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के निर्देश को भी निरस्त कर दिया, जिसने असम, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उचित निर्देश जारी करने को कहा है कि वे मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित अपराधों के लिए अपराधियों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाएं, न कि आईपीसी के तहत।

विधायक की एसयूवी की चपेट में आने से तीन की मौत

संवाददाता। टीकमगढ़

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर पपावनी के पास सोमवार को भाजपा विधायक राहुल सिंह लोधी की कथित एसयूवी की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई।लोधी टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं और वह पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती के भतीजे हैं।पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना आज अपराह्न करीब तीन बजे हुई और जिस एसयूवी से यह हादसा हुआ, वह कथित तौर पर भाजपा विधायक राहुल सिंह लोधी की थी।हालांकि, विधायक लोधी ने दावा किया है कि उनकी एसयूवी से यह हादसा नहीं हुआ है। टीकमगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने बताया कि मृतकों की पहचान बृजेन्द्र अहिरवार (25), रवि अहिरवार (23) और मदन के रूप में हुई है। मदन ने जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में उपचार के दौरान दम तोड़ा, जबकि अन्य दो की मौके पर ही मौत हो गई थी। ए तीनों टीकमगढ़ जिले के निवासी थे। उन्होंने कहा कि हादसे के वक्त ए तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर टीकमगढ़ से बलदेवगढ़ की ओर जा रहे थे, जबकि एसयूवी विपरीत दिशा से आ रही थी। सुजानिया ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विधायक राहुल सिंह लोधी की एसयूवी ने ही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि घटना के वक्त विधायक अपने वाहन में थे या नहीं। वहीं, विधायक लोधी ने दावा किया, मेरी एसयूवी से यह हादसा नहीं हुआ है। जब यह हादसा हुआ, उस वक्त मैं घटनास्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर अपने विधानसभा क्षेत्र के फुटेर गांव में था। मेरे चालक ने गांव जाते वक्त मार्ग से गुजरते हुए इस हादसे को घटित होते देखा था। उन्होंने दावा किया, मेरा चालक मुझे फुटेर गांव में लेने आ रहा था। मेरे चालक ने इस हादसे के बारे में स्थानीय पुलिस को सूचना भी दी थी।

जोधपुर में 150वीं गांधी जयंती के अवसर पर सेंट्रल स्कूल एकेडमी के छात्र महात्मी की गांधी की वेशभूषा में

सभी बंदियों की बिना शर्त रिहाई हो: फारुक अब्दुल्ला

एजेंसी। श्रीनगर

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने राज्य में कोई भी राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने के लिए अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के बाद से हिरासत में लिए गए और नजरबंद किए गए सभी लोगों की बिना शर्त रिहाई की मांग रखी है। नेशनल कांफ्रेंस के एक शिष्टमंडल की रविवार को फारुक अब्दुल्ला से हुई मुलाकात के बाद सोमवार को पार्टी ने एक बयान में यह बात कही। नेकां के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ने शिष्टमंडल से कहा कि राज्य के लोगों ने विशेष दर्जा समाप्त किए जाने और राज्य को दो हिस्से में बांटे जाने पर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जता दिया है और पार्टी इन भावनाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकती है। रविवार को नेकां के 15 सदस्यीय शिष्टमंडल को पहली बार पार्टी अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से मिलने की अनुमति दी गई थी। प्रवक्ता ने कहा, बंदी बनाए गए नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल को यह स्पष्ट कर दिया गया था कि कोई भी राजनीतिक प्रक्रिया तब तक नहीं हो सकती है जब तक कि भारत सरकार द्वारा सीधे कुछ कार्वाई नहीं की जाती है। राज्य में प्रखंड विकास परिषद (बीडीसी) के चुनाव 24 अक्टूबर को होने हैं और नेकां ने कहा है कि अगर उसके नेताओं को हिरासत में रखा जाता है तो वह इस चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। प्रवक्ता ने कहा कि नेकां नेताओं द्वारा रखी गई मांगों में झूठे आधारै पर गिरफ्तार सभी राजनीतिक बंदियों, व्यापारियों, नागरिक समाज के सदस्यों की रिहाई की मांग शामिल है। उन्होंने सभी छात्रों और बच्चों को रिहा करने की मांग की, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और विभिन्न जेलों या पुलिस स्टेशनों में हिरासत में रखा गया है।

संसद की स्थाई समिति के पास भेजा गया एनआरआई विवाह पंजीकरण विधेयक

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवासी भारतीय पुरुषों के लिए शादी के 30 दिन के भीतर विवाह के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने के लिए लाए गए एक विधेयक को संसद की विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति के पास भेज दिया गया है। प्रवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019 में पासपोर्ट अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि अगर कोई एनआरआई अपनी शादी के 30 दिनों के भीतर विवाह का पंजीकरण कराने में असफल रहता है तो उसके पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज को जब्त या रद्द किया जा सकता है। लोकसभा सचिवालय ने एक बुलेटिन में बताया, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा सभापति के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद प्रवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019, जिसे राज्यसभा में पेश किया जा चुका है, उसे विचार और दो माह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए विदेश मंत्रालय की स्थाई समिति के पास भेज दिया गया है।

प्रवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019 में पासपोर्ट अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि अगर कोई एनआरआई अपनी शादी के 30 दिनों के भीतर विवाह का पंजीकरण कराने में असफल रहता है तो उसके पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज को जब्त या रद्द किया जा सकता है।

भारतीय महिलाओं के प्रवासी भारतीयों के साथ विवाह में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर राज्यसभा में यह विधेयक इस साल फरवरी में लाया गया था, जिसमें ऐसी शादियों का पंजीकरण 30 दिन के भीतर कराना अनिवार्य है। अगर एनआरआई पुरुष तय समय के दौरान शादी का पंजीकरण नहीं कराता है, तो उसके पासपोर्ट को जब्त या रद्द किया जा सकता है। इसके अलावा, यह अदालतों को अधिकार देता है कि घोषित अपराधियों या जो लोग वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में हाजिर नहीं होते हैं, उनकी संपत्तियों को कुर्क किया जा सकता है। इस विधेयक के अनुसार प्रस्तावित कानून भारतीय महिलाओं के साथ भारत के भीतर या बाहर शादी करने वाले एनआरआई पुरुषों पर लागू होगा।

एनजीटी ने

रामपुर में अवैध बालू खनन पर 9.16 करोड़ का जुर्माना लगाया

- निर्धारित सीमा से अधिक खोदाई के चलते लगाया गया जुर्माना

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में कोसी नदी से निर्धारित सीमा से अधिक खुदाई कर पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचाने के लिए बालू खनन के एक पट्टाधारक को 9.16 करोड़ रुपए हर्जाना चुकाने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति रघुवेंद्र एस राठौड़ की अध्यक्षता वाली एनजीटी की पीठ ने जुर्माना लगाते हुए कहा कि जमीन पर पट्टों का सीमांकन नहीं किया गया और भारी मशीनों के जरिए खुदाई की गई। यह सतत बालू खनन दिशा-निर्देश 2016 का उल्लंघन है।पीठ ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की एक रिपोर्ट के आधार पर दंडात्मक कार्वाई की। पट्टाधारक नीरज चतुर्वेदी को भारी मशीनों के जरिए तय सीमा से ज्यादा बालू खुदाई का दोषी पाया गया।एनजीटी ने चतुर्वेदी को हर्जाने के तौर पर 15 दिन के भीतर सीपीसीबी को 9,16,61,677 रुपए अदा करने को कहा।पीठ में विशेषज्ञ सत्यवान सिंह गरबयाल भी थे। पीठ ने सीपीसीबी को उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वहां पर छह माह के भीतर पूर्व की स्थिति बहाल करने के काम के लिए 9,42,720 रुपए भी देने को कहा।अधिकरण पर्यावरण कार्यकर्ता मुस्तफा हुसैन की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि वह नियम-शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं और चतुर्वेदी को प्रदान की गई पर्यावरण मंजूरी रद्द करने की मांग की गई थी।

दो ट्रकों की चपेट में आने से ऑटोरिक्शा सवार छह लोगों की मौत, तीन घायल

शिवपुरी। जिले के कोलारस थाना अंतर्गत पूरनखेड़ी टोल प्लाजा के पास सोमवार को दो ट्रकों की चपेट में आने से ऑटोरिक्शा सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। कोलारस थाना प्रभारी सतीश चौहान ने बताया कि कोलारस से सवारी भरकर एक ऑटोरिक्शा लुकवासा जा रहा था। यह जब पूरनखेड़ी टोल प्लाजा के पास मोहराई मार्ग पहुंचा तो पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने इसे जोरदार टक्कर मार दी।उन्होंने कहा कि इस ट्रक की टक्कर से ऑटोरिक्शा आगे जा रहे एक अन्य ट्रक में जा घुसा।चौहान ने बताया कि मृतकों की पहचान हरविलास गोयल मुकेश गोयल माखन रघुवंशी, अरविंद धाकड़ और ऑटोरिक्शा चालक चम्पालाल के रूप में हुई है, जबकि एक मृतक की पहचान अभी शेष है।

मणिपुर सरकार ने इम्फाल में ऊंची इमारतें बनाने को मंजूरी दी

- विशेषज्ञों और वास्तुविदों से विचार विमर्श के बाद लिया गया फैसला

एजेंसी। इम्फाल

मणिपुर सरकार ने इम्फाल नगर निगम (आईएमसी) की सीमा में सात मंजिल तक इमारतें बनाने की मंजूरी दे दी है। इससे पूर्व, निगम क्षेत्र में सिर्फ तीन मंजिल तक इमारत निर्माण की ही इजाजत थी।

निगम प्रशासन, आवासीय एवं शहरी विकास विभाग के मंत्री टी. श्यामकुमार ने रविवार को कहा कि विशेषज्ञों और वास्तुविदों से विचार-विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया जिससे शहर के बाहरी इलाकों में कृषि भूमि पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, सात मंजिला इमारतें अब आईएमसी के सीमाक्षेत्र में बनाई जा सकेंगी लेकिन इसके लिए पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में आईएमसी का दायरा करीब 34.48 वर्ग किलोमीटर तक है।

श्यामकुमार ने कहा कि इमारतों की मंजिल को लेकर पहले की सीमा की वजह से उर्ध्वाधर विकास के बजाए क्षैतिज विस्तार हो रहा था जिससे जमीन पर काफी दबाव पड़ रहा था। मंत्री ने बिल्डरों से अनुरोध किया कि वे निर्माण के दौरान सुरक्षा प्रक्रियाओं और कानून का पूरी तरह से पालन करें क्योंकि मणिपुर भूकंपीय क्षेत्र में आता है। राज्य में बीते एक साल में कम से कम 32 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सात मंजिला इमारतों के लिए भूकंप रोधी होना अनिवार्य होगा।

राहुल के विदेश दौरे पर विवाद

कांग्रेस बोली- व्यक्तिगत जीवन का सम्मान होना चाहिए

एजेंसी। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश यात्रा पर जाने संबंधी खबरों की पृष्ठभूमि में पार्टी ने सोमवार को कहा कि भारतीय लोकतंत्र में सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत जीवन में अंतर करने की परंपरा रही है और ऐसे में सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने यह आरोप भी लगाया कि कुछ लोगों ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करके गांधी के विदेश जाने संबंधी खबरों को लेकर विवाद पैदा करने की कोशिश की है।

एसपीजी से जुड़े नियमों में बदलाव संबंधी खबरों को लेकर झा ने कहा कि इस बारे में सरकार की तरफ से लिखित जानकारी मिलने के बाद ही कांग्रेस आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी करेगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं में सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवन में हमेशा अंतर रखा गया है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान हमेशा होता रहा है। ये बात उन सभी के लिए लिए है जिन्होंने सूत्रों का हवाला देकर विवाद पैदा करने की कोशिश है। झा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की इस परंपरा का उन व्यक्तियों और संस्थाओं को भी सम्मान करना चाहिए, जो अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करके नेताओं की यात्राओं को सार्वजनिक करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने राहुल गांधी की कथित विदेश यात्रा पर टिप्पणी करने वालों पर तंज कसते हुए कहा, प्रगतिशील लोकतंत्र और उदार लोकतंत्र रातोंरात नहीं बनता। हम और आप ऊपर वाले की कठपुतली हो सकते हैं, लेकिन नीचे वाले की बन जाएं तो भगवान ही मालिक है।

इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को ट्वीट करके कहा, किसी इंसान के व्यक्तिगत जीवन को उसके सार्वजनिक जीवन से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। हमें हर किसी की निजता और आजादी की भावना का सम्मान करना चाहिए। आखिरकार यही तो एक प्रगतिशील और उदार लोकतंत्र की पहचान है। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार एसपीजी से जुड़े नियमों में बदलाव कर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की जासूसी की कोशिश कर रही है तो झा ने कहा, यह संवेदनशील मुद्दा है। हम किसी एक अखबार में छपी खबर पर प्रतिक्रिया नहीं देंगे। हमारे नेताओं तक कोई लिखित जानकारी आएगी, तब कोई प्रतिक्रिया दी जाएगी।

बिलासपुर में आयोजित रैली में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा का बीजेपी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने किया स्वागत

खरीफ उत्पादन 14 करोड़ 5.7 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी। मुंबई

मानसूनी वर्षा के इस बार 25 वर्षों में सबसे अच्छी रहने से 2019-20 के खरीफ मौसम में कुल खाद्यान्न उत्पादन, पिछले पांच वर्षों में औसत से 84 लाख टन ऊंचा हो कर 14 करोड़ 5.7 लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नेशनल बल्क हैंडलिंग कॉरपोरेशन (एनबीएचसी) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इस बार 84 प्रतिशत इलाकों में मानसून सामान्य या सामान्य से अधिक रहा है। बाकी क्षेत्रों में बारिश अपर्याप्त रही।

इसमें कहा गया है कि वर्ष 2019-20 में मॉनसून में बोई गई खाद्य फसलों का उत्पादन 14 करोड़ 5.7 लाख टन होने की उम्मीद है, जो पिछले पांच वर्षों में औसत उत्पादन से 84 लाख टन अधिक होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल धान का रकबा 2.80 प्रतिशत अधिक रहने का अनुमान है। पंजाब में पिछले साल की उच्च निर्यात मांग के कारण किसानों ने धान के 20-25 प्रतिशत खेत में गैर-बासमती चावल की जगह बासमती की खेती की है। एनबीएचसी के अनुसंधान और विकास प्रमुख हनीश कुमार सिन्हा ने एक बयान में कहा, बिहार, ओडिशा और कर्नाटक के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी स्तर के घटने के कारण धान के रकबे में सुधार लाने में मदद मिली है लेकिन धान की बुवाई में देरी हुई है जिससे उपज में 2.58 प्रतिशत कमी होने की उम्मीद है। मक्के की खेती का रकबा बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बड़े पैमाने पर आर्मीवार्म कीटों से प्रभावित होने के कारण उत्पादन में 5.75 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि ज्वार के खेती के रकबे और उत्पादन में क्रमश: 4.79 प्रतिशत और 0.61 प्रतिशत की गिरावट की उम्मीद है, जबकि बाजरे की खेती का रकबा 2.47 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन इसके उत्पादन में 4.69 प्रतिशत की गिरावट होने की उम्मीद है। दलहन के क्षेत्र में, अगस्त में व्यापक बरसात के कारण बुवाई के बढ़ने से अरहर और उड़द की खेती का रकबा पिछले साल के मुकाबले अधिक होने की उम्मीद है। सरकार ने भी इसके पुराने भंडारण का निपटान करना शुरू कर दिया है।

अरहर खेती का रकबा 1.69 प्रतिशत बढ़ने और उत्पादन में 21.27 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि होने की उम्मीद है। जबकि उड़द का उत्पादन 0.16 प्रतिशत कम रहने की उम्मीद है। सिन्हा ने कहा, हमें उम्मीद है कि मूंग खेती के रकबे में 4.66 प्रतिशत की वृद्धि होगी, लेकिन मप्र, महाराष्ट्र और राजस्थान में खेतों में बाढ़ के कारण उत्पादन में 17.23 प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है। तिलहनों में, घरेलू बाजार में अरंडी की बेहतर कीमत की वजह से अरंडी खेती का रकबा 5.32 प्रतिशत बढ़ने और

केवल क्रेन से ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कराने के निर्देश

भोपाल (एजेंसी)। भोपाल स्थित छोटा तालाब के खटलापुरा घाट पर भगवान गणेश की एक विशाल प्रतिमा के विसर्जन के दौरान पिछले महीने दो नावों के पलटने से 11 लोगों की डूबने से मौत होने के मद्देनजर मध्य प्रदेश सरकार ने निर्देश दिया है कि शहर में केवल क्रेन द्वारा ही माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार जनसम्पर्क मंत्री पी.सी. शर्मा ने जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छोटा तालाब के सभी विसर्जन घाटों पर केवल क्रेन द्वारा ही माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कराएं। यह सख्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि किसी भी घाट पर श्रद्धालु नाव से तालाब के बीच में जाकर विसर्जन नहीं करें। उन्होंने खटलापुरा घाट पर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया।

रावण के पुतले के निर्माताओं की उम्मीदों पर बारिश ने फेरा पानी

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान में आज देर तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण राजधानी के रावण पुतला निर्माताओं को विजयादशमी के एक दिन पहले अच्छे कारोबार की उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया जब बरसात के कारण सोमवार को तैयार पुतले बारिश के पानी में भीगने से खराब हो गए। आमतौर पर रक्षाबंधन के बाद रावण का पुतला बनाने का काम शुरू होता है, लेकिन अलग अलग समय पर लगातार बारिश की वजह के कारण शहर के अधिकतर पुतला निर्माताओं का कच्चा माल खराब हो जाने के कारण इस बार कम संख्या में रावण के पुतले तैयार हो पाए हैं।

रावण के पुतले पहले से ही कम बने थे और सोमवार को हुई बारिश के कारण दशहरे की पूर्व संध्या पर खुले में खड़े पुतले बारिश के पानी में भीग गए जिससे कुछ कारोबारियों की उम्मीद पर पानी फिर गया। शहर के गोपालपुरा बाईपास पर पुतला बनाने के लिए मशहूर रावण मंडी में पुतला बनाने वाले मुकेश नाथ ने बताया, पुतले बनाने के दौरान हुई बारिश के चलते हमें नुकसान उठाना पडा है कम संख्या में बने रावण के पुतलों से अच्छे कारोबार की उम्मीदों पर भी सोमवार की बारिश ने पानी फेर दिया।

एक अन्य रावण पुतला विक्रेता हेमराज ने बताया, बिक्री के चरम समय पर बारिश होने से अब तैयार रावण के पुतलों की बिक्री मुश्किल हो गई है। अब उन्हें कौन खरीदकर ले जाएगा ? लगता है कि इस बार का दशहरा रंगीन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिक्री आज से शुरू हुई थी और कुछ लोगों ने आसानी से परिवहन कर ले जाने वाले 2000-5000 तक की कीमत वाले 5-6 फीट से लेकर 15-20 फीट तक के विभिन्न आकारों के पुतले खरीदे हैं। रावण पुतला कारोबार से जुड़ी लीला ने बताया कि बिक्री से पहले बारिश ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। रावण मंडी, गुर्जर की थड़ी और आस-पास के क्षेत्र में लगभग 300 लोग पुतला बनाने में लगे हुए हैं। सड़क के दोनों किनारों पर सभी पुतला निर्माता खुले में पुतले तैयार करते हैं और तैयार पुतलों को खुले आकाश में बिक्री के लिए रखा जाता है। आमतौर पर परिवहन में आसानी के कारण 5-15 फीट ऊंचाई के पुतलों की मांग अधिक रहती है।

एक अन्य विक्रता ने बताया कि अधिकांश ग्राहक ऐसे हैं जो बाजार में तैयार उपलब्ध पुतलों की खरीदे हैं लेकिन कुछ समूह, बाजार संघ और सामुदायिक केन्द्रो के पदाधिकारी आर्डर देकर रंगीन पुतलों का निर्माण करवाते है। राजस्थान में इस वर्ष असामान्य वर्षा (60 प्रतिशत या अधिक) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले कुल 33 में से 23 जिलों में असामान्य वर्षा हुई है।

बाढ़ सहायता पर देवगौड़ा करेंगे प्रदर्शन का नेतृत्व

बेंगलुरू (एजेंसी)। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा ने सोमवार को कहा कि वह बाढ़ राहत सहायता पर केंद्र की बेरुखी के खिलाफ 10 अक्टूबर को फ्रीडम पार्क से राज्य सचिवालय विधानसौध तक प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। जद(एस) सुप्रीमो ने कहा कि राज्य सरकार ने 35,000 करोड़ रुपए की मांग की थी लेकिन केंद्र ने केवल 1200 करोड़ रुपए जारी किए। इससे कोई भी मकसद पूरा नहीं होगा।

देवगौड़ा ने चिकबल्लापुर जिले के कैवाड़ा में संवाददताओं से कहा, विधानसभा सत्र 10 अक्टूबर से शुरू होगा। बाढ़ पीड़ितों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने के लिए केंद्र के खिलाफ हम गांधी प्रतिमा से फ्रीडम पार्क तक मार्च निकालेंगे। उन्होंने कहा, मैं गांधी प्रतिमा से फ्रीडम पार्क तक पदयात्रा में शामिल रहूंगा। हमारे सभी नेता और बाढ़ प्रभावित लोग रैली में हिस्सा लेंगे। देवगौड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी संसद और कर्नाटक विधानसभा के अंदर- बाहर प्रदर्शन करेगी।

कोलकाता में दुर्गा पूजा महोत्सव में तृणमूल कांग्रेस की सांसद व अभिनेत्री नुसरत जहां ने किया नृत्य

ट्रांसपोर्टर हड़ताल से ईंधन की किल्लत, पेट्रोल पंपों पर लगीं वाहनों की लम्बी कतारें

एजेंसी। इंदौर

मध्यप्रदेश में ट्रांसपोर्टरों की तीन दिन से जारी हड़ताल से सूबे की आर्थिक राजधानी इंदौर में पेट्रो ईंधनों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। नतीजतन पेट्रोल पम्पों पर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें देखी जा रही हैं। सूत्रों ने बताया कि शहर के 95 पेट्रोल पम्पों में से करीब 50 फीसद में रविवार रात ईंधन स्टॉक खत्म हो गया। सोशल मीडिया पर ईंधन की किल्लत की खबरें फैलते ही घबराए लोगों ने पेट्रोल पम्पों का रुख किया जिससे वहां वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं।

इसके बाद जिला प्रशासन ने हरकत में आते हुए सोमवार को पेट्रोल पम्प संचालकों की बैठक बुलाई और हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि शहर के ईंधन पम्पों को आपूर्ति के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) से 80 टैंकर पेट्रोल-डीजल मंगाया गया है। जिलाधिकारी लोकेश कुमार जाटव ने संवाददाताओं से कहा, शहर के जिन पेट्रोल पम्पों में ईंधनों का स्टॉक खत्म हो गया है, वहां स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी।

उन्होंने आगाह किया कि शहर में ईंधन के संकट को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहें और अपुष्ट सूचनाएं पोस्ट करने पर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, हड़ताली ट्रांसपोर्टर अपने रुख पर अडिग हैं। मध्यप्रदेश ट्रक व ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने कहा, हमारी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

मोदी-शी की अनौपचारिक शिखर बैठक में संबंधों के विस्तार पर रहेगा जोर

एजेंसी। नई दिल्ली

तमिलनाडु स्थित मंदिरों के शहर मामल्लापुरम में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता के दौरान कई मुद्दों पर मतभेद के बावजूद द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। भारत या चीन की तरफ से अभी तक शी की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन ऐसी खबर है कि चीन के राष्ट्रपति शुक्रवार की दोपहर में चेन्नई आएंगे और अगले दिन लौट जाएंगे। इस अनौपचारिक शिखर वार्ता की तैयार में शामिल अधिकारियों ने बताया कि शी करीब 24 घंटे भारत में रहेंगे। मुख्य अनौपचारिक शिखर वार्ता के शनिवार सुबह होने की उम्मीद है।

राजनयिक सूत्रों ने बताया कि बातचीत मुख्य रूप से परस्पर विकास

फाइल फोटो

और संबंधों को बढ़ावा देने पर केन्द्रीत होगी। चीन के वुहान शहर में हुए पहले अनौपचारिक शिखर वार्ता की तरह ही यहां भी दोनों नेताओं को एक-दूसरे के साथ अकेले वक्त बिताने के कई मौके मिलेंगे। उस दौरान दोनों देशों के कोई अधिकारी उनके साथ मौजूद नहीं होंगे।

मामल्लापुरम में मोदी संभवत: शी को 7वीं और 8वीं सदी में पल्लव वंश द्वारा बनाए गए मंदिर और स्मारक दिखाएंगे। दोनों नेता संभवत: 11 अक्टूबर की शाम समुद्र किनारे स्थित मंदिर को देखेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेंगे। शाम को मोदी राष्ट्रपति शी के लिए निजी भोज का आयोजन करेंगे। इस शिखर बैठक ऐसे वक्त पर हो रही है जब भारत कश्मीर मुद्दे पर चीन के रूख से निराश है।

कुमारस्वामी ने कर्नाटक सरकार पर साधा निशाना

बेंगलुरू (एजेंसी)। जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच डी कुमारस्वामी ने बाढ़ की वजह से अपनी फसल और रोजी-रोटी गंवाने वाले किसानों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करने के लिए कर्नाटक की भाजपा नीत सरकार की सोमवार को आलोचना की। कुमारस्वामी ने विशेष तौर पर चिकमगलुरू जिले के किसानों की बदहाली का जिक्र किया। जिले में बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर खड़ी फसलें तबाह हो गई थीं और इस सदमे में दो किसानों ने खुदकुशी कर ली। उन्होंने किसानों का साथ नहीं देने के लिए उडूपी-चिकमगलुरू की भाजपा सांसद शोभा करंदलाजे की भी आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने ट्वीट कर कहा, बाढ़ के कारण चिकमगलुरू में हजारों परिवार बर्बाद हो गए। सरकार से राहत नहीं मिलने के कारण किसान खुदकुशी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, चिकमगलुरू की सांसद को किसानों की मदद करनी चाहिए।

पटना के पूजा पंडाल में चित्रों के जरिए बाढ़ की स्थिति को दर्शाया गया

एजेंसी। पटना

बिहार की राजधानी पटना में किसी खास विषय पर आधारित अनूठी झांकी के लिए प्रसिद्ध एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस बार वहां आई बाढ़ की स्थिति को दर्शाया गया है, जिसमें लोग सीने तक पानी में डूबे हुए हैं और सिर पर अपना सामान ले जा रहे हैं। पटना सिटी के बालकिशुनगंज इलाके में करीब एक सदी पुरानी राष्ट्रीय पूजा समिति द्वारा बनाए गए पंडाल में चमकदार सफेद साड़ी में अद्भुत छवि वाली भारत माता को उनके रक्षक शेर के साथ दर्शाया गया है।

पटना सिटी, पटना का पुराना और ऐतिहासिक क्षेत्र है, जहां शहर की मध्यकालीन और उपनिवेशकालीन विरासत जगह-जगह बिखरी हुई है। राजधानी के दूसरे इलाकों के मुकाबले यह क्षेत्र उंचाई पर स्थित है और यह हाल में आई बाढ़ से प्रभावित नहीं हुआ। यहां बड़ी संख्या में पंडाल बनाए गए हैं। पूजा समिति के आयोजकों में शामिल राहित यादव ने बताया, हम सौभाग्यशाली हैं कि पटना सिटी में बाढ़ नहीं आई। लेकिन हमें पता है कि राजेंद्र नगर, कंकरबाग, नाला रोड, एस के पुरी, बाजार समिति के लोग किन हालात से जूझ रहे हैं, जहां गंदा पानी अभी भी भरा हुआ है।

प्रसिद्ध अशोक राज पथ में स्थित पंडाल में भारत माता की मूर्ति बनाई गई है। इस पंडाल में पिछले 20 साल से भारत माता की मूर्ति बनाई जा रही है। पटना में बाढ़ के हालात को दर्शाने वाला यहां एक पोस्टर भी लगाया गया है। एक सूचना पट में प्रभावित क्षेत्रों के नाम भी लिखे गए हैं। यादव ने बताया, हम केवल इस स्थिति का चित्रण नहीं कर रहे हैं। हम अपने घरों में फंसे लोगों के लिए दुखी हैं। लगातार बारिश के बाद 30 सितंबर को आई बाढ़ के बाद हमने उन्हें भोजन और अन्य राहत सामग्री भी प्रदान की। बिहार में बाढ़ संबंधी घटनाओं में करीब 100 लोग मारे गए हैं। बाढ़ के हालात के अलावा पंडाल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का श्वेत-श्याम चित्र भी लगाया गया है। उसके साथ ही बीते महीनों के दौरान दिवंगत हुए कई नेताओं सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, शीला दीक्षित और जगन्नाथ मिश्र के चित्र भी लगाए गए हैं। पूजा समिति के सह-आयोजक संजय कुमार ने कहा, हम चाहते हैं कि इन नेताओं को याद किया जाए और इसलिए हमने इस पूजा के लिए यह विषय लिया और हमारे कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है। इसके साथ ही ए साल महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष भी है, इसलिए हमने एक कलाकृति के जरिए महात्मा को श्रद्धांजलि दी है।

डिब्रूगढ़ (असम) में एक दुर्गा पूजा पंडाल को चंद्रयान-2 के रूप में बनाया गया है

बांग्लादेश से संबंध

हानिकारक है घुसपैठियों पर मचा शोर

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत से ऐतिहासिक संबंधों का सम्मान करने का आश्वासन देते हुए असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी पर पैदा बेचैनी दूर करने का प्रयास किया। लेकिन संचार, निवेश, ऊर्जा व ढांचागत परियोजनाओं तक विस्तृत आर्थिक सहयोग के साथ ही उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को एक प्रकार से पुन: परिभाषित भी किया। नए यथार्थ ने हमें चीन के साथ प्रतियोगिता में खड़ा कर दिया है जो पिछले वर्षों में बांग्लादेश का एक बड़ा व्यापार सहयोगी बन गया है। लेकिन बहुपक्षीय दुनिया में हम किसी को नाराज नहीं कर सकते हैं। नेपाल और श्रीलंका में भी चीन के साथ यही प्रतियोगिता दिखी है। चीन सबसे छोटे देशों को ढांचागत परियोजनाओं में सहायता तथा उनकी अर्थव्यवस्था को कर्ज से लाद कर अपने समर्थन में ला रहा है। बांग्लादेश में एनआरसी पर चिन्ता है क्योंकि भारतीय राजनेता बार-बार 'घुसपैठियों' व 'बांग्लादेशियों' की बात कह रहे हैं। लेकिन इस मामले कुछ मतभेद भी हैं। गृह मंत्री जहां सभी घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेजने की बात कहते हैं, वहीं विदेश मंत्री एस.जयशंकर का बयान इससे अलग है। बांग्लादेश भारत में उग्र हिंदूवादियों के बयानों से भी असहज है। उनके द्वारा बांग्लादेशियों के लिए 'दीमक' जैसे शब्दों का प्रयोग अपमानजनक है क्योंकि भारत ने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में सहायता की थी। इसके अलावा तीस्ता जल साझीदारी पर समझौता नहीं हुआ है तथा भारत म्यांमार से आने वाले रोहिंग्याओं पर खामोश है। इन मुद्दों पर एक प्रकार के गतिरोध से तनाव और दबाव है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पड़ोसी राजनय में बांग्लादेश का प्रमुख स्थान है क्योंकि वह तटीय देश है तथा हिंद महासागर में हमारे लिए

महत्वपूर्ण है। चीन की नजर चिटगांव बंदरगाह पर है और उसे वह समुद्री रेशम मार्ग में शामिल करना चाहता है। मोदी और हसीना की संरा. महासभा बैठक के समय न्यूयार्क में मुलाकात हुई, लेकिन बांग्लादेश आतंकवाद के प्रति 'पूर्ण अस्वीकार' की भारतीय नीति के अधिकांश इस्लामी देशों द्वारा समर्थन से दूर रहा। हालांकि, उसने अनुच्छेद 370 समाप्त करने को भारत का आंतरिक मामला बताया। बांग्लादेश का बिमस्टेक में महत्वपूर्ण स्थान है। नेपाल व श्रीलंका के चीन की ओर खिसक जाने के बाद हमें ढाका की आवश्यकता है। नेपाल में हाल में भारत-विरोधी भावनायें तेज हुई हैं और वह भारत पर अपनी निर्भरता घटा रहा है। चीन बांग्लादेश की ऊर्जा आवश्यकतायें पूरी करने के लिए वहां दो बड़ी बिजली परियोजनायें शुरू कर उम्मीद कर रहा है। स्पष्ट है कि वह ऊर्जा बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करेगा। दूसरी ओर बांग्लादेश भी चीन से लाभ उठाना चाहता है। भारत इस स्थिति को अनदेखा नहीं कर सकता है।

शेख हसीना ने चीन को आर्थिक तथा भारत को भू-राजनीतिक साझीदार कह कर दोनों देशों के बीच समान दूरी रखने का प्रयास किया है। लेकिन चीन उस समय तक निवेश के पक्ष में नहीं है, जब तक बांग्लादेश उसकी बेल्ट व रोड पहल में दिलचस्पी नहीं दिखाता है। यदि बांग्लादेश चीनी कर्ज के जाल में फंस कर भारत के मामले में चीन के राजनयिक मार्ग का अनुसरण करे तो यह चिन्ता की बात होगी। शेख हसीना भारत के साथ आर्थिक सहयोग को विस्तार देना चाहती हैं और उन्होंने ज्ञान व तकनीकी अर्थव्यवस्था में निवेश का अनुरोध किया है। मोदी सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति सफल बनाने में बांग्लादेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। लेकिन वर्तमान समय में बांग्लादेश को भारत से मित्रता का मुखर आश्वासन चाहिए।

लाभकारी है सौर ऊर्जा का प्रयोग

सौर ऊर्जा का प्रयोग लाभदायक है हालांकि, 2022 तक 100 गीगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समग्र विनिर्माण रणनीति आवश्यक है। इसके लिए हम केवल आयातों पर निर्भर नहीं रह सकते।

के के पॉल
लेखक पूर्व पुलिस आयुक्त एवं पूर्व राज्यपाल हैं)

हाल ही में अमेरिका में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई सम्मेलन, 2019 में भाषण देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'हमारा विश्वास है कि बड़े-बड़े उपदेशों की तुलना में छोटी सी कार्रवाई ज्यादा महत्वपूर्ण है'। उन्होंने घोषणा की कि भारत ने सौर ऊर्जा के उपयोग का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा की 175 गीगावाट-जीडब्लू अवस्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे 2030 तक बढ़ा कर 450 जीडब्लू किया जा सकता है। सरकार ने पहले 2022 तक 20 जीडब्लू का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे अंतिम समय से चार साल पहले प्राप्त कर लिया गया। इस प्रदर्शन से उत्साहित होकर 2015 में लक्ष्य बढ़ा कर 100 जीडब्लू किया गया जिसे और बढ़ाने की घोषणा प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में की।

यह लक्ष्य पूरा करने के लिए अनेक परियोजनाओं पर क्रियान्वयन विभिन्न चरणों में हैं जिनमें सोलर पार्क, अल्ट्रा मेगा सोलर ऊर्जा परियोजनायें, नहर सोलर ऊर्जा परियोजना तथा किसानों के लिए 1,00,000 सोलर पंप लगाना शामिल है। देश भर के लगभग 50,000 पेट्रोल पंपों को सौर ऊर्जा से संचालित करने की योजना है तथा 3,000 पेट्रोल पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जा चुका है। इस तथ्य को देखते हुए कि भारत दुनिया में कार्बन डाईआक्साइड का चौथा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, सौर ऊर्जा बहुत सहज विकल्प है। सौभाग्य से भारत में सौर ऊर्जा बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन चुनौती सौर फोटोवोल्टिक सेल-पीवी खरीदने की है जो हमारे द्वारा पूरी क्षमता प्राप्त करने के रास्ते में एक बड़ी बाधा है। संसदीय स्थाई समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार 2022 तक 100 जीडब्लू सौर बिजली का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की अवस्थापित क्षमता 2017-18 तक 32,000 मेगावाट होनी चाहिए थी। लेकिन 31 जनवरी, 2018 तक देश की क्षमता केवल 18,455 मेगावाट थी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की स्थाई समिति के अनुसार केवल चार वर्षों में हमें 81,545 मेगावाट क्षमता स्थापित करनी होगी जिसका अर्थ प्रति वर्ष 20,000 मेगावाट है। इसे प्राप्त करना कठिन है।

इस पूरे कार्यक्रम में गंभीर बाधा सौर पैनलों के स्वदेशी निर्माण का खराब रिकार्ड है। वर्तमान समय में चीन एकमात्र ऐसा देश है जो अधिकांश वैश्विक पीवी सेल की मांग पूरी करता है तथा सबसे सस्ते सौर पैनल बनाता है। किसी देश के लिए इतनी कम कीमत पर सौर पैनल बनाना संभव नहीं है। इससे यह स्थिति पैदा हुई है कि चीन का इस क्षेत्र में लगभग एकाधिकार है और दीर्घकालीन रूप से यह बात ठीक नहीं है। हमारा आयात अधिकांशत: चीन से हैं जो 2017 में कुल बिक्री का 90 प्रतिशत था। यह आयात 2014 की तुलना में 86 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार विडंबना है कि सौर ऊर्जा तथा तेल के मामले में हम वर्तमान समय में आयातों पर अत्यधिक निर्भर हैं।

दुनिया की कुल सौर ऊर्जा अवस्थापना क्षमता पिछले साल लगभग 500 जीडब्लू तक पहुंची थी। यह 2030 तक दस गुना बढ़ कर 3,000 से 5,000 जीडब्लू तक पहुंच जाएगी। अगले 30 वर्षों में यह मांग सौ गुना बढ़ जाएगी जिसका मुख्य लाभ चीन को मिलेगा। रणनीतिक रूप से भारत के लिए चीनी एकाधिकार का निरंतर पोषण ठीक नहीं होगा क्योंकि इससे वैश्विक स्थिति में गंभीर असंतुलन पैदा हो सकता है। इसके लिए पीवी निर्माण उद्योग के व्यापक विस्तार तथा इसमें निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। निकट भविष्य में हाइड्रोकार्बन संसाधन बहुत कम हो जाएंगे और इसलिए बिजली संचालित वाहनों-ईवी पर जोर दिया जा रहा है। इनकी चार्जिंग सीधे पीवी सेलों से की जा सकती है। इससे न केवल कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जन का स्तर घटेगा, बल्कि फासिल ईंधनों पर हमारी निर्भरता भी घटेगी।

इस पूरे कार्यक्रम में गंभीर बाधा सौर पैनलों के स्वदेशी निर्माण का खराब रिकार्ड है। वर्तमान समय में चीन एकमात्र ऐसा देश है जो अधिकांश वैश्विक पीवी सेल की मांग पूरी करता है तथा सबसे सस्ते सौर पैनल बनाता है। किसी देश के लिए इतनी कम कीमत पर सौर पैनल बनाना संभव नहीं है। चीन का इस क्षेत्र में लगभग एकाधिकार है

इस स्थिति को यथार्थ में बदलने के लिए हमें लीथियम-आयन बैटरियों में निवेश शुरू करना होगा। इस मामले में भी चीन हमसे बहुत आगे है। इसलिए हमें विकल्प तलाशने की आवश्यकता है। लीथियम आयन बैटरियां पीवी सेलों के उपयुक्त हैं। कारों योग्य उनकी क्षमता समाप्त होने के बाद उनका पुन: प्रयोग घरेलू सौर बैटरियों के रूप में किया जा सकता है। आने वाले वर्षों में सौर पैनलों की मांग में नाटकीय वृद्धि होनी अपरिहार्य है। भारत जैसे घने बसे देश में सौर प्लांट लगाने के लिए भूमि की उपलब्धता एक बड़ी समस्या हो सकती है। अनुमान लगाया गया है कि 1 मेगावाट का सौर बिजली प्लांट लगाने के लिए दो से तीन हेक्टर जमीन की आवश्यकता होती है। पतले फिल्म आधारित सौर पैनलों के मामले में जमीन की यह आवश्यकता चार से पांच हेक्टर हो सकती है। सौर ऊर्जा पार्क स्थापित करने के लिए बंजर जमीनों या खेती के अनुपयुक्त अन्य जमीन का प्रयोग किया जा सकता है जो खेती के योग्य न हो।

इन पार्कों में सौर पैनलों की क्षमता में सुधार करने के लिए एक ट्रैकिंग व्यवस्था प्रयोग हो सकती है जिससे वर्तमान डिजाइन में दिशा की समस्या दूर होगी। सोलर ट्रैकर एक उपकरण है जिसका प्रयोग पैनल को सूरज की ओर मोड़ने के लिए होता है। चपटे पैनल वाले पीवी सिस्टमों में सोलर ट्रैकर सुनिश्चित करता है कि सूरज की किरणें सही दिशा से पैनल पर पड़ें। सोलर ट्रैकर से फिट पीवी पैनल की क्षमता में काफी सुधार होता है। एक डुएल एक्सिस ट्रैकर दो धुरियों पर घूमता है और सूरज को ऊर्ध्वाधर व क्षैतिज रूप से सूरज की किरणों पर केन्द्रित होता है ताकि पैनल पर सूरज की अधिकाधिक किरणें पड़ें। इससे पैनल की क्षमता में लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि होती है। लेकिन राजस्थान जैसे क्षेत्रों में जहां भूमि उपलब्ध है वहां धूल एक समस्या है। एक समय के बाद धूल के कारण सौर पैनलों की क्षमता घट जाती है।

लेकिन सब कुछ समाप्त नहीं हुआ है क्योंकि हमें चीन पर पूर्णत: निर्भर होने की आवश्यकता नहीं है। सीधे बिजली पैदा करने के लिए सोलर-थर्मल रास्ता भी अपनाया जा सकता है। पैराबोलिक शीशों की एक श्रंखला से सूरज की किरणों को सही जगह केन्द्रित कर समुचित गरमी पैदा की जा सकती है। इससे बनाई जाने वाली भाप टर्बाइन घुमा कर बिजली पैदा कर सकती है।

वर्तमान समय में इस तकनीक का प्रयोग अमेरिका के कैलीफोर्निया, इस्राइल, स्पेन व जर्मनी में किया जा रहा है। भारत में भी ऐसे दो प्लांट राजस्थान में काम कर रहे हैं तथा अन्य 6 का निर्माण कार्य चल रहा है। ये सभी निजी क्षेत्र में हैं। इस वर्ष जनवरी में दिल्ली के ठीक बाहर थर्मल तरीके से सौर ऊर्जा प्राप्त करने के लिए माडल प्रायोगिक प्लांट का उद्घाटन किया गया है जो अपनी 50 प्रतिशत क्षमता से काम कर रहा है। सौर ऊर्जा का लाभ उठाने के लिए स्वदेशी सौर निर्माता सुविधायें विकसित करना जरूरी हो गया है। इस पर प्राथमिकता से ध्यान देना चाहिए।

हांगकांग में जारी हैं चीन विरोधी प्रदर्शन

गुड्रन डायर
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

हांगकांग में लगातार हिंसक होते विरोध प्रदर्शनों के बीच 17वें निरंतर सप्ताहांत के पश्चात, पहले प्रदर्शकारी को पिछले सप्ताह गोली लगी थी। 18 वर्षीय छात्र, सांग ची किन, जो एक पुलिसकर्मी पर हमला करने वाले लगभग एक दर्जन छात्रों के समूह में शामिल था, को सीने में गोली लगी थी क्योंकि उसने धातु की किसी वस्तु से हमला किया था। उसके बच जाने की उम्मीद है। लगभग सौ हांगकांग वासियों, नागरिकों व पुलिसकर्मियों को उसी दिन झड़पों के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था जिन्हें बीजिंग स्थित हुकूमत दंगों की संज्ञा देती है। बीते महीनों में हिंसा ने तेजी पकड़ी है और कभी-कभी तो सड़कों पर जो चल रहा है यही उसका सटीक विवरण है। भले ही प्रदर्शनकारी सही दिशा में हों, वे निश्चित रूप से शुरुआत की तुलना में कम असिंहक हैं।

जो उल्लेखनीय है, यद्यपि इसका उल्लेख शायद ही कभी होता है, वह है पुलिस द्वारा बरता जाने वाला स्वनियंत्रण, जो यद्यपि हांगकांग की नगर सरकार द्वारा तैनात की गई है, मगर अंतत: बीजिंग में बैठी दमनकारी तानाशाही सत्ता के हितों का संरक्षण करती है। यह केवल एक प्रकार का सापेक्ष स्वनियंत्रण है, निश्चित रूप से, हम रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस की बात नहीं कर रहे हैं अथवा ब्रिटिश बॉबीज की, लेकिन कई महीनों से बढ़ती हिंसा के दौरान, उन्होंने अभी भी किसी की हत्या न करने का संकल्प बनाए रखा है। यहां तक कि पिछले सप्ताह, जब शेष चीन पीपुल्स रिपब्लिक की 70वीं वर्षगांठ मना रहा था, हांगकांग में प्रदर्शन जारी था मगर कोई मारा नहीं गया।

यह समझने के लिए कि यह किस हद तक उल्लेखनीय है, स्वयं से पूछें : अभी तक कितने प्रदर्शनकारी अमेरिकी पुलिस के हाथों मारे गए होते यदि पिछले चार महीनों से किसी बड़े अमेरिकी शहर की सड़कों पर हर सप्ताहांत समान रूप से हिंसक विरोध प्रदर्शन चल रहे होते? यह इसका प्रमाण नहीं है कि चीन के शासक कितने अच्छे हैं। यह इसका प्रमाण है कि वे कितने चिंतित हैं। वे प्रदर्शनकारियों से बहुत अधिक रियायतें न करने की हिम्मत करते हैं लेकिन वे उनके खिलाफ अधिक

बल प्रयोग करने से परहेज करना चाहते हैं, एक और तियानमैन चौक जैसा नरसंहार को अंजाम देना, अत: कहने का तात्पर्य है कि क्योंकि उन्हें लगता है कि इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वे इस बारे में सही सोचते हैं। जब ब्रिटेन ने हांगकांग उपनिवेश को 1997 में चीन के हाथों में सौंप दिया था, तो यह दुनिया में यह चीन की मुख्य वित्तीय खिड़की हुआ करता था। कहा गया था कि एक देश, दो व्यवस्थाएं अगले 50 वर्ष के लिए रहेंगी। यहां स्वतंत्र भाषण है, विधि का शासन है, और वे सभी सुविधाएं हैं जो शेष चीन में विद्यमान नहीं है, मगर अंतत: उसे बीजिंग के आगे झुकना होगा।

दो दशक बाद भी, वैश्विक वित्तीय केंद्र का उसका दर्जा हुकूमत के लिए एक बड़ा संसाधन है लेकिन कु छ लाल रेखाएं हैं जिन्हें राष्ट्रपति शी जिनपिंग कभी पार नहीं करेंगे, जैसे कि हांगकांग की जनता को स्वतंत्र चुनाव में अपनी सरकार चुनने का अवसर देना। और प्रदर्शनकारियों की मांगों में से एक यह मांग भी है, यद्यपि प्रारम्भ नहीं हुई थी मगर सरल रूप से ऐसा होने वाला नहीं है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के शासक हांगकांग में सावधानी से चुने गए अधिक गैर-कम्युनिस्ट कठपुतलियों के माध्यम से शासन करते हैं लेकिन वे करते जरूर हैं। जैसा कि, हांगकांग की मुख्य कार्यकारी, कैरी लैम, ने पिछले महीने बिजनसे नेताओं से एक निजी बैठक में कहा था कि उनकी कार्रवाई की स्वतंत्रता अत्यधिक सीमित है। नया प्रत्यर्पण कानून लाने के बाद वे पहली बार मुश्किल में फंसी थीं जिसमें हांगकांग निवासियों की चीन की मुख्य भूमि की अदालतों में सुनवाई हो सकती थी। जबकि वहां आरोपियों के पास बहुम कम अधिकार होते हैं तथा सजा मिलने की दर 99 प्रतिशत है। संभवत: उन्होंने यह निर्णय अपनी इच्छा के विरुद्ध लिया था पर इसके आदेश ऊपर से आए थे।

जब जनता का दबाव पड़ा तो उन्होंने हांगकांग की तुलनात्मक स्वतंत्रता के लिए समाप्ति का प्रारम्भ माना था। लैम संभवत: यह मामला समाप्त करना चाहती थीं, पर बीजिंग को इसकी अनुमति के लिए समझाने में उनका महीनों लग गए। जून में उन्होंने कानून खारिज किया और अगस्त में उन्होंने कहा कि यह समाप्त हो गया है। लेकिन, केवल सितम्बर की शुरुआत में ही उनको बीजिंग से इसे वापस लेने की अनुमति प्राप्त हुई। यह कदम बहुत छोटा तथा बहुत दूर से उठाया गया कदम था। उस समय तक समस्या विशेष कानून ने अलग हटकर हांगकांग में व्यापक लोकतंत्र की बढ़ती मांगों तक पहुंच गई थी। चीन के बाहर वाले अधिकांश लोगों की प्रदर्शनकारियों के साथ सहानुभूति थी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कम्युनिस्ट सरकार की पहली प्राथमिकता स्वयं को बचाए रखना है इसलिए वह चीनी धरती पर ऐसे किसी उदाहरण को फलने-फूलने का अवसर नहीं देना चाहती है।

हालांकि, प्रदर्शनकारियों की उनकी शुरुआती मांग के बारे में विजय मिली और प्रत्यर्पण कानून वापस ले लिया गया। लेकिन उनकी अन्य मांगे कभी मानी नहीं जाएंगी क्योंकि इससे कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्च सत्ता कमजोर होगी। समय आ गया है कि वे अपनी विजय का मजबूत करते हुए वार्ता की मेज से अलग हट जाएं। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो बीजिंग अंतत: उनके विरोध को कुचल देगा, भले ही इसके लिए चाहे जितना आर्थिक नुकसान क्यों न उठाना पड़े या छवि खराब हो जाए। अगस्त में चीन ने सैनिकों की संख्या दूनी कर हांगकांग को एक प्रकार से सैनिक छावनी में तब्दील कर दिया है। सैनिकों के बदले दूसरे सैनिक लाने की बात कही गई थी पर वहां से कोई सैनिक वापस नहीं गए। यदि चीजें इसी प्रकार चलती रहीं तो देर-सबेर इन सैनिकों का प्रयोग किया जाएगा।

आप की बात

क्रूरतापूर्ण कृत्य

लगभग एक सप्ताह पहले दो छोटे दलित बच्चों को मध्य प्रदेश के एक गांव में इस आरोप में पीट कर मार डाला गया कि वे ऊंची जाति के एक व्यक्ति के खेत में खुले में शौच कर रहे थे। दो छोटे बच्चों के साथ हुई यह घटना जल्दी ही आंखों से ओझल हो गई, पर इससे हमें भविष्य में भी व्यथित होना चाहिए। ऐसी स्थिति की कल्पना करें जब आप एक शहर से दूसरे शहर को अपने बच्चों के साथ सड़क मार्ग से जा रहे हों और मीलों तक कोई शौचालय सुविधा न मिले। यदि आपका बच्चा बीमार हो और उसे फौरन शौच करना पड़े। भले ही यह स्थिति आदर्श न हो, पर आपके सामने कोई विकल्प नहीं होगा और बच्चे को किसी खेत में शौच के लिए जाना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में उस भय या शर्म की कल्पना करें जिससे आपको गुजरना पड़ सकता है। अब उन करोड़ों भारतीयों की कल्पना करें जिनको रोज इस स्थिति से गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद आपसे कहा जा रहा है कि भारत ओडीएफ हो गया है। जिस भावकेडी गांव में दो छोटे बच्चों की हत्या हुई, उसे ओडीएफ घोषित किया गया था। इस प्रकार सरकार के अनुसार, इस गांव के हर घर में एक शौचालय था जिसे स्वच्छ भारत अभियान की व्यापक योजना के अंतर्गत बनवाया गया था।

– **विजय कुमार,** कानपुर

गांधी इसके या उसके

गांधी जी की डेढ़ सौ वीं जयंती पर एक होड़ सी लग गई है राजनीतिक दलों में गांधी को अपना बताने की। लेकिन सब भूल जाते हैं कि गांधी व्यक्ति नहीं एक संस्था है, दर्शन है, विचारधारा है और उस संस्था में जाने के लिए उसकी विचारधारा को अपनाना होगा और तब उसके दर्शन प्राप्त करने में सफलता प्राप्त होगी। हर दर्शन के दो पक्ष होते हैं स्याह और सफेद ,उनको समझने और समझाने के लिए लोगों के पास अपने-अपने तर्क और कुतर्क होते हैं। लेकिन जब किसी संस्था की प्रासंगिकता पूरे विश्व में सिद्ध हो चुकी हो, तो आज डेढ़ सौ साल बाद उस विषय पर बहस करना कतई उचित नहीं होता। मगर हमेशा गांधी की जयंती पर उनको लेकर बहस छिड़ जाती है। पक्ष और विपक्ष में मत व्यक्त किए जाते हैं। सत्ताधारी दल गांधी पर अपना दावा करने लगता है कि वहीं गांधी जी का सबसे बड़ा अनुयायी है। गांधी सही है या गलत इसको सिद्ध करना इतिहासकारों के बस की बात नहीं है, उसे समय ने स्वयं सिद्ध कर दिया है ,अब रही राजनीतिक दलों की बात ,यदि वे अपनी विचारधारा में गांधी को समावेशित करते हैं तो गांधी सबके हैं नहीं तो गांधी किसी के नहीं।

– **रमेश माहेश्वरी**, सुल्तानपुर

शिक्षकों का अभाव

बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी एक प्रमुख मुद्दा है। सरकारी स्तर पर शिक्षक नियोजन की प्रक्रिया जारी है। टीईटी उत्तीर्ण प्रशिक्षित अभ्यर्थियों से आवेदन लेने के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं पर नियोजन के लिए रोस्टर अब तक जारी नहीं हुए। भला ऐसे में बहाली कैसे हो पाएगी। शिक्षकों की समस्या को लेकर बिहार सरकार का रवैया बेहद अफसोसनाक है। बड़ी संख्या में भर्तियां लटका दी जाती हैं। अभयर्थी इधर से उधर दौड़ लगाते रहते हैं। बार-बार न्यायालय का सहारा लेना पड़ता है। रोस्टर प्रकाशित न होने से न सिर्फ अभ्यर्थियों में निराशा है बल्कि नियोजन ईकाई और संबंधित अधिकारियों में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नियोजन की तिथियाँ बार बार बढ़ाकर अभ्यर्थियों को सांत्वना तो दिया जा सकता है पर शिक्षित बेरोजगारों को न तो रोजगार मिल सकेगा और न ही विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी होगी। आखिरकार ये बिहार की नीतीश सरकार आंखों में धूल झोंकने से कब बाज आएगी।

– **मंज़र आलम**, मधेपुरा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

फरमाया

बरसात के कारण जनता को सड़कों पर होने वाली असुविधा को देखते हुए उनका बड़े पैमाने पर निरीक्षण हो रहा है।
– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

बाबूजी धीरे चलना, बड़े गड्ढे हैं इस राह में। इस गाने की तर्ज पर हम दिल्ली की सड़कों की स्थिति समझते हैं।
– **गौतम गंभीर**
पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद

मोदी फासिस्ट सरकार चला रहे हैं। उनका प्रशासन अडोल्फ हिटलर की तरह है। किसी को उनके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं है।
– **सिद्धारमैया**
कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री

योगी तीन दिन में 11 विधानसभा क्षेत्रों में करेंगे तूफानी दौरा

● उप चुनाव को लेकर पार्टी ने तय की रणनीति, 15,16 व 18 को मुख्यमंत्री का तय किया कार्यक्रम

● 14-15 को होंगे 1918 संगठनात्मक मण्डलों में चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महाराष्ट्र और हरियाणा में विधान सभा चुनाव में स्टार प्रचारकों में शामिल यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की धुआंधार जनसभाओं के बीच में यूपी में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में भी योगी की जनसभाओं का कार्यक्रम बनाया गया है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर उप चुनाव को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें चुनाव प्रचार तेज करने के साथ-साथ मंत्रियों, पदाधिकारियों का गांव स्तर तक दौरा तेज करने को कहा गया।

बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष जेपीएस राठौर ने बताया कि बैठक में विधानसभा उपचुनाव की रणनीति पर समीक्षा हुई तथा शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के कार्ययोजना पर चर्चा हुई। विधानसभा उपचुनाव में योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभाएं 15, 16 व 18 अक्टूबर को प्रदेश में होंगी।

15 अक्टूबर को कानुपर जिला की गोविन्दनगर, चित्रकूट की मानिकपुर, लखनऊ कैण्ट, प्रतापगढ़ की प्रतापगढ़ सदर विधानसभा में योगी की जनसभाएं होंगी। इसी प्रकार से 16 अक्टूबर को बाराबंकी जैदपुर, अम्बेडकरनगर जलालपुर, बहराइच बलहा, मऊ घोसी, 18 अक्टूबर को सहारनपुर की गंगोह, रामपुर, अलीगढ़ की इग्लास विधान सभा सीट में जनसभा होगी। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष, सभी क्षेत्रीय संगठन मंत्री तथा प्रदेश महामंत्रियों के साथ चुनाव को लेकर चर्चा की। प्रदेश चुनाव अधिकारी आशुतोष टण्डन ने बताया कि प्रदेश के सभी बूथों पर चुनाव सम्पन्न होने के बाद 14 व 15 अक्टूबर को प्रदेश के सभी संगठनात्मक 1918 मण्डलों में चुनाव होंगे। अब तक 1 लाख 63 हजार 331 बूथ समितियों का गठन हो चुका है। पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है जिसमें आन्तरिक लोकतंत्र है। इस समय पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पद यात्रा के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भारत, जल संरक्षण व संवर्धन एवं वृक्षारोपण जैसे अभियानों को जनता के बीच में जाकर जनआन्दोलन के रूप में कार्य कर रहे है।

राज्यपाल ने दुर्गा पूजा व विजयदशमी पर्व की दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नवमी, दुर्गा पूजा एवं विजयदशमी दशहरा पर्व पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की और अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता है। हम सभी को पर्वों को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीब एवं दुखी व्यक्तियों की सहायता कर हमें उनके जीवन में खुशियां लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व देश में परम्परागत भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान श्रीराम का जीवन भलाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है।

आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं राम: योगी

● विजयदशमी पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी के पर्व की हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था।

अपने संदेश में सीएम ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सम्पूर्ण भारत में परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण हेतु समर्पित थे। नैतिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। विजयदशमी का पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है। विजयदशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने आतंक, अन्याय एवं अधर्म के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त की थी।

विजयदशमी शक्ति उपासना का उत्सव है। नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके भक्तों में शक्ति का संचार होता है। भगवान राम के समय से यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न वर्गों की सहभागिता से सामाजिक समरसता सुदृढ़ होती है।

उन्होंने प्रदेशवासियों से इन पर्वों को पारस्परिक सद्भाव एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील भी की है।

बीजेपी संगठन ने भी दी शुभकामनाएं

लखनऊ। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। आज ही के दिन भगवान श्री राम ने बुराई के प्रतीक रावण का वध किया था। आज ही के दिन भगवती माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि यह पर्व हमें भगवान राम के सिद्धान्तों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का संदेश देता विजयादशमी का पर्व सदमार्ग पर चलने और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। बंसल ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। अंहकार, अन्याय और अवगुणों से दूर रहकर मानवकल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

त्योहारों पर होगी पर्याप्त बिजली की व्यवस्था

गांवों से लेकर शहरों तक होगी 24 घंटे आपूर्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

दीपावली पर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। बाजारों की रौनक और अंधेरा दूर करने के लिए सरकार जनपदों के साथ-साथ गांवों में भी 24 घंटे बिजली की आपूर्ति देगी। यूपी पॉवर कारपोरेशन ने इसके लिए अतिरिक्त बिजली आपूर्ति के इंतजाम किए हैं।

यूपी पावर कारपोरेशन के जारी शेड्यूल के मुताबिक दुर्गा पूजा, दशहरा से लेकर दीपावली तक गांवों में बिजली कटौती नहीं होगी। इस दौरान स्थानीय फाल्ट या ब्रेकडाउन अधिक न हों, इसके लिए स्थानीय अधिकारियों को पहले से तैयारियों के लिए निर्देशित किया गया है। गैंग की संख्या अधिक रखने और सभी जरूरी उपकरणों का इंतजाम पहले से करने के लिए कहा गया है। पिछले दिनों बारिश के बाद बिजली की मांग काफी नीचे चली गई थी लेकिन अब एक बार फिर डिमांड 15 से 16 हजार मेगावाट के बीच पहुंच गई है।

अधिकारियों का मानना है कि निर्बाध आपूर्ति के लिए लगभग 19 से 20 हजार मेगावाट बिजली की जरूरत होगी यदि मौसम थोड़ा ठंडा रहा तो डिमांड कम होगी, हालांकि तैयारी 20 हजार मेगावाट आपूर्ति के लिए की गई है। प्रमुख सचिव ऊर्जा आलोक कुमार ने बताया कि पूरे प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। ब्रेकडाउन जल्द से जल्द ठीक करने के लिए कहा गया है।

राजधानी के एक पूजा पंडाल में भक्तिभाव के साथ मां के सामने दीपक जलाती एक श्रद्धालु पायनियर

दारोगा के पांच हजार से अधिक पदों पर 19 से शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड सब इंस्पेक्टर (दारोगा) के 5623 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 19 अक्टूबर से प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू हो जाएगी।

भर्ती बोर्ड ने कहा है कि सब इंस्पेक्टर के पद पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन करने का बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। भर्ती बोर्ड के मुताबिक नवंबर के अंत अथवा दिसंबर की शुरूआत में लिखित परीक्षा कराई जाएगी। अगले साल फरवरी 2020 के फरवरी माह में शारीरिक परीक्षा होगी। सब इंस्पेक्टर पद के लिए दावेदारों को किसी भी मान्यता प्राप्त कालेज अथवा विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। अनारक्षित श्रेणी से संबंधित आवेदकों की आयु 21 से 28 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वे आवेदक जिनकी आयु 28 वर्ष से अधिक है, वे आवेदन करने के पत्रा नहीं होंगे। आरक्षित श्रेणी के आवेदक जो ओबीसी, एससी, एसटी वर्ग से संबंधित हैं उनकी आयु 21 से 33 वर्ष निर्धारित की गयी है। पुरुष आवेदकों को 28 मिनट में 4.8 किलोमीटर और महिला आवेदकों को 16 मिनट में 2.4 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होगी।

कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की सूची में अदिति सिंह का भी नाम शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अनुशासनहीनता में पार्टी जारी कर चुकी है कारण बताओ नोटिस

पार्टी निर्णय के विपरीत राज्य विधानमंडल के विशेष सत्र में हिस्सा लेने वाली रायबरेली सदर की बागी विधायक अदिति सिंह को कांग्रेस ने एक ओर तो कारण बताओ नोटिस जारी किया है तो वहीं दूसरी ओर आगामी विधानसभा उपचुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में भी उनका नाम शामिल किया गया है। इस बारे में कोई भी टिप्पणी करने से प्रदेश कांग्रेस के नेता बचते नजर आ रहे हैं।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राज्य सरकार ने विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया था। कांग्रेस ने इस सत्र का बहिष्कार करने का निर्णय किया था। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने व्हिप जारी करके सत्र में हिस्सा न लेने के अपने विधायकों को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद रायबरेली सदर की पार्टी विधायक अदिति सिंह न सिर्फ विशेष सत्र में शामिल हुईं थीं बल्कि उन्होंने अपना संबोधन भी दिया था। बाद में उन्होंने बेबाक ढंग से कहा था कि उन्हें जो सही लगा उन्होंने किया। इस संबंध में पार्टी जो चाहे वह निर्णय ले। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता अजय कुमार लल्लू ने बीते शुक्रवार को अदिति सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करके दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा था। हालांकि अदिति सिंह ने बताया दिया था कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिली। अदिति पर पार्टी की ओर से अभी कार्रवाई लंबित है।

इधर यूपी विधानसभा उपचुनावों के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की जो सूची जारी की गयी है उसमें अदिति सिंह का भी नाम शामिल है। एक ओर अनुशासनहीनता में जिस विधायक को कारण बताओ नोटिस दी गयी उसे ही पार्टी का स्टार प्रचारक बनाने का कांग्रेस का यह फैसला किसे के गले नहीं उतर रहा है। अदिति सिंह के कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली से विधायक होने की वजह से प्रदेश कांग्रेस के नेता इस मामले में किसी प्रकार की टिप्पणी करने से बचते नजर आ रहे हैं। वहीं कुछ नेताओं का कहना है कि विशेष सत्र वाले वाक्ये से पहले यह सूची तैयार की गयी थी। गलती इतनी हुई है कि स्टार प्रचारकों की सूची जारी करते समय इस पहलू का ध्यान नहीं रखा गया।

एलयू कुलपति के चयन को बनी सर्च कमेटी के एक सदस्य पर जताई आपत्ति

● शिक्षक संघ ने राज्यपाल को लिख कर कहा, चयन के लिए पारदर्शिता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी सिंह के नवंबर में खत्म हो रहे कार्यकाल को देखते हुए राजभवन की तरफ से गठित सर्च कमेटी में शामिल एक सदस्य पर शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। इस बावत शिक्षक संघ ने प्रदेश की राज्यपाल को पत्र लिख कर कहा है कि चयन में पारदर्शिता के लिए उक्त सदस्य का कमेटी में बने रहना ठीक नहीं है। इसलिए उनके स्थान पर किसी अन्य को कमेटी में शामिल किया जाय।

नये कुलपति के चयन के लिए राजभवन की तरफ से गठित होने वाली सर्च कमेटी के लिए विवि से किसी सदस्य का नाम कार्य परिषद के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया था। राजभवन के निर्देश पर विवि की कार्य परिषद ने प्रो. डीपी सिंह का नाम प्रस्तावित कर सर्च कमेटी के लिए भेजा था। मगर प्रो. डीपी सिंह के नाम पर शिक्षक संघ ने विरोध करना शुरू कर दिया है। इस बावत शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने राजभवन को पत्र भेज कर सर्च कमेटी से प्रो. डीपी सिंह को बाहर रखने को कहा है। राज्यपाल को भेजे गये पत्र में शिक्षक संघ ने चयन की पारदर्शिता पर आशंका व्यक्त करते हुए हुए कहा है कि प्रो. सिंह को कमेटी से अलग रखने पर चयन में पारदर्शिता आयेगी। इसके साथ शिक्षक संघ ने पढ़े लखनऊ-बढ़े लखनऊ कार्यक्रम की सफलता व रिकार्ड बनाने पर प्रदेश के राज्यपाल को बधाई दी है।

लोहिया अस्पताल अब लोहिया ब्लॉक हुआ, ओपीडी चालू

● निदेशक ने नोटिस जारी कर सभी को याद दिलाया कर्तव्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विलय के बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय को टेकओवर कर लिया है। टेकओवर के बाद संस्थान की कई ओपीडी का संचालन शुरू कर दिया गया है। ऐसे में संस्थान की तरफ से चिकित्सालय का नाम बदलकर अब लोहिया ब्लॉक कर दिया गया है। इसके साथ संस्थान की तरफ से ब्लॉक को 60 बेड की इमर्जेंसी हैंडओवर करने के साथ रेजीडेंट व सीनियर डाक्टरों की संख्या में इजाफा कर दिया गया है।

टेकओवर किये जाने के बाद संस्थान के निदेशक प्रो. एके. त्रिपाठी ने एक नोटिस जारी कर सभी डाक्टरों और कर्मचारियों को संस्थान हित में कार्य करने के निर्देश दिये हैं। शुरुआत में अभी लोहिया चिकित्सालय में वर्क कल्चर पूर्ववत रहेगा, आगे चलकर इसे संस्थान के कल्चर में परिवर्तित किया जायेगा। संस्थान की तरफ से लोहिया ब्लॉक में मेडिसिन, सर्जरी, आर्थो, पल्मोनरी, ईएनटी, इमर्जेंसी मेडिसिन की ओपीडी शुरू करने के साथ ही चिकित्सालय के पूरे स्टाफ को टेकओवर कर लिया गया है। चिकित्सालय के 39 चिकित्सक आरएमएल का पार्ट हो चुके हैं। चिकित्सालय में 24 घंटे एक सीनियर डाक्टर की तैनाती रहेगी।

निशुल्क जांच पूर्ववत जारी रहेगी

चिकित्सालय में पूर्व की भांति अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड जांच, एक्सरे, सीटी स्कैन सम्बंधी अन्य जांचें जो पूर्व में निशुल्क होती थी, वह अब भी मरीजों को निशुल्क उपलब्ध होगी। जो जांच संस्थान में होती है महज उसके पैसे मरीजों को देने होंगे।

लोहिया संस्थान ने आज चिकित्सालय को टेकओवर कर लिया है। पूर्व में उपलब्ध सभी सेवाएं संस्थान की तरफ से उपलब्ध होंगी। चिकित्सालय की ओपीडी में संस्थान के चिकित्सकों ने बैठना शुरू कर दिया है। हमारी पूरी कोशिश है कि मरीजों को क्वालिटी ट्रीटमेंट उपलब्ध हो सके।

डॉ. विक्रम सिंह
प्रवक्ता, आरएमएल संस्थान

घाटमपुर के पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बढ़े भारत के गौरव और विकास के कार्यों से प्रभावित होकर घाटमपुर कानपुर के पूर्व सांसद आशकरन संखवार व सपा नेता, राजेन्द्रशर्मा विश्वकर्मा समाज के नेता, सुरेश संचान प्रबंधक चित्रा डिग्री कालेज कानपुर व साथ में राजीव संखवार व जगदीश संखवार ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सभी नेताओं को भाजपा परिवार में शामिल करते हुए कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प के साथ भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज अन्य दलों के पास न तो नेता है, न नीति है और न ही कार्यक्रम है और अब उनके पास कार्यकर्ता भी नहीं रह गये है। अधिकांश राजनीतिक दल मात्र पारिवारिक संगठन बनकर रह गये हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री गोबिन्द नारायन, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी आलोक अवस्थी, प्रदेश मीडिया संपर्क प्रमुख डा तरूणकान्त त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

ओडीओपी उत्पादों के लिए ऑनलाइन शापिंग का बड़ा नेटवर्क बनाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत योगी सरकार अन्य राज्यों में ओडीओपी के उत्पादों को बेचने की तैयारी कर रही है। इसके लिए राज्य सरकार आन लाइन शापिंग का बड़ा नेटवर्क बनाने में जुटी हुई है। इसमें देश-विदेश की नामी गिरामी कंपनियों के साथ अन्य कंपनियों को भी ओडीओपी से जोड़ने पर काम चल रहा है। अमेजन और फ्लिपकार्ट के साथ समझौता होने के बाद सरकार भारी संख्या में अन्य कंपनियों के साथ भी एमओयू करने जा रही है। ताकि आन लाइन शापिंग में ओडीओपी के उत्पादों के लिए बड़ा मार्केट उपलब्ध हो सके। साथ ही ओडीओपी प्रोडक्शन के लिए बैंकों से कर्ज दिलाने के लिए भी राष्ट्रीय बैंकों से सहयोग की बात चल रही है।

पिछले दिनों प्रमुख सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल से फिलीपीन्स से एशियन डेवलप बैंक के वित्तीय विशेषज्ञ प्रतिनिधियों ने मुलाकात की थी। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में लघु उद्योग क्षेत्र को प्रोत्साहित करने तथा नवीन तकनीकी के विकास के लिए वित्तीय सहयोग करने की बात थी। एशियन विकास बैंक देश में 500 मिलियन यूएस डालर का निवेश विभिन्न क्षेत्रों में करने जा रहा है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश के लिए लघु क्षेत्र के विकास में निवेश किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उनके प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में इसके विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तृत सर्वेक्षण किया है। एशियन विकास बैंक ने वाराणसी और मेरठ के विभिन्न क्षेत्रों में वित्तीय सहायता सुलभ कराने को अंतिम रूप दे दिया है। इन दोनों जनपदों में विकास के कार्य जल्द शुरू करने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश में ओडीओपी के प्रोत्साहन के अलावा प्रदूषण निवारण, उर्जा संरक्षण के साथ अन्य आवश्यक योजनाओं में एडीबी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। सहायता प्राप्त इन कार्यक्रमों से उत्तर प्रदेश के विकास को नए आयाम प्राप्त होंगे। एक जनपद एक उत्पाद योजना के उत्पादों को बाजार मुहैया कराने के लिए सरकार ब्रांड एम्बेस्डर बना रही है। 18 मंडलों के तहत हर मंडल के तीन विशिष्ट उत्पादों का चयन किया गया है और अब उसका ब्रांड प्रमोशन किया जा रहा है। प्रमोशन के बाद अब आन लाइन शापिंग के लिए एमएसएमई कई कंपनियों के एमओयू कर रहा है। जिसमें फिल्पकार्ट और अमेजॅन प्रमुख कंपनियां है। योगी सरकार में 24 जनवरी 2018 को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा एक जिला एक उत्पाद योजना का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के माध्यम से जिले के छोटे, मध्यम और परंपरागत उद्योगों का विकास करना है। प्रदेश में लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से राज्य में स्थानीय कौशल विकास तो होगा ही साथ ही साथ स्थानीय वस्तुओं का निर्यात भी अधिक मात्रा में संभव होगा। योजना का क्रियान्वयन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए निर्यात भवन लखनऊ में अलग से एक ओडीओपी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। योजना के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी, उत्पादकों की जिज्ञासाओं के समाधान परामर्श, उत्पादन तकनीक, प्रशिक्षण, मार्केटिंग आदि से संबंधित समस्त जानकारियां एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एक वेब पोर्टल, हेल्पलाइन भी शुरु की गई है। साथ ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के शीर्ष टेक्निकल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के नेटवर्क को विकसित करके इस पोर्टल से जोड़ा जा रहा ताकि संबंधित क्षेत्र में हुए नए अविष्कारों के लाभों को व्यवहारिक रूप में उत्पादकों तक पहुंचाया जा सके। इस योजना से पांच सालों के भीतर 25 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकेगा।

राजनाथ पहला राफेल प्राप्त करने के लिए गए पेरिस

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर पेरिस रवाना हुए और वह इस यात्रा के दौरान वह 36 राफेल जेट विमानों में पहला विमान प्राप्त करेंगे एवं अपने फ्रांसीसी समकक्ष फ्लोरेंस पार्ली के साथ विस्तृत बातचीत करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सिंह पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैंक्रो के साथ बैठक करेंगे। संभावना है कि इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों पर चर्चा होगी।

सिंह बाद में फ्रांसीसी बंदरगाह शहर बोर्डोक्स जाएंगे जहां वह एक कार्यक्रम

● आज दशहरे पर फ्रांस में करेंगे शस्त्र पूजा

में पहला राफेल जेट विमान प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम में पार्ली और राफेल जेट निर्माता दसाल्ट एविएशन के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। अधिकारियों के मुताबिक जेट प्राप्त करने के बाद सिंह दशहरे के मौके पर शस्त्र पूजा करेंगे और फिर विमान में उड़ान भरेंगे। राफेल जेट विमान को सौंपने का कार्यक्रम बोर्डोक्स के मेरीग्नैक में दसाल्ट एविएशन के परिसर में होगा। यह स्थान पेरिस से करीब 590 किलोमीटर दूर है। वैसे तो सिंह मंगलवार को 36 राफेल जेट विमानों में पहला विमान मंगलवार को प्राप्त कर लेंगे लेकिन चार विमानों का पहला खेप अगले साल मई तक ही भारत आएगा। दिन में बाद में सिंह पार्ले के साथ वार्षिक रक्षा वार्ता भी करेंगे जिस दौरान दोनों पक्ष रक्षा एवं सुरक्षा संबंध को और मजबूत करने के तौर तरीके खंगालेंगे। नौ अक्टूबर को सिंह फ्रांसीसी रक्षा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को संबोधित करेंगे। संभावना है कि वह उनसे भारत में रक्षा के क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल में भाग लेने की अपील करेंगे। पिछले कुछ वर्षों में भारत और फ्रांस के बीच रक्षा एवं सुरक्षा संबंध में तेजी आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगस्त में फ्रांस गए थे जिस दौरान दोनों पक्षों ने पहले से घनिष्ठ रक्षा संबंधों को और गहरा करने का निश्चय प्रकट किया था। सूत्रों ने कहा कि भारतीय वायुसेना की उच्च स्तरीय टीम राफेल विमान सौंपने से संबंधित कार्यक्रम में फ्रांसीसी अधिकारियों के साथ तालमेल के लिए पहले से ही फ्रांस में है। भारत ने करीब 59000 करोड़ रुपए मूल्य पर 36 राफेल लड़ाकू जेट विमान खरीदने के लिए सितंबर, 2016 में फ्रांस के साथ अंतर-सरकारी समझौता किया था। विमान का पहला स्क्वाड्रन अंबाला वायुसेना स्टेशन पर तैनात किया जाएगा जो भारतीय वायुसेना के सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण अड्डों में एक समझा जाता है। यह अड्डा भारत पाक सीमा से करीब 220 किलोमीटर दूर है।

अमृतसर में पिछले साल दशहरा के अवसर पर हुए ट्रेन हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई

अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा गोविन्द सागर बांध

संवाददाता। ललितपुर

जनपद के प्रमुख बाँधों में शुमार नगर के बीचों-बीच स्थित गोविन्द सागर बाँध इन दिनों बदहाली का शिकार बना हुआ है, यहां पर बाँध के मुख्य आकर्षण का केन्द्र सलूज पर बनी लोहे की रैलिंग जो कि वर्षों से टूटी पड़ी हुई है, यहां पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट न होने के चलते लोगों के जीवन पर संकट मंडरा रहा है। रोलिंग पाइप टूटा होने के कारण कभी भी यहां बड़ा हादसा होने की संभावनायें प्रबल रहती हैं।

जनपद में स्थित प्रमुख पुराने जलाशयों में राजघाट, माताटीला, सुकुंवाँ-दुकुवाँ, शहजाद, कचनौंदा, रोहणी इत्यादि बाँधों में नगर ललितपुर के बीचों-बीच स्थित गोविन्द सागर बाँध का अलग ही एक महत्व है। यह बाँध जहां नगरवासियों के आकर्षण का केन्द्र रहता है तो वहीं बांध की तलहटी में बसे धार्मिक स्थल भी लोगों की अटूट आस्था से

● हादसों को खुला आमंत्रण दे रही बांध की टूटी रेलिंग

● टूटी रेलिंग के कारण सैलानियों की जान का खतरा

जुड़े हैं, लेकिन आज गोविन्द सागर बांध अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा है तो वहीं विभागीय अधिकारी जानकारी में यह बात होने के बाद भी मौन धारण किये हुये हैं। गौरतलब है कि गोविन्द सागर बाँध का निर्माण आजादी के बाद साठ के दशक में हुआ था, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा इस बांध का विधिवत शिलान्यास करते हुये जनता को समर्पित किया गया था, तब से लेकर आज तक उक्त बांध नगरवासियों ही नहीं बल्कि दूर इलाकों के ग्रामीण अंचलों के लोगों की प्यास बुझा रहा है। बारिश का मौसम कैसा भी निकल जाये, लेकिन गोविन्द सागर बांध ने सदैव लोगों की प्यास बुझाने में कभी कंजूसी नहीं की। बताते चलें कि गोविन्द सागर बांध की तलहटी में स्थित सीतापाठ मंदिर जहां पर भगवान हजारिया महादेव, संकट मोचन व शेष नाग जैसे पवित्र स्थानों के अलावा अपनी अलग पहचान रखने वाले माता सीता के चरण स्थल स्थित है। यहां पर प्रत्येक वर्ष मकर संक्रान्ति के दिन भव्यता के साथ मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर दराज से आने वाले लोग बड़ी ही संख्या में मेले में शिरकत करते हैं और यह क्षेत्र लोगों की धार्मिक आस्थाओं में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मेले के दौरान यहां आने वाले लोग बांध की सौंदर्यता का भी भरपूर आनन्द लेते हैं। इतना ही नहीं मेले के दिन गोविन्द सागर बांध में बीच में बने टापू पर लोग कश्तियों के माध्यम से जाकर मेले का आनंद लेते हैं। गोविन्द सागर बांध की एक अन्य विशेषता भी है जो कि सारे विश्व में सिर्फ दो ही स्थानों पर देखने को मिलती है। वह हैं गोविन्द सागर बांध में लगीं स्वचलित साइफन प्रणाली, ऐसी ही एक और प्रणाली पंजाब प्रान्त में बने भागड़ नांगल बांध में भी है। इन दोनों बांधों के अलावा यह प्रणाली सारे विश्व में कहीं और नहीं हैं। इस प्रणाली की विशेषता यह है कि एक निर्धारित क्षमता से अधिक पानी बांध में भर जाने के बाद उक्त मशीन स्वत: ही चालू हो जाती है और देखते ही देखते लाखों क्यूसिक पानी को चंद घण्टों में बाहर कर बांध को निर्धारित लेबिल पर लाती है, जिससे कि नगर के बीचों-बीच होने के बाद भी लोगों को इस बांध से कोई खतरा महसूस नहीं होता। अब ऐसे में लोगों के दैनिक जीवन के अलावा आस्था के माध्यम से जुड़े गोविन्द सागर बांध में आज कई प्रकार की अव्यवस्थायें व्याप्त हैं, जिसके चलते गोविन्द सागर बांध अपनी सौंदर्यता खोता नजर आ रहा है। इसका अंदाजा सिर्फ इसी से लगाया जा सकता है कि बांध के मुख्य आकर्षण का केन्द्र सलूज पर बनी लोहे की रैलिंग पाइप को टूटे कई वर्ष बीत चुके हैं, फिर भी विभागीय अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। अब ऐसे में नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने गोविन्द सागर बांध की टूटी पड़ी रैलिंग के अलावा यहां पर सौदर्यता के लिए नये उपाय किये जाने एवं स्वच्छता से बांध के रख-रखाव की प्रबलता से मांग की है।

सरकारी गौशाला में चारा खाने से 22 गोवंशीय पशुओं की हुई मौत

बदायूं। उप्र में बदायूं जिले के कछला नगर पंचायत की अस्थाई गौशाला में चारा खाने के बाद 22 गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई तथा 54 अन्य बीमार हो गए। जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि नगर पंचायत कछला के अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में 11 गायों, सात बछड़े और बछिया समेत 22 जानवरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृत्यु के वास्तविक के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बुलाई गई। उन्होंने बताया कि टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पशुओं द्वारा अधिक हरा चारा खाने के कारण उनके शरीर में नाइट्रोजन की मात्रा अधिक हो गई थी। नाइट्रेट विषाक्तता की वजह से ही उनकी मृत्यु हुई है। जिलाधिकारी ने बताया कि गौशाला के सभी जानवरों को शनिवार रात करीब आठ बजे बाजरे का हरा चारा दिया गया था।

शिअद भाजपा गठबंधन अपवित्र रिश्ता है: जाखड़

एजेंसी। फगवाड़ा

पंजाब कांग्रेस के प्रमुख सुनील जाखड़ ने सोमवार को कहा कि हरियाणा में अलग हो जाने के बाद यहां शिरोमणि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन में बने रहना एक अपवित्र रिश्ता है। फगवाड़ा में कांग्रेस के प्रत्याशी बलविंदर सिंह धालीवाल के समर्थन में दो रैलियां करने के बाद जाखड़ ने संवाददाताओं से कहा कि शिअद-भाजपा गठबंधन सुविधा का रिश्ता है और राजनीतिक दबाव के चलते वे गठबंधन में बने हुए हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जब 20-25 सीटें देने की शिअद की मांग नहीं मानी तब उसने इंडियन नेशनल लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। जाखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि उनकी पार्टी कैसे शिअद के साथ गठबंधन में है जो भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने कहा, मोदी दुनिया में ढोल पीटकर कह रहे थे कि उनकी सरकार स्वच्छ है लेकिन उनकी पार्टी का शिअद के साथ अपवित्र रिश्ता है जो भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने लखपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब में उपचुनाव राज्य सरकार के लिए मध्यावधि परीक्षा है। जाखड़ ने केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर आगाह किया और आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मोदी को एक शर्त पर गले लगाया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने मोदी से ईरान से ईंधन नहीं खरीदने को कहा और ईरान ने धमकी दे रखी है कि वह भारत से बासमती नहीं खरीदेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इससे पंजाब के किसान बर्बाद हो जाएंगे जिनका बासमती ईरान खरीदता है। उन्होंने लंगर पर जीएसटी लगाने को जजिया करार दिया।

नागपुर में दशहरा की पूर्व संध्या पर रावण और मेघनाद के पुतले तैयार करते कारीगर

वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए आना होगा आगे : रमेशचंद्र

संवाददाता। ललितपुर

वन्य प्राणी सप्ताह 01 से 07 अक्टूबर आयोजित होने वाले सप्ताह के समापन के अवसर पर भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से मान्य वैश्विक प्रतिमान व मानवीय गुणों को प्रचारित करने वाली संस्था करुणा इंटरनेशनल की एक वैचारिक गोष्ठी सेवानिवृत्त प्रवक्ता रमेशचंद्र जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वन्य प्राणियों की हिंसा को रोकने हेतु प्रयासों व जागरूकता की महती आवश्यकता है। वन्य प्राणियों की रक्षार्थ हमें सजग रहना होगा तब हम वन्य प्राणियों की रक्षा कर सकेंगे। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण हमारा देश भारत जैव-विविधता के सन्दर्भ में विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। विश्व के कुल प्राणी जगत का सात प्रतिशत से अधिक और वनस्पति जगत का लगभग ग्यारह प्रतिशत भाग हमारे देश में ही अवस्थित है। 25 जैविक प्रान्तों और 14 जैव-भौगोलिक क्षेत्रों वाले इस देश में विश्वभर में पाए जाने वाले समस्त जीवों की प्रजातियाँ (लगभग 16 लाख) विद्यमान हैं।किन्तु विगत शताब्दी के दौरान पारिस्थितिकी-तन्त्र पर प्रतिकूल मानवीय प्रभावों के दुष्परिणामस्वरूप भारत में वनस्पतियों की प्रजातियाँ विलुप्तता की कगार पर हैं।जो हमारे लिए अत्यन्त ही गम्भीर और चुनौतीपूर्ण समस्या है।राजीव बजाज ने बताया कि भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण (जेडएसआई) के अनुसार भारत में चीता, लाल सिर वाली बत्तख एवं पहाड़ी कुआल विलुप्त हो चुके हैं। वर्ष 2014 में डेनमार्क की आरहूस यूनिवर्सिटी' के शोधार्थियों द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार हिमयुग में विशाल हिरण, दांतेदार बिल्ली, तेन्दुए के आकार बाले शेर एक बड़े कंगारू पाए जाते थे, किन्तु 1.32 लाख वर्ष पूर्व से लेकर एक हजार वर्ष पूर्व के मध्य इनका अन्त हो गया।

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के घर पर 82 का नोटिस चस्पा किया

बांसी (ललितपुर)। 21 सितम्बर को थाना कोतवाली तालबेहट अंतर्गत चौकी तेरई फाटक के सामने राजमार्ग पर पुलिस 50 लाख की अवैध शराब पकड़ी थी, जिसमें नामजद कस्बा निवासी सपा नेता लीलाधर दुबे उर्फ कुल्लू फरार चल रहे हैं। रविवार की शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बड़ी तादात में पुलिस ने कुल्लू दुबे के आवास पर पंहुचकर ने न्यायालय के आदेशानुसार धारा 82 का नोटिस चस्पा किया गया।

दुर्घटनाग्रस्त प्रशिक्षक विमान में दूसरा पायलट सवार होने के लिए अधिकृत नहीं था: डीजीसीए

एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना के विकाराबाद में रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हुए सेसना 172 विमान के बारे में नागर विमानन महानिदेशालय ने जांच में पाया है कि दो पायलटों में से एक उसमें सवार होने के लिए अधिकृत नहीं था। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलट प्रशिक्षण अकादमी, विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और इसके उप प्रमुख विमान प्रशिक्षक रौनक सिरील के प्रशिक्षण देने पर रोक लगा दी है। अधिकारी ने बताया कि डीजीसीए ने सात दिन के भीतर प्रशिक्षण अकादमी से रिपोर्ट तलब किया है। रविवार को हुए इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई थी। मरने वाले पायलटों में प्रकाश विशाल और अमनप्रीत कौर शामिल हैं। डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने प्रेट्र को बताया, उनकी उड़ान को सिरील ने अधिकृत किया था। लेकिन, अनुमति पुस्तक प्रविष्टि के मुताबिक, विमान का संचालन केवल अमनप्रीत को ही करना था। अधिकारी ने बताया, दूसरे पायलट (विशाल) की उपस्थिति से यह प्रतीत होता है कि सिरील अपने कर्त्तव्य पालन में विफल रहे जैसा कि अकादमी के प्रशिक्षण और प्रक्रिया नियमावली में निर्धारित किया गया है। डीजीसीए के मुताबिक, अकादमी के पास विमान उड़ाने का प्रशिक्षण देने के लिए 26 अक्टूबर 2020 तक का ही लाइसेंस है।

पेज एक का शेष

सुप्रीम कोर्ट...

को हटाकर साइट की सफाई आदि जारी रहेंगी। उच्च न्यायालय ने आरे कॉलोनी को वन घोषित करने और मेट्रो शेड निर्माण के लिए हरित क्षेत्र में 2,600 से अधिक पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के मुंबई नगर निगम के फैसले को खारिज करने से इनकार कर दिया था। मुंबई हाई कोर्ट द्वारा निगम के फैसले के खिलाफ गैर सरकारी संगठनों और हरित कार्यकर्त्ताओं की चुनौती याचिकाओं को खारिज करने के कुछ घंटों बाद मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने पेड़ों की कटाई शुरू कर दी थी। इसको लेकर वहां व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। पेड़ों की कटाई के दौरान कथित रूप से बाधा डालने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में 29 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को स्थानीय कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने पेड़ों की कटाई फिलहाल रोकने का आदेश दिया। कानून के छात्र ऋषभ रंजन ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को पत्र लिखकर पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पत्र पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च अदालत ने विशेष पीठ का गठन किया था। पीठ ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला सुनाया है। दशहरा के मौके पर न्यायालय में एक सप्ताह का अवकाश है। महाराष्ट्र और मुंबई के नागरिक निकाय की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की विशेष पीठ के समक्ष कहा कि मेट्रो शेड के लिए जितनी पेड़ों की कटाई करनी थी, वह पहले ही की जा चुकी है। अब और पेड़ नहीं काटे जाएंगे। पीठ ने कहा कि कोर्ट यह फैसला लेगी कि और पेड़ नहीं काटें। साथ ही सुनवाई की अगली तारीख तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा। पीठ के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य की ओर से पेश तुषार मेहता, सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि सुनवाई की अगली तारीख तक और पेड़ नहीं काटे जाएंगे। इस स्थिति में यह बयान उचित है। मामले में अगली सुनवाई 21 अक्टूबर को होगी। याचिकाकर्ता के वकील संजय हेगड़े ने मामले में हस्तक्षेप करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार जताया। अन्य याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता शंकरनारायणन नेकहा कि आर - एक वन पर्यावरणीय प्रणाली और पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। यहां लगभग पांच लाख पेड़, दो नदियां, तीन झीलें और विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां एवं फल फूल हैं। शंकरनारायणन के मुताबिक, कोई भी अदालत यह दावा नहीं कर सकती कि आरए-जंगल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, तमाम राजनीतिक दलों के अलावा गठबंधन सरकार में शामिल शिवसेना की भी प्रतिक्रिया सामने आई। शिवसेना प्रवक्ता मनीषा कायंदे ने कहा कि अदालत का आदेश पर्यावरणविदों के लिए नैतिक जीत है। आरे क्षेत्र को जंगल नहीं घोषित करना सरकार की गलती थी। विधान पार्षद ने इस बात पर अफसोस भी जताया कि दो दिनों में करीब 2100 पेड़ काट दिए गए। आरे में यथास्थिति बनाए रखने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश परियोजना का विरोध कर रहे पर्यावरणविदों और मुंबई के बाशिंदों की नैतिक जीत है। विपक्षी पार्टी राकांपा की नेता सुप्रिया सुले ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार की स्वीकारोक्ति कि जरूरी पेड़ों की कटाई पहले ही की चुकी है, चिंताजनक है।

पूर्व सांसदों...

कराया जाएगा। इन्हें पूर्व सांसदों के अतिथियों को आवंटित किया गया था। पिछले सप्ताह सरकारी बंगला खाली नहीं करने वाले 50 पूर्व सांसदों को संपदा विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में बंगला खाली करने या इसका जवाब देने का निर्देश दिया गया था। इनमें पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, कमलनाथ और सपा की डिंपल यादव सहित दस पूर्व सांसदों ने बंगले खाली कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय ने सख्त प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत 230 पूर्व सांसदों के सरकारी बंगले खाली कराने की कार्रवाई शुरू की थी। नए कानून की सख्ती के बाद पूर्व सांसद कामेश्वर सिंह ने भी सरकारी आवास छोड़ दिया है। लोकसभा के 1967 में सदस्य रहे सिंह, बतौर अतिथि, साउथ एवेन्यू स्थित बंगले में रह रहे थे। उन्होंने अधिक उम्र और स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मंत्रालय से बंगला खाली नहीं कराने का अनुरोध किया था, जिसे मंत्रालय ने कानूनी बाध्यता का हवाला देकर ठुकरा दिया।

स्विस बैंक...

जनवरी, 2017 को क्रियान्वित किया गया था। आदान-प्रदान के जरिए हासिल सूचनाओं के जरिए कर अधिकारी इस बात का पता लगा सकते हैं कि क्या करदाता ने अपने कर रिटर्न में विदेशों में अपने वित्तीय खाते का सही ब्योरा दिया है। इस व्यवस्था के तहत पहली बार सूचना का आदान-प्रदान सितंबर, 2018 में 36 देशों के साथ किया गया था। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन का वैश्विक मंच एईआईओ के क्रियान्वयन की समीक्षा करता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन सूचनाओं के आधार पर भारत बेहिसाबी धन रखने वाले लोगों के खिलाफ अभियोजन का ठोस मामला बना सकता है। कई अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि इस सूची में ज्यादातर उद्योगपतियों के नाम है। इनमें प्रवासी भारतीय (एनआरआई) भी शामिल हैं जो दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, अमेरिका और ब्रिटेन के साथ कुछ अफ्रीकी और दक्षिण अमेरिकी देशों में बस चुके हैं।

सोनिया, राहुल...

निर्देशों का पालन नहीं करने पर सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर उनकी विदेश यात्राओं में कटौती की जा सकती है। एसपीजी का गठन 1985 में किया गया था और संसद ने 1988 में संबद्ध कानून पारित कर भारत के प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा एसपीजी के सुपुर्द किया था। 1989 में वीपी सिंह सरकार ने निवर्तमान प्रधानमंत्री राजीव गांधी से एसपीजी सुरक्षा कवर हटा लिया था। एसपीजी पूरी तरह से प्रतिनियुक्ति पर आए जवानों की फोर्स है। इसमें तमाम केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के युवा और ऊर्जावान कमांडो को शामिल किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद 1991 में एसपीजी कानून को संशोधित कर सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिजनों को कम से कम दस वर्षों तक एसपीजी सुरक्षा मुहैया कराने का प्रावधान किया गया था। वर्ष 2002 में एक बार फिर कानून में संशोधन कर सालाना समीक्षा की प्रणाली का प्रावधान शामिल किया गया। कानून के तहत की गई समीक्षा के बाद एचडी देवगौड़ा समेत कुछ पूर्व प्रधानमंत्रियों को ज्यादा दिनों तक एसपीजी सुरक्षा घेरे की सुविधा नहीं मिल पाई। बीते अगस्त में केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से भी स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप का सुरक्षा कवर वापस ले लिया। डॉ. सिंह की एसपीजी सुरक्षा हटाने के बाबत सरकार ने कहा कि सिक्योरिटी कवर की मौजूदा समीक्षा निश्चित अवधि में की जाने वाली प्रोफेशनल कवायद है जो व्यक्ति विशेष की जान के खतरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के आकलन पर पूरी तरह से आधारित है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दिया गया जेड प्लस श्रेणी का सुरक्षा घेरा पूर्ववत जारी रहेगा।

केंद्र-दिल्ली...

निगरानी करते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। जावड़ेकर ने बताया कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से संबद्ध पांच राज्यों (दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड) के पर्यावरण मंत्रियों की अगले सप्ताह बैठक में केन्द्र और राज्य सरकारों के साझा उपायों की समीक्षा की जाएगी। हालांकि उन्होंने माना कि हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने की समस्या अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। इस पर नियंत्रण के लिए केन्द्र सरकार ने 1120 करोड़ रुपए राज्यों को जारी किए। इसके तहत पराली निस्तारण के 18 हजार से अधिक यंत्रों का किसानों में वितरण सहित अन्य उपाय किए जा रहे हैं। विज्ञापन अभियान के जरिए दिल्ली का वायु प्रदूषण कम करने के केजरीवाल सरकार के दावों के सवाल पर जावड़ेकर ने कहा, तथ्यों से साबित होता है कि किसने क्या किया है। हम, तू-तू मैं-मैं में नहीं पड़ना चाहते क्योंकि किसी की फितरत होती है ... काम करे कोई, टोपी पहने कोई। हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम प्रदूषण से लड़ रहे हैं, मैं इसे आपस में लड़ने का विषय नहीं बनाना चाहता। उन्होंने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता में सुधार आने के पीछे पिछले पांच साले से किए जा रहे सतत उपायों को मुख्य वजह बताया। जावड़ेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में वायु गुणवत्ता सूचकांक की शुरुआत कर इस पहल का आगाज किया था। इसके तहत दिल्ली में 113 वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र कार्यरत हैं और 29 नए केन्द्र बनाए जा रहे हैं। वायु गुणवत्ता की सतत निगरानी के साथ बीएस छह मानक ईंधन पर चलने वाले वाहनों की शुरुआत की गई, पेरीफेरल रोड बनने के बाद अन्य राज्यों को जाने वाले भारी वाहनों का दिल्ली से गुजरना बंद हुआ और संशोधित मोटर वाहन कानून लागू होने के कारण दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार पार्टिकुलेट तत्वों की मात्रा में 80 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। जावड़ेकर ने कहा कि इन साझा प्रयासों का ही नतीजा है कि दिल्ली में बेहतर गुणवत्ता वाली हवा के दिनों की संख्या में इजाफा हुआ है। उन्होंने वायु सूचकांक के आंकड़ों के हवाले से कहा कि 2016 में अच्छी हवा वाले दिनों की संख्या 108 से बढ़कर 2018 में 159 हो गई। इस साल सितंबर तक 270 दिनों में अच्छी हवा वाले दिनों की संख्या 160 हो गई है। इसी प्रकार हवा की गुणवत्ता के लिहाज से बुरे दिनों की संख्या 2016 में 246 से घटकर पिछले साल 206 पर आ गई, जो कि इस साल सितंबर तक 108 रह गई है। कचरा निस्तारण के उपायों का जिक्र करते हुए जावड़ेकर ने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन छह हजार टन कचरे से 50 मेगावाट बिजली बन रही है। उन्होंने दीपावली के त्यौहार में लोगों से पटाखों का उपयोग नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि अगर प्रयोग करना ही पड़े तो लोग हरित पटाखे ही खरीदें। ये पटाखे सस्ती दर पर बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।

बिगड़ने लगी...

को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानकों से अधिक पाया है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 128 यूजीएम चांदनी चौक, आनंद विहार, आईटीओ और आनंद विहार में थी। मौसम विभाग ने यह भी कहा कि पश्चिमी विक्षोभ अनुकूल नहीं है। अपने स्वास्थ्य बुलेटिन में सफर ने कहा कि अभी बाहर निकला जा सकता है। यदि कफ या सांस लेने में दिक्कत जैसे लक्षण दिखाई दें तो ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। विज्ञानियों ने चेतावनी दी है कि यदि आंतरिक या बाहरी उत्सर्जन (जैसे पटाखे या पराली जलाना) भी इसमें शामिल होते हैं तो हवा की गुणवत्ता और खराब हो सकती है। दिल्ली जैसे शहर में यह तेजी से बढ़ सकता है और प्रदूषण के मोर्चे पर स्थिति बेहद खराब हो सकती है।

एक दिन शिव सैनिक महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनेगा : उद्धव ठाकरे

● इस बार शिवसेना राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 124 पर लड़ रही है चुनाव

एजेंसी। मुंबई

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि उनके बेटे के राजनीति में उतरने का यह आशय नहीं है कि वह राजनीति से संन्यास ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि कोई शिवसैनिक एक दिन राज्य का मुख्यमंत्री बनेगा। पार्टी के मुखपत्र सामना को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी ने 2014 के विधानसभा चुनावों में मोदी लहर पर लगाम लगाई थी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अब इस बहस में जाने का कोई मतलब नहीं है कि उस समय वे भाजपा से क्यों अलग हुए थे। इस बार शिवसेना राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 124 पर चुनाव लड़ रही है जबकि उसकी गठबंधन सहयोगी भाजपा ने 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी सीटें भाजपा के हिस्से से छोटे दलों के लिए छोड़ी गई हैं। उद्धव ठाकरे ने साक्षात्कार में कहा, एक दिन कोई शिवसैनिक महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनेगा, यह एक वादा है जो मैंने अपने पिता और शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बालासाहेब से किया था। इस साक्षात्कार का एक हिस्सा सोमवार को जारी किया गया। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ने वरली विधानसभा सीट से पर्चा दाखिल किया है। यह पहला मौका है जब ठाकरे परिवार का कोई सदस्य चुनाव में उतरा है। यह पार्टी के लिए भी इस बात की परीक्षा होगी कि वह जनता का मन जीतने के लिए पार्टी के युवा नेतृत्व की लोकप्रियता पर भरोसा कर सकती है या नहीं। उन्होंने कहा, आदित्य के विधानसभा चुनाव लड़ने का यह मतलब नहीं है कि मैं सक्रिय राजनीति से संन्यास ले रहा हूं। मैं यहीं हूं। उद्धव ठाकरे ने राकांपा नेता अजित पवार के परोक्ष संदर्भ में व्यंग्यात्मक रूप से कहा, मैं खेती करने नहीं जा रहा। गौरतलब है कि पवार ने हाल ही में विधायक पद से इस्तीफा दिया था और अपने बेटे को सलाह दी थी कि वह राजनीति की जगह खेती करे या कोई कारोबार कर ले। उन्होंने यह भी दावा किया कि 2014 में जब विधानसभा चुनावों से पहले शिवसेना ने भाजपा से साथ तोड़ा था तब उनकी पार्टी मोदी लहर पर लगाम लगाने में कामयाब रही थी जबकि पूरे देश में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, अब भाजपा और शिवसेना के (2014 चुनाव) अलग-अलग लड़ने के पीछे के कारणों पर चर्चा का कोई मतलब नहीं है। यह एक जंग थी। राष्ट्रीय स्तर पर एक लहर थी, लेकिन महाराष्ट्र में हमने उस पर लगाम लगाई। उद्धव ने कहा, सत्ता में रहने के बावजूद, हमने हमेशा आम आदमी के मुद्दों को लेकर आवाज उठाई।

नई दिल्ली में वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की

करदाताओं के लिए ई-आकलन योजना की शुरुआत

एजेंसी। नई दिल्ली

● अधिकारियों के सामने जाने की जरूरत नहीं होगी

आयकर विभाग ने सोमवार को बिना सीधे संपर्क वाली ई-आकलन योजना की शुरुआत की। इसे कराधान सुधारों की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। इस योजना से करदाताओं को कर अधिकारियों का आमना-सामना की जरूरत नहीं पड़ेगी। राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय ने यहां राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र (एनईएसी) का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ किया। शुरुआत में राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र के तहत 58,322 आयकर मामलों का चयन किया गया है। इस योजना की शुरुआत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को करनी थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के साथ अन्य आधिकारिक व्यस्तताओं की वजह से वह इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाईं। राजस्व सचिव ने कहा कि इस पहल से करदाता के लिए सुगमता और सुविधा बढ़ेगी। इस योजना को रिकॉर्ड समय में शुरू किया गया है। राजस्व विभाग ने कहा कि नई पहल से आकलन प्रक्रिया में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। करदाताओं और कर अधिकारियों के बीच आमना-सामना की जरूरत नहीं होगी।

राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र देश भर में अधिकारियों के दखल के बना ई-आकलन योजना में मदद करेगा। इससे करदाताओं को लाभ होगा। राजस्व विभाग ने कहा कि इस योजना से करदाताओं को अनुपालन में आसानी होगी, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी, कामकाज में विशेषज्ञता आएगी, आकलन की गुणवत्ता का स्तर सुधरेगा और मामलों का निपटान तेजी से हो सकेगा। इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी का काम आयकर विभाग के 2,686 अधिकारियों को सौंपा गया है। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में पांडेय ने कहा, जिस किसी करदाता का मामला जांच के लिए चुना जाएगा वह अपने दस्तावेज आनलाइन जमा करा सकेगा। इसके अलावा आकलन करने वाले अधिकारी का चयन भी बिना क्रम के किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे मामलों को जांच के लिए चुना जाएगा जिनमें गंभीर खामियां मिलेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार व्यक्तिगत आयकर में छूट देने पर विचार कर रही है, राजस्व सचिव ने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट भाषण में यह योजना शुरू करने की घोषणा की थी। सीतारमण का कहना था कि अभी कर आकलन में करदाता और अधिकारी को आमने-सामने आने की जरूरत होती। इससे कर अधिकारियों द्वारा कुछ अवांछित व्यवहार के मामले भी सामने आते हैं।

उपराष्ट्रपति 10 को जाएंगे अफ्रीकी देश कोमोरोस और सिएरा लियोन

एजेंसी। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू अफ्रीकी देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की पहल को आगे बढ़ाने के लिए आगामी दस अक्टूबर से कोमोरोस और सिएरा लियोन के दौरे पर जाएंगे। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिणपूर्वी तटीय क्षेत्र के इन दोनों देशों की भारत के किसी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यह पहली यात्रा होगी। यात्रा के पहले चरण में नायडू कोमोरोस की राजधानी मोरोनी में वहां के राष्ट्रपति अजाली असोमनी से मुलाकात करेंगे। वह वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों को संबोधित भी करेंगे। नायडू 11 अक्टूबर को कोमोरोस के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे और इसके बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत और कोमोरोस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस दौरान वह कोमोरोस की संसद को भी संबोधित करेंगे।

इसके बाद वह सिएरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन के लिए रवाना होंगे। नायडू सिएरा लियोन के विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद 13 अक्टूबर को नायडू वहां के राष्ट्रपति जूलियस माडा बियो से मुलाकात करेंगे। इस बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत और सिएरा लियोन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इसी दिन नायडू सिएरा लियोन में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे। नायडू 14 अक्टूबर को स्वदेश रवाना होने से पहले सिएरा लियोन की संसद के अध्यक्ष डा. अबास बुन्दु से मुलाकात करेंगे। उल्लेखनीय है कि बतौर उपराष्ट्रपति, नायडू की अफ्रीकी देशों की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले पिछले साल नवंबर में वह बोत्सवाना, जिंबाब्वे और मलावी की यात्रा पर गए थे। उपराष्ट्रपति नायडू दस अक्टूबर को जाएंगे अफ्रीकी देश कोमोरोस और सिएरा लियोन के दौरे पर उपराष्ट्रपति नायडू दस अक्टूबर को जाएंगे अफ्रीकी देश कोमोरोस और सिएरा लियोन के दौरे पर जाएंगे।

क्विक न्यूज

बेचैनी, चक्कर आने की शिकायत के बाद हरीश रावत अस्पताल में भर्ती

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सोमवार को तड़के बेचैनी और चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल मे भर्ती कराया गया। उनके मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार ने यहां बताया कि बेचैनी और चक्कर आने की शिकायत के बाद रावत को मैक्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया।कुमार ने कहा, उनकी नियमित जांच की गई है और उनकी सभी रिपोर्ट सही आई है। चिंता की कोई बात नही है। उन्होने बताया कि उनको जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

अजय लांबा ने गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति पद की शपथ ली

गुवाहाटी। न्यायमूर्ति अजय लांबा ने सोमवार को गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप मे शपथ ली। राज्यपाल जगदीश मुखी ने उन्हे यहां राजभवन के दरबार हॉल मे पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल भी मौजूद थे। मुख्य सचिव आलोक कुमार, पुलिस महानिदेशक कुलधर सैकिया, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और कानूनी बिरादरी के सदस्यो ने भी शपथ ग्रहण समारोह मे भाग लिया। लांबा इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

जम्मू के सांबा जिले में मोर्टार गोले मिले

जम्मू। जम्मू-कश्मीर मे सांबा जिले के एक गांव मे सोमवार को एक नहर के पास 81 एमएम के तीन मोर्टार गोले मिले है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और सेना तथा पुलिस के बम निरोधक दस्ते द्वारा गोलो को निष्क्रिय करने के प्रयास जारी है। अधिकारियो ने बताया कि एक गांव वाले ने सुबह साढ़े छह बजे देखा कि जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर घगवाल क्षेत्र के सांगवली मे गोले पड़े है। इसके बाद उसने पुलिस को जानकारी दी। अधिकारियो ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ कबाड़ियो ने नहर के पास मोर्टार के गोले छोड़ दिए है।



कुल्लू में ताजा हिमपात के चलते रास्ते में फंसे वाहन

गुजरात में आसानी से शराब उपलब्ध होने की गहलोत की टिप्पणी पर रूपाणी का पलटवार

एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राजस्थान के अपने समकक्ष अशोक गहलोत के गुजरात में आसानी से शराब उपलब्ध होने और सभी राज्यों के मुकाबले यहां सबसे अधिक शराब की खपत के दावे का खंडन किया। उन्होंने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस नेताओं की इस तरह की टिप्पणियां यह दर्शाती है कि वह महात्मा गांधी, सरदार पटेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित गुजरात के लोगों को नापसंद करते हैं। रूपाणी ने गहलोत से इस बयान के लिए माफी मांगने को कहा है। उन्होंने कहा कि गहलोत ऐसा बयान इसलिए दे रहे हैं क्योंकि कांग्रेस 2017 में यहां सत्ता में आने में विफल रही थी। गुजरात में शराब के उत्पादन, भंडारण और सेवन पर प्रतिबंध है। गहलोत ने रविवार को गुजरात की मद्य-निषेध नीति पर सवाल खड़े करते हुए दावा किया था कि गुजरात में सभी घरों में प्रतिबंध के बाद भी शराब का सेवन किया जाता है। रूपाणी ने कहा, गहलोत और कांग्रेस को इन आरोपों के लिए माफी मांगनी चाहिए। वह गुजराती लोगों के खिलाफ ऐसा बयान इसलिए दे रहे हैं क्योंकि 2017 में वह विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए थे। उन्होंने सभी गुजराती लोगों को शराबी कहकर पूरे गुजरात का अपमान किया है।गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनाव में गहलोत कांग्रेस के प्रभारी थे। रूपाणी ने कहा, यहां तक कि राजस्थान के लोग भी शराब प्रतिबंध के पक्ष में थे। लेकिन उन लोगों की भावना समझने के बदले कांग्रेस नेता यह कह रहे हैं कि गुजरात के हर घर में शराब का सेवन किया जाता है। यह गुजरात का और यहां के लोगों का अपमान है और लोग इसके लिए कांग्रेस को माफ नहीं करेंगे। रविवार को गहलोत ने कहा कि गुजरात में चुनाव के दौरान करीब एक साल तक यहां रहने के दौरान उन्होंने पाया कि यहां शराब का अधिकतम सेवन होता है और लगभग सभी घरों में शराब का सेवन होता है। उन्होंने संवाददाताओं से रविवार को कहा था कि यह स्थिति महात्मा गांधी के गुजरात की है। गुजरात के भाजपा अध्यक्ष जीतू वघानी ने कहा कि गहलोत ने राज्य के लोगों और सम्मानित महात्मा गांधी और सरदार पटेल का अपमान किया। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या इसका मतलब यह है कि कांग्रेस कार्यकर्ता शराब पीते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात की चिंता करने के बदले गहलोत को अपना ध्यान राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट पर केंद्रित करना चाहिए। परोक्ष रूप से वह पड़ोसी राज्य में कांग्रेस के भीतर हो रहे उठा-पटक पर टिप्पणी कर रहे थे। हालांकि गुजरात कांग्रेस के विधायक ललित कगाथारा ने कहा कि गहलोत ने भाजपा नीत राज्य में अवैध शराब का मामला उठाया है। और प्रतिबंध के बावजूद गुजरात में शराब उपलब्ध होने के लिए रूपाणी को माफी मांगनी चाहिए।

शर्तों पर नहीं, चयन की स्वतंत्रता पर आधारित है भारत की विकास साझेदारी : विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि साझेदार देशों के साथ भारत का विकास सहयोग समानता, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान और चयन की स्वतंत्रता पर आधारित है, न कि प्रतिस्पर्धा, शर्तों और निर्देश पर। भारत के विकास साझेदारी कार्यक्रम भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के 55 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि वैश्विक विकासशील देश भारत के लिए महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा, हम साथ मिलकर दुनिया के 6.3 अरब लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। हममें से कई के सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं, फिर चाहे वह समुद्री व्यापार के माध्यम से हों या फिर संस्कृति के। हमारे पूर्वजों ने साथ मिलकर उपनिवेशवाद की बेड़ियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। आज सब सभी का कुल द्विपक्षीय व्यापार करीब 220 अरब डॉलर का है। जयशंकर ने आईटीईसी कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का विकास सहयोग और बहुपक्षवाद के लिए समर्थन अंतर-संबद्धता और परस्पर निर्भरता के दर्शन से प्रेरित है, जो वसुधैव कुटुम्बकम के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक पिछले 55 वर्षों के दौरान आईटीईसी एक ऐसा माध्यम रहा है, जिसके जरिए भारत ने अपनी वृद्धि और विकास के विशाल और अनोखे अनुभव को साझा किया है। इसके तहत वैश्विक विकासशील देशों के 160 साझेदारों के दो लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों और पेशेवरों को देश के शीर्ष संस्थानों में प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर जयशंकर ने ई-विद्या भारती और ई-आरोग्य भारती की शुरूआत की, जो अफ्रीका के लिए टेली-शिक्षा और टेली-चिकित्सा परियोजना है और जो विदेश मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही बड़ी परियोजनाओं में एक है। जयशंकर ने कहा कि इस परियोजना के जरिए अफ्रीकी छात्र अपने घरों में बैठकर श्रेष्ठ भारतीय शिक्षा हासिल कर सकेंगे।

दुर्गा पूजा पंडाल में अजान बजने के बाद विवाद

एजेंसी। कोलकाता

● आयोजन समिति पर कानूनी कार्रवाई का खतरा, हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप, समिति के संरक्षक हैं तृणमूल विधायक

● आयोजकों ने तर्क दिया : सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने के लिए ऐसा किया गया

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक दुर्गा पूजा समिति, थीम संगीत के तौर पर संस्कृत भजन के साथ आज़ान बजाकर विवादों में आ गई है। समिति पर कानूनी कार्रवाई होने का खतरा मंडरा रहा है। इस समिति के संरक्षक तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता हैं।

बहरहाल, आयोजक इस बात पर जोर देर रहे हैं कि इस साल पूजा के लिए समिति ने सांप्रदायिक सौहार्द की थीम का चयन किया था। इसी के तहत ऐसा किया गया। उत्तर कोलकाता के एक पंडाल के अंदर कुछ आंगुतकों ने शिकायत की कि संस्कृत के भजनों के साथ-साथ आज़ान की आवाज़ आ रही थी। आज़ान मस्जिद से होती है और यह लोगों को मस्जिद में नमाज़ अदा करने के लिए बुलाने के लिए होती है। बहरहाल, पूजा समिति ने अपने निर्णय का बचाव करते हुए कहा कि ऐसा सामुदायिक पूजा की थीम के तहत किया गया है जो सांप्रदायिक सौहार्द है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील शांतनु सिंह ने कहा कि उन्होंने बेलाघाट थाने में शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आयोजक दुर्गा पूजा पंडाल में आज़ान की इजाजत देकर पश्चिम बंगाल की शांति व्यवस्था में खलल डाल रहे हैं। पुलिस ने हालांकि कहा कि अभी उसे कोई शिकायत नहीं मिली है।

सिंह ने सोमवार को बताया, पूजा पंडाल में हर 10-15 मिनट में आज़ान बजाई गई जिससे मैं स्तब्ध रह गया। वे कह रहे हैं कि थीम सांप्रदायिक सौहार्द है। दुर्गा पूजा के दौरान हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर वे किस तरह के सांप्रदायिक सद्भाव का प्रचार कर रहे हैं? सिंह ने कहा कि उन्होंने आयोजकों के खिलाफ अदालत जाने का निर्णय किया है। पूजा पंडाल में आज़ान बजाने को लेकर कुछ लोगों ने अपनी नाराजगी जताई है, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक, तृणमूल कांग्रेस के विधायक परेश पाल ने कहा कि पूजा की थीम अमरा एक एका नोई (हम एक हैं, अकेले नहीं) है। थीम गीत के तौर पर आज़ान के अलावा, ओम मंत्र भी बजाए गए हैं, जो कहते हैं कि सभी धर्म एक ही बात करते हैं। हिन्दू जागरण मंच के नेता विवेक सिंह ने भी आयोजकों को अदालत में घसीटने की धमकी दी। सिंह ने कहा, पूजा थीम के नाम पर क्या हम दुर्गा पूजा की थीम के साथ खेल सकते हैं, अपने धर्म के साथ खेल सकते हैं? फूलबागान थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और अगर जरूरत पड़ी तो हम परेश पाल और उनके सहयोगियों के खिलाफ कानूनी रास्ते अपनाएंगे।

दूसरी ओर पाल ने कहा कि समावेश की भावना को पेश करने के लिए पूजा पंडालों को मंदिर, चर्च और मस्जिद का रूप दिया गया है। पाल ने कहा कि पूजा समिति किसी संगठन या व्यक्ति से भयभीत नहीं होगी। उन्हें प्राथमिकी दर्ज कराने दें या कानूनी रास्ता अपनाने दें। हम लड़ेंगे। उन्होंने कहा, क्या हिन्दू, मुसलमान की ओर से दी गई इफ्तार दावत में शामिल नहीं होते हैं? क्या मुस्लिम विजय दशमी नहीं मनाते है? बंगाल का विश्वास हमेशा से एकजुटता में रहा है... जिन लोगों को बंगाल की दुर्गा पूजा के बारे में कोई समझ नहीं है, वे नफरत का संदेश फैला रहे है।

चित्तूर में नवरात्र के अवसर पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के रथ को खींचते श्रद्धालु

आर्थिक नरमी बने रहने की आशंकाओं के बीच सेंसेक्स 141 अंक गिरा

एजेंसी। मुंबई

शेयर बाजारों में सोमवार को उतार चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बीएसई 30 सेंसेक्स 141 अंक गिरकर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, दवा और रोजर्मा के उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयर में मुनाफा वसूली से बाजार पर दबाव रहा।

उतार चढाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 141.33 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 37,531.98 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 37,480.53-37,919.47 अंक के बीच रहा। इसी तरह एनएसई निफ्टी 48.35 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 11,126.40 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेस के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों को दूसरी तिमाही के आंकड़ों में भी जीडीपी आंकड़ों के नीचे आने की आशंका है, इसलिए बाजार में कारोबार सीमित दायरे में बना हुआ है। कमजोर मांग के चलते वाहन, बैंक और अवसंरचना क्षेत्र पहले ही धीमी गति से चल रहे हैं।

हालांकि मानसून के बेहतर रहने और कारपोरेट कर में कटौती का लाभ लेने के चलते कुछ ब्लूचिप कंपनियों के शेयर में लिवाली का दौर रहा है।

सरकार के भारत पेट्रोलियम के निजीकरण किए जाने का रास्ता साफ किए जाने के बाद एनएसई पर कंपनी का शेयर पांच प्रतिशत तक गिर गया। सेंसेक्स में शामिल ओएनजीसी, आईटीसी, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, टीसीएस, सन फार्मा, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक और टेक महिंद्रा के शेयर में 2.97 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। दवा कंपनी ग्लेनमार्क का शेयर नौ प्रतिशत से अधिक गिरकर बंद हुआ है। इसकी वजह कंपनी के हिमाचल प्रदेश स्थित विनिर्माण संयंत्र को लेकर अमेरिकी नियामक की ओर से चेतावनी मिलना है। अरबिंदो फार्मा के शेयर में 19 प्रतिशत से अधिक गिरावट देखी गई है। इसके अलावा ल्यूपिन का शेयर 2.69 प्रतिशत, सिपला का 2.35 प्रतिशत और सन फार्मा का 1.57 प्रतिशत तक गिर गया है। वित्त क्षेत्र की दीवान हाउसिंग फाइनेंस (डीएचएफएल) का शेयर भी 7.52 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसकी वजह कंपनी के परिणाम जारी करने में देरी के चलते डिपॉजिटरी सीडीएसएल का कंपनी के प्रवर्तकों की शेयरधारिता पर रोक लगा देना है। वहीं नए निवेश की उम्मीद में एस बैंक का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत तक चढ़ गया। एक्सिस बैंक, बजाज ऑटो, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, हीरो मोटोकॉर्प और बजाज फाइनेंस के शेयर में 2.53 प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। बीएसई का मिड कैप और स्मॉल कैप सूचकांक भी 0.75 प्रतिशत तक गिर गया। विशेषज्ञों के अनुसार कारपोरेट कर में कटौती के बाद बाजार में मुनाफा वसूली का दौर देखा जा रहा है। रिजर्व बैंक के रेपो दर में कटौती के बाद भी निवेशकों का रुख मजबूत नहीं हो पाया है। इसके अलावा एशियाई और यूरोपीय बाजार के कमजोर संकेतों से भी निवेशक धारणा कमजोर हुई है। इस बीच दिन में कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे गिरकर 71.07 पर चल रहा रहा।

कंपनियों केअर्थशास्त्रियों ने अमेरिकी आर्थिक वृद्धि दर में तेज गिरावट की आशंका जताई

वाशिंगटन। अमेरिका की शीर्ष कंपनियों के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ट्रंप का चीन के साथ व्यापार युद्ध इस साल और अगले साल आर्थिक वृद्धि में तेज गिरावट ला सकता है। इन अर्थशास्त्रियों ने साथ अगले साल के अंत से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी शुरू होने को लेकर चिंता भी जताई है। नेशनल एसोसिएशन फॉर बिजनेस इकोनॉमिक्स से जुड़े 51 के अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए एक में अनुमान लगाया है कि आर्थिक वृद्धि दर 2018 के 2.9 प्रतिशत की तुलना से गिरकर 2019 में 2.3 प्रतिशत रह जाएगी। इससे पहले समिति ने जून में 2019 में आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2020 के लिए जीडीपी वृद्धि दर गिरकर 1.8 प्रतिशत पर आ सकती है। उनका अनुमान है कि फिलहाल अगले 12 महीनों तक मंदी आने की आशंका कम है लेकिन अगले साल के अंत तक इसका जोखिम बढ़ सकता है।

जेएसडब्लू स्टील के सितंबर तिमाही का इस्पात उत्पादन 16 प्रतिशत बढ़कर 15.8 लाख टन

एजेंसी। नई दिल्ली

जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) का इस्पात एवं संबंधित उत्पादों का घरेलू उत्पादन चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़कर 15.8 लाख टन रहा। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। पिछले साल इसी अवधि में यह उत्पादन 13.6 लाख टन था। कंपनी ने बताया कि जुलाई-सितंबर में उसकी बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 14.6 लाख टन हो गई। सूचना में जेपीसीएल के प्रबंध निदेशक वी. आर. शर्मा ने कहा, कंपनी के मजबूत परिचालन और बाजार के प्रदर्शन की वजह से जेपीसीएल के लिए यह सबसे बेहतर तिमाहियों में से एक रहा है। कंपनी इस साल अपने अधिकतम मात्रा का उत्पादन करने के मार्ग पर है तथा अंगुल में उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के साथ, हमें पूरा भरोसा है हम उत्पादन और बिक्री के संदर्भ में विकास की गति को कायम रखेंगे।

एनटीपीसी विंध्याचल का सबसे पुराना शाहपुर फ्लाईऐश डैम फूटा

एजेंसी। सिंगरौली (मध्यप्रदेश)

नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन (एनटीपीसी) विंध्याचल परियोजना का सबसे पुराना फ्लाईऐश बांध रविवार शाम अचानक फूट गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। यह परियोजना सिंगरौली जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर शाहपुर में स्थित है।

ग्रामीणों ने दावा किया है कि इस बांध के फूटने से आसपास के गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। इससे स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं खेतों के लिए नुकसानदायक राख का बहता ढेर खेतों सहित चारों तरफ दिखने लगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि इससे कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है, लेकिन बांध के आसपास घास चरने गए लगभग आधा सैकड़ा मवेशी जरूर बह गए हैं, जिनका अभी तक कोई पता

आसपास के ग्रामीणों में दशहत

नहीं चला है। हालांकि, पुलिस ने बताया कि फ्लाईऐश बांध से किसी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने भी इस बात की पुष्टि की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना का ग्राम शाहपुर में स्थित फ्लाईऐश बांध रविवार की शाम 4 बजे फूट गया। उन्होंने कहा कि इस हादसे से आसपास स्थित गांव जयनगर, जुवाड़ी, अमहवा टोला व गहिलगढ़ पूर्व की बस्ती के लोग सकते में आ गए थे, लेकिन इससे कोई प्रभावित नहीं हुआ है। एनटीपीसी विंध्याचल के सहायक प्रबन्धक लालमणि पाण्डे ने बताया कि इस फ्लाईऐश बांध के फूटने से मलबा अचानक तेजी से बहने लगा। बीच में नाला होने की वजह से डैम का राख रिहन्द जलाशय में समाहित हो गया। पाण्डे ने बताया कि बांध फूटने की घटना में किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि एनटीपीसी विंध्याचल का ही नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बांध का तकरीबन 50 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश रिहंद में बह गया है बाकी बचे हुए राख को हटाने का काम रविवार की देर रात्रि से युद्ध स्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना के बाद एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के कार्यकारी निदेशक देवाशीष मुखर्जी, सिंगरौली जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेंडे बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को अलर्ट किया।

मलेशिया में एमडीबी घोटाले में पूर्व पीएम के भाई समेत अन्य पर 10 करोड़ डॉलर का जुर्माना

एजेंसी। कुआलालंपुर

मलेशियाई एजेंसियों ने। एमडीबी भ्रष्टाचार मामले से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच के दायरे को बढ़ाते हुए 80 इकाइयों पर करीब 10 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। इसमें मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री के भाई नजीर रजाक भी शामिल हैं। मलेशिया के भ्रष्टाचार - रोधी आयोग की प्रमुख ने सोमवार को यह बात कही। यह जुर्माना सरकारी निवेश कोष। एमडीबी से 2009-2014 के बीच लूटे गए अरबों डॉलर की जांच से जुड़ा है। इन पैसों को यॉच से लेकर महंगी कलाकृति खरीदने तक पर खर्च किया गया है। मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री पर भी इस घोटाले में शामिल होने का आरोप है।

मलेशियाई भ्रष्टाचार - रोधी आयोग की प्रमुख लतीफा कोया ने कहा कि एजेंसी को 80 लोगों , कंपनियों और राजनीतिक दलों से करीब 42 करोड़ रिंगित (10 करोड़ डॉलर) की वसूली होने की उम्मीद है। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक के छोटे भाई नजीर रजाक भी शामिल हैं। लतीफा ने संवाददाताओं को बताया कि नजीर मलेशिया के दूसरे सबसे बड़े बैंक सीआईएमबी ग्रुप होल्डिंग्स के चेयरमैन थे। दिसंबर 2018 में उन्होंने बैंक छोड़ दिया था। इन लोगों और इकाइयों पर नजीब से जुड़े खाते के जरिए। एमडीबी से पैसे निकालने का आरोप है।

पूर्व प्रधानमंत्री नजीब को सत्ता जाने के बाद पिछले साल गिरफ्तार किया गया था और इस घोटाले से जुड़े दर्जनों आरोप लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों को जुर्माने का भुगतान करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है।



यूनिलीवर 2025 तक आधा करेगी वर्जिन प्लास्टिक का उपयोग

एजेंसी। नई दिल्ली

रोजर्मा के उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली वैश्विक कंपनी यूनिलीवर ने सोमवार को अपने उत्पादों की पैकिंग में प्लास्टिक का उपयोग कम करके कचरे में कमी लाने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी 2025 तक अपनी पैकेजिंग में एक लाख टन प्लास्टिक को कम करेगी। साथ ही खुद के द्वारा बेचे जाने वाली प्लास्टिक से अधिक का संग्रहण और प्रसंस्करण करेगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि 2025 तक वह अपने वर्जिन प्लास्टिक के उपयोग को आधा करेगी। इसके स्थान पर वह पुनर्चक्रित प्लास्टिक को बढ़ावा देगी। वहीं कुल प्लास्टिक पैकेजिंग में कंपनी एक लाख टन की कमी लाएगी। वर्तमान में कंपनी पैकेजिंग में सालाना सात लाख टन प्लास्टिक का इस्तेमाल करती है। वर्जिन प्लास्टिक का विनिर्माण प्राकृतिक गैस या कच्चे तेल जैसे पेट्रोरसायन से सीधे होता है। इस प्लास्टिक का ना तो पहले कभी इस्तेमाल किया गया होता है और ना ही प्रसंस्करण। कंपनी ने कहा कि वह जितना प्लास्टिक बेचती है, उससे ज्यादा के संग्रहण और प्रसंस्करण में भी मदद करेगी। बयान के मुताबिक, इसके बाद यूनिलीवर दुनिया की पहली ऐसी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी है जिसने अपने सभी पोर्टफोलियो में प्लास्टिक उपयोग कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। कंपनी 2025 तक अपनी कुल पैकेजिंग में 25 प्रतिशत पुनर्चक्रित प्लास्टिक का उपयोग करेगी। वहीं वह 2025 तक अपनी सभी प्लास्टिक पैकेजिंग को पुन:उपयोग, पुनर्चक्रण या कंपोस्ट में काम आने लायक बनाने की दिशा में बढ़ रही है। यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन जोप ने कहा कि हम प्लास्टिक के कचरे को तभी कम कर सकते हैं जब हम तेजी से और प्लास्टिक के चक्र के हर बिंदु पर काम करें। हमारा पहला चरण डिजाइन और खुद के प्लास्टिक उपयोग को कम करना है। साथ ही हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम पुनर्चक्रित स्रोत से आने वाली प्लास्टिक का उपयोग बढ़ाएं।

ओयो जुटाएगी 1.5 अरब डॉलर, कारोबार बढ़ाने में करेगी खर्च

नई दिल्ली। हॉस्पिटैलिटी कंपनी ओयो होटल्स एंड होम्स नए दौर के वित्तपोषण में 1.5 अरब डॉलर जुटाएगी। कंपनी इसका उपयोग अमेरिका में कारोबार का विस्तार करने और यूरोप में किराया कारोबार में अपनी स्थिति को मजबूत करने में करेगी। ओयो होटल्स ने बयान में कहा कि एफ - श्रृंखला के वित्तपोषण के हिस्से के रूप में आरए हॉस्पिटैलिटी होल्डिंग्स कंपनी में 70 करोड़ डॉलर डालेगी। यह प्राथमिक पूंजी होगी। बाकी बची 80 करोड़ डॉलर की पूंजी अन्य मौजूदा निवेशकों द्वारा निवेश की जाएगी। पूंजी का एक अहम हिस्सा अमेरिकी बाजार में वृद्धि के लिए और यूरोप में होटल किराया कारोबार में कंपनी की स्थिति मजबूत करने में उपयोग किया जाएगा। ओयो होटल्स एंड होम्स के संस्थापक और वैश्विक सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा कि कंपनी को सॉफ्टबैंक विजन फंड , लाइटस्पीड और सिकोइया कैपिटल का निरंतर समर्थन है ताकि दुनियाभर के 3.2 अरब मध्यम आयवर्ग के लोगों को अच्छी आतिथ्य सेवाएं देने की प्रतिबद्धता को हकीकत में बदला जा सके।

बीएमडब्ल्यू की एम 5 कंपटीशन भारत में पेश, कीमत 1.55 करोड़ रुपए

एजेंसी। नई दिल्ली

जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने अपनी प्रीमियम सेडान एम5 कम्पटीशन का उन्नत संस्करण सोमवार को पेश किया। शोरूम में इसकी कीमत 1.55 करोड़ रुपए है।

कंपनी ने बयान में कहा कि नई एम 5 कम्पटीशन में 8 सिलेंडर पेट्रोल पावरट्रेन (इंजन) दिया गया है। यह मॉडल सोमवार से सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। एम 5 कम्पटीशन आठ स्पीड ट्रांसमिशन के साथ 625 हॉर्स पावर (एचपी) के इंजन के साथ आती है। कंपनी का दावा है कि यह कार 0 से 100 किमी की रफ्तार सिर्फ 3.3 सेकंड में पकड़ सकती है। इसके अलावा इस मॉडल में डायनमिक स्टैबिलिटी कंट्रोल, कॉर्नरिंग ब्रेक कंट्रोल, डायनमिक ब्रेक कंट्रोल समेत अन्य फीचर्स दिए गए हैं।

आईडीबीआई बैंक एमजेन ट्रांसपोर्टेशन का एनपीए खाता बेचेगा, बोलियां मांगी

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक ने गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) बन चुके एमजेन ट्रांसपोर्टेशन इंडस्ट्रीज के खाते को बेचने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। इसके लिए आरक्षित मूल्य 52 करोड रुपए रखा गया है। बैंक का इरादा एमजेन के एनपीए खाते का पूर्ण नकद आधार पर संपत्ति पुनर्गठन कंपनियों-बैंकों-एनबीएफसी-एफआई को बेचने का है। बैंक की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इस एनपीए खाते की बिक्री नियामकीय दिशानिर्देशों तथा वित्तीय संपत्तियों को बेचने की बैंक की नीति के तहत की जा रही है। एमजेन को पूर्व में एमटेक रेलकार इंडस्ट्रीज के नाम से जाना जाता था। आईडीबीआई बैंक ने कहा कि बोली जमा कराने की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर है।

जनरल मोटर्स में हड़ताल समाप्त करने को लेकर जारी वार्ता बिगड़ी

एजेंसी। सान फ्रांसिस्को

जनरल मोटर्स में तीन सप्ताह से जारी हड़ताल को समाप्त करने के लिए चल रही वार्ता और बिगड़ गई है। यूनाइटेड आटोवर्कर्स यूनियन (यूएडब्ल्यू) के एक शीर्ष वार्ताकार ने रविवार को यह बात कही। यह हड़ताल बेहतर वेतन और नौकरी की सुरक्षा की मांग को लेकर की जा रही है। यूनियन के उपाध्यक्ष टेरी डिट्स ने बयान में कहा कि कुछ दिन पहले महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रगति के बाद अब कंपनी यूएडब्ल्यू से जुड़े कर्मचारियों को उचित लाभ देने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अब यह बातचीत बिगड़ चुकी है। डिट्स ने जनरल मोटर्स में श्रम संबंध उपाध्यक्ष स्कॉट सैंडरफुर को लिखे पत्र में कहा कि शनिवार शाम को यूनियन की ओर से एक विस्तृत प्रस्ताव पैकेज सौंपा गया था। पत्र में उन्होंने कहा कि आपने रविवार को इसका जवाब देते हुए इस प्रस्ताव को खारिज करने की वजह बताने का पेशेवर शिष्टाचार भी नहीं निभाया।

वोडाफोन आइडिया का किया मोटर्स के साथ इंटरनेट से जुड़ी कार सेवाएं देने के लिए समझौता

एजेंसी। नई दिल्ली

दूरसंचार सेवाप्रदाता वोडाफोन आइडिया ने किया मोटर्स के साथ भारत में साझेदारी की है। यह समझौता किया मोटर्स की एसयूवी सेल्टॉस में कनेक्टेड (इंटरनेट से जुड़ी) कार सेवाओं के लिए इंटरनेट उपलब्ध कराएगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत वह किया मोटर्स की इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) कारोबारी सेवाओं के समाधान और कई सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इसमें मानचित्र और वास्तविक समय में यातायात जानकारी शामिल है। कंपनी ने कहा कि कंपनी की वाहनों के लिए आईओटी समाधान की विशेषज्ञता किया को घरेलू बाजार में मजबूत पकड़ बनाने में मदद करेगी। इसके लिए कंपनी ई-सिम को वॉयस, 3जी या 4जी, एसएमएस और सुरक्षित एपीएन सेवाओं का एकीकृत समाधान पेश करेगी। इस मौके पर कंपनी के मुख्य कारोबारी अधिकारी निक ग्रिलडॉन ने कहा कि कनेक्टेड कार जो भारतीय बाजार में नया और महत्वाकांक्षी विचार है, अब हकीकत में तब्दील हो चुका है। किया मोटर्स इंडिया के उपाध्यक्ष एवं बिक्री एवं विपणन प्रमुख मनोहर भट ने कहा कि इस साझेदारी से कंपनी को उसकी सेल्टॉस में बाधारहित इंटरनेट सेवा अनुभव कराने में मदद मिलेगी।

नेशनल फर्टिलाइजर्स ने अप्रैल-सितंबर में 27 लाख टन उर्वरक की रिकॉर्ड बिक्री की

नई दिल्ली। सार्वजनिक कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 27 लाख टन उर्वरक की रिकॉर्ड बिक्री की है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी ने 21.62 लाख टन उर्वरक की बिक्री की थी। एनएफएल ने बयान में कहा कि सभी पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने खरीफ 2019 (अप्रैल-सितंबर) के मौसम में 27 लाख टन की उर्वरक की बिक्री की।



कच्छ में 1,400 करोड़ रुपए की हवाई अड्डा परियोजना को पर्यावरण मंजूरी मिली

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुजरात के कच्छ में वाणिज्यिक हवाई अड्डा विकसित करने के लिए पर्यावरण मंजूरी दे दी है। इस पर करीब 1,400 करोड़ रुपए का निवेश होगा। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने विशेषज्ञों की समिति के रुख पर विचार करने के बाद हाल में परियोजना को मंजूरी दी है। मुंदरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना को विकसित कर रही है। दस्तावेज में कहा गया कि कुछ शर्तों के साथ मुंदरा इंटरनेशनल हवाई अड्डे की प्रस्तावित परियोजना को पर्यावरण मंजूरी दी गई है। कंपनी को सुरक्षा और परियोजना सुविधाओं के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से मंजूरी लेने के लिए कहा गया है। इस परियोजना से 8,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर मिलने का अनुमान है।

केंद्रीय लोक उपक्रमों को 12,000 मेगावाट की सौर परियोजनाएं स्थापित करने को कहा गया

एजेंसी। नई दिल्ली

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय लोक उपक्रमों को 12,000 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर फोटोवोल्टिक बिजली परियोजनाएं स्थापित करने के लिए कहा है। मंत्रालय ने सरकार उत्पादक योजना के तहत यह बात कही है। सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से 2022 तक 1,75,000 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाकी की अवधि में सालना नई 30,000 मेगावाट क्षमता स्थापित करनी होगी।

मंत्रालय की ओर से यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि नियामकीय चुनौतियों, नीति के मोर्चे पर अनिश्चितता और शुल्क में भारी गिरावट की वजह से देश नवीकरणीय ऊर्जा के लक्ष्य को हासिल करने से चूक सकता है।

क्रिसिल का अनुमान है कि वर्तमान रफ्तार से सरकार नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने के 2022 के लक्ष्य से 42 प्रतिशत पीछे रह सकती है। मंत्रालय के एक परिपत्र के अनुसार नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र का निवेश आकर्षित करने के लिए सीपीएसयू स्कीम चरण-2 (सरकारी उत्पादक योजना) जारी की है। यह ग्रिड से जुड़ी कुल 12000 मेगावाट क्षमता की

सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए है। इसका लक्ष्य न केवल कुल लक्ष्य का हासिल करने की दिशा में बढ़ना है बल्कि इसके साथ देश में सौर फोटो वोल्ट मंत्रालय के सीपीएसयू योजना के दूसरे चरण का उद्देश्य केवल निर्धारित लक्ष्य को हासिल करना ही नहीं है बल्कि घरेलू सौर उपकरण विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना भी है। यह सरकार के अगले पांच साल में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 100 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता से जुड़ा है।

मंत्रालय ने नौ सितंबर 2019 के पत्र में लोक उद्यम विभाग से अनुरोध किया है कि नवीकरणीय ऊर्जा विशेष तौर पर सौर एवं पवन ऊर्जा सस्ती हो गई है और इसे अपनाना आर्थिक एवं वाणिज्यिक नजरिए से अच्छा है। लोक उद्यम विभाग केंद्रीय लोक उपक्रमों द्वारा नवीकरणीय बिजली के उपयोगै शामिल कर सकते हैं।

जगुआर लैंड रोवर की बिक्री सितंबर तिमाही में मामूली गिरकर 1.29 लाख इकाई पर

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) की चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर में बिक्री पिछले साल इसी अवधि के तुलना में मामूली गिरकर 1,28,953 इकाई पर रही। इस दौरान जगुआर की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत गिरकर 37,323 इकाई रह गई जबकि लैंड रोवर की खुदरा बिक्री पिछले साल जुलाई-सितंबर के मुकाबले 4.2 प्रतिशत बढ़कर 91,630 वाहनों पर रही। जेएलआर ने बयान में कहा कि बिक्री के यह आंकड़े चीन में खुदरा बिक्री (24.3 प्रतिशत) में सुधार को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र में कंपनी की लगातार तीसरे महीने बिक्री में वृद्धि दहाई अंक में रही। जगुआर लैंड रोवर के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी फेलिक्स ब्रॉटिगम ने कहा कि लगातार तीन महीनों के चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के खिलाफ हमने चीन में दहाई अंक में वृद्धि हासिल की है।

अनुसंधान के लिए तीन वैज्ञानिकों को मिला चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

कोशिकाओं और ऑक्सीजन पर किया है अध्ययन

एजेंसी। स्टाकहोम



विलियम कैलिन

पीटर रैटक्लिफ

मानव शरीर में कोशिकाएं ऑक्सीजन की उपलब्धता का आभास कैसे करती हैं और कैसे खुद को उसके अनुकूल बनाती हैं, इस विषय पर अनुसंधान के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों विलियम कैलिन तथा ग्रेग सेमेंजा और ब्रिटेन के पीटर रैटक्लिफ को चिकित्सा क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। निर्णायक मंडल ने सोमवार को तीनों वैज्ञानिकों के नाम की घोषणा करते हुए कहा, उन्होंने इस संबंध में हमारी समझ को आधार प्रदान किया कि ऑक्सीजन का स्तर कोशिकीय चयापचय (सेलुलर मेटाबोलिज्म) और शारीरिक क्रियाकलापों को किस तरह प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, उनके अनुसंधान से एनीमिया, कैंसर और अन्य कई बीमारियों से लड़ने की भरोसा पैदा करने वाली नई रणनीतियों का रास्ता साफ हो गया है। ज्यूरी के अनुसार तीनों वैज्ञानिकों ने उस आणविक तंत्र की पहचान की जो ऑक्सीजन के विविध स्तरों के चलते जीन्स की गतिविधियों को नियंत्रित करता है। इससे कई बीमारियां जुड़ी होती हैं। निर्णायक मंडल ने कहा, अकादमिक प्रयोगशालाओं और फार्मास्युटिकल्स कंपनियों में इस तरह की दवाएं बनाने के गहन प्रयास चल रहे हैं जो ऑक्सीजन संवेदी तंत्र को सक्रिय कर या अवरुद्ध कर विभिन्न रोगों की अवस्थाओं में कारगर हो सकती हैं।

कैलिन अमेरिका के हॉवर्ड ह्यूजिस मेडिकल इंस्टिट्यूट में काम करते हैं, वहीं सेमेंजा, जॉन हापकिन्स इंस्टिट्यूट फॉर सेल इंजीनियरिंग में वस्क्युलर रिसर्च प्रोग्राम के निदेशक हैं। रैटक्लिफ लंदन स्थित फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट में क्लिनिकल अनुसंधान के निदेशक और ऑक्सफोर्ड में टार्गेट डिस्कवरी इंस्टिट्यूट के निदेशक हैं। तीनों के बीच नोबेल पुरस्कार की 90 लाख स्वीडिश क्रोनोर (करीब 9,14,000 अमेरिकी डॉलर) की राशि साझा होगी। वे 10 दिसंबर को स्टाकहोम में एक औपचारिक समारोह में किंग कार्ल 16वें गुस्ताफ से पुरस्कार प्राप्त करेंगे। पिछले साल यह पुरस्कार अमेरिका के प्रतिरक्षा विज्ञानी जेम्स एलिसन और जापान के तासुकू होंजो को प्रदान किया गया था। इस साल के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेताओं की घोषणा मंगलवार को और रसायनशास्त्र के विजेताओं की घोषणा बुधवार को की जाएगी। साहित्य के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार विजेताओं का नाम बृहस्पतिवार को सामने आएगा। शांति के नोबेल पुरस्कार के विजेता का नाम शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। आगामी सोमवार, 14 अक्टूबर को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के विजेता का नाम घोषित किया जाएगा।

अल्बुकर्क में इंटरनेशनल बैलून फिएस्टा में गर्म हवा के गुब्बारों को देखते लोग

चीन के साथ सीपीईसी परियोजनाओं पर वार्ता करेगा पाक

एजेंसी। इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री इमरान खान की चीन यात्रा के दौरान पाकिस्तान 60 अरब डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के तहत पन बिजली, तेल रिफाइनरी और इस्पात मिलों के क्षेत्र में कई बड़ी परियोजनाओं पर चीन के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेगा।

पाकिस्तान के एक वरिष्ठ मंत्री ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री खान चीन की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को बीजिंग पहुंचेंगे। इस दौरान खान चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। खान उन अधिकतर सीपीईसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए शीर्ष चीनी नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे जो सरकार के सामने मौजूद वित्तीय संकट और भ्रष्टाचार रोधी संस्था राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के डर से नौकरशाही के असहयोग समेत विभिन्न कारणों के चलते कथित रूप से रुकी हुई हैं। खान ने पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। इसके बाद से चीन की यह उनकी तीसरी यात्रा होगी। इमरान खान की यह यात्रा इसलिए और महत्व रखती है क्योंकि इसके कुछ ही दिनों बाद अगले सप्ताह शी चेन्नई के निकट मामल्लापुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दूसरी अनौपचारिक शिखर वार्ता के लिए भारत जाएंगे।

खान की चीन यात्रा से पहले संघीय योजना, विकास एवं सुधार मंत्री मखदूम खुसरो बख्तियार ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को कहा कि पाकिस्तान पनबिजली, तेल रिफाइनरी और इस्पात मिलों के क्षेत्र में कई बड़ी परियोजनाओं को लेकर चीन में उच्च स्तरीय वार्ता करेगा। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, बख्तियार ने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, विज्ञान एवं तकनीक में संयुक्त उपक्रमों के अलावा एक प्रमुख एलएनजी टर्मिनल, 7000 मेगावाट बुंजी पनबिजली परियोजना, पाकिस्तान स्टील मिल्स, तेल रिफाइनरियों समेत अतिरिक्त परियोजनाओं पर समझौतों के लिए औपचारिक वार्ता आरंभ करेगा। अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ इस्लामाबाद की हाल में बातचीत के बाद कुछ परियोजनाओं का काम ढीला होने की हालिया रिपोर्ट का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, सीपीईसी पोर्टफोलियो के तहत सभी मौजूदा परियोजनाएं पटरी पर हैं और काम में किसी प्रकार की ढील नहीं आई है। बख्तियार ने कहा, इस यात्रा के दौरान पाकिस्तान-चीन संबंधों के सभी पहलुओं पर अर्थपूर्ण वार्ता होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे सीपीईसी सहयोग नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। रिपोर्ट के अनुसार मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री खान, राष्ट्रपति शी और चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग के साथ बैठकों में कई परियोजनाओं पर बात करेंगे।

कश्मीर पाकिस्तान के खून में है: मुशर्रफ

एजेंसी। इस्लामाबाद

बीमार पूर्व सैन्य तानाशाह परवेज मुशर्फ ने सक्रिय राजनीति में लौटने के बाद कहा है कि कश्मीर पाकिस्तान के खून में है और कुछ भी हो जाए, सेना के साथ देश कश्मीरी लोगों के साथ खड़ा रहेगा। दुबई में रह रहे जनरल (सेवानिवृत) मुशर्फ ने कारगिल संघर्ष का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि पाकिस्तान के शांति प्रयासों के बावजूद भारत उसे बार बार धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा, शायद, भारतीय सेना कारगिल की लड़ाई भूल गई है। उन्होंने दावा किया कि 1999 में इस संघर्ष को समाप्त करने लिए भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति से मदद मांगनी पड़ी थी। ऑल पाकिस्तान मुस्लिम लीग के 76 वर्षीय अध्यक्ष ने रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर दुबई से टेलीफोन से इस्लामाबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

एफएटीएफ के ग्रे लिस्ट में ही पाकिस्तान का नाम बरकरार रखने की संभावना

एजेंसी। इस्लामाबाद

आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में पाकिस्तान का नाम एफएटीएफ के ग्रे लिस्ट में ही बनाए रखने की संभावना है। ऐसा इसलिए कि एशिया पैसेफिक ग्रुप (एपीजी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में शामिल करते वक्त जो 40 अनुशंसाएं की थी उनमें से उसने सिर्फ एक का पालन किया है। ग्रे लिस्ट में पाकिस्तान को बरकरार या बाहर रखने पर फैसले को लेकर होने वाली एफएटीएफ की महत्वपूर्ण पूर्ण बैठक से दस दिन पहले शनिवार को एपीजी ने 228 पन्नों वाली यह बहुप्रतीक्षित परस्पर मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की है।

पाकिस्तान को पिछले साल जून में ग्रे लिस्ट में रखा गया था और उसे एक कार्ययोजना दी गई थी जिसे उसे अक्टूबर 2019 तक पूरा करना था। ऐसा नहीं करने पर उसे ईरान और उत्तर कोरिया की तरह काली सूची में डाले जाने की बात कही गई थी। पाकिस्तान द्वारा एपीजी को इस दिशा में प्रगति दिखाने की अंतिम तारीख अक्टूबर 2018 थी और पाकिस्तानी अधिकारियों ने जोर देकर कहा था कि उन्होंने पिछले साल इस दिशा में अच्छी प्रगति की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में कहा गया है कि रिपोर्ट के मुताबिक, धनशोधन और आतंकियों के वित्तपोषण पर लगाम लगाने से संबंधित एफएटीएफ की 40 अनुशंसाओं में से पाकिस्तान ने पूरी तरह से सिर्फ एक का अनुपालन किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि नौ पर उसने काफी हद तक काम किया जबकि 26 अनुशंसाओं पर आंशिक रूप से काम हुआ और चार सिफारिशों पर कोई काम नहीं किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में धन शोधन और आतंक के वित्तपोषण का काफी जोखिम है और उसे इन जोखिमों को लेकर अपनी समझ में सुधार करना होगा। ए जोखिम देश में संचालित विभिन्न आतंकी संगठनों से भी है। एपीजी रिपोर्ट के मुताबिक, एपीजी रिपोर्ट के बाद इस बात की काफी संभावना है कि पेरिस में 13 से 18 अक्टूबर के बीच होने वाली एफएटीएफ की पूर्ण बैठक के दौरान पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में ही बरकरार रखा जाए।

रिपोर्ट में कहा गया, इन विरोधी बातों के सामने आने के बाद एपीजी ने पहले ही पाकिस्तान को अपनी एक्स्पिडाइट एनहांस फॉलो-अप रिपोर्टिंग सूची में रखने का फैसला किया है। रिपोर्ट पाकिस्तान के इस आकलन से भी संतुष्ट नहीं है कि वहां धन शोधन और आतंक के वित्तपोषण का मध्यम जोखिम है। पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय जोखिम आकलन रिपोर्ट में यह नहीं माना था कि आतंकवाद को वित्त पोषण और समर्थन का बड़ा जोखिम है।

अदालत ने हाफिज सईद की याचिका पर नोटिस जारी किया

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को पंजाब सरकार और आतंक रोधी विभाग (सीटीडी) को नोटिस जारी कर आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाले मुंबई हमले के मुख्य सरगना और जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद की याचिका पर 28 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद को आतंकवाद को वित्तीय मदद मुहैया कराने के लिए 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। कड़ी सुरक्षा में उसे लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया है। सुनवाई के बाद अदालत के एक अधिकारी ने बताया, लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मोहम्मद कासिम खान के नेतृत्व वाली पीठ ने सईद और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के सीटीडी को नोटिस जारी कर मुद्दे पर 28 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा।

लंदन में पर्यावरण को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से छीनने के बाद एक मूर्ति के सिर को ले जाते हुए पुलिस कर्मी

लंदन में पुलिस ने 21 जलवायु कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, प्रदर्शन गरमाया

एजेंसी। लंदन

लंदन पुलिस ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ दिनों में 21 जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। ये विद्रोही समूह वैश्विक तापवृद्धि पर ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं। राजधानी की महानगरीय पुलिस ने कहा कि शनिवार और रविवार को हुए सार्वजनिक उपद्रव की साजिश रचने के संदेह में इन्हें गिरफ्तार किया गया है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर व्यापक प्रदर्शन से पहले बर्लिन और एम्स्टर्डम में प्रदर्शनकारियों ने सड़क को बंद कर दिया, जिस संबंध में ए गिरफ्तारियां की गईं। लंदन में सोमवार को भी प्रदर्शन हुए। समूह के प्रदर्शनकारियों ने अपने मुद्दे के प्रति लोगों का ध्यान खींचने की उम्मीद में लंदन का सामान्य जनजीवन को बाधित करने की कोशिश की, जिसमें वह सफल रहे। समूह के सदस्यों ने जनता और राजनेताओं को जलवायु आपातकाल के प्रति सजग करने के लिए अप्रैल में 10 दिवसीय कार्वाई के दौरान लदंन की कई सड़कों और पुलों को बंद कर दिया था। इस समूह के लोगों की मांग है कि 2025 तक शुद्ध कार्बन उत्सर्जन को घटाकर शून्य के स्तर पर लाया जाए।

बगदाद में फिर संघर्ष, आठ लोगों की मौत

बगदाद (एजेंसी)। इराक की राजधानी बगदाद में सरकार विरोधी रैलियों के छठे दिन सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच फिर हुए संघर्ष में आठ प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। चिकित्सकों और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन संघर्षों में मरने वालों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। सरकार ने मंगलवार को शुरू हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर शनिवार रात भर चले अभूतपूर्व सत्र के बाद कई सुधारों की घोषणा थी।

नकाब पर प्रतिबंध में पहली बार हांगकांग के प्रदर्शनकारी अदालत में पेश

एजेंसी। हांगकांग

पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच सप्ताहांत में हुए हिंसक संघर्षों के बाद सोमवार को हांगकांग के दो प्रदर्शनकारी नकाब पहनने पर लगे नए प्रतिबंध का उल्लंघन करने के मामले में अदालत में पेश हुए। शहर की बीजिंग समर्थक नेता कैरी लाम ने औपनिवेशिक काल की आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदर्शन के दौरान चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लगा दिया है जिसके बाद से हांगकांग में पिछले तीन दिन से रैलियां और दंगे हो रहे हैं।

लाम ने कहा कि चार महीनों से जारी लोकतंत्र समर्थक रैलियों पर रोक लगाने के लिए यह प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध के बावजूद शहर में अराजकता खत्म नहीं हुई है और यह नकाब पहनकर प्रदर्शन करने वालों की भीड़ को रोकने में नाकाम रहा है। एक विश्वविद्यालय के एक छात्र और 38 वर्षीय एक महिला को अवैध रूप से नकाब पहनने के मामले में सोमवार को अदालत में पेश किया गया। इस मामले में अदालत में किसी को पेश किए जाने का यह पहला मामला है। इस दौरान कई लोग अपना चेहरा ढककर अदालत की कार्यवाही देखने पहुंचे।

दोनों प्रदर्शनकारियों पर अवैध रूप से एकत्र होने और नकाब पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। पहला आरोप साबित होने पर तीन साल और दूसरा आरोप साबित होने पर अधिकतम एक साल की सजा हो सकती है। दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। अदालत के बाहर प्रदर्शनकारियों ने नकाब पहनना अपराध नहीं है कानून अनुचित है के नारे लगाए। कई प्रदर्शनकारियों ने आशंका जताई कि इस प्रतिबंध के बाद और आपातकालीन आदेश लागू किए जा सकते है। इस बीच, चीनी प्रसारक सीसीटीवी ने ह्यूस्टन रॉकेट के मैचों का प्रसारण रोकने की घोषणा की है। ह्यूस्टन रॉकेट अमेरिका की पेशेवर बास्केट बाल टीम है। हांगकांग प्रदर्शन के समर्थन में किए गए ट्वीट के बाद चीन में इसके खिलाफ विरोध शुरू हो गया था।

खेल चैनल सीसीटीवी ने रविवार रात अपने चैनल वायबो पर एक बयान में कहा कि वह टीम के महाप्रबंधक डेरिल मोरे द्वारा ट्विटर पर डाले गए अनुचित बयान की कड़ी निंदा करते हैं।हांगकांग में चीनी शासन के खिलाफ लोगों की नाराजगी और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्वाई को लेकर पिछले 18 सप्ताह से अशांति का माहौल है।

राष्ट्रपति पद की दौड़ में 35 उम्मीदवार शामिल

श्रीलंका में चुनाव

एजेंसी। कोलंबो

श्रीलंका में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सोमवार को रिकॉर्ड 35 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना पूर्व रक्षा मंत्री और विपक्ष के प्रमुख उम्मीदवार गोतबाया राजपक्षे का समर्थन करेंगे। सिरिसेना ने शनिवार को विपक्ष के नेता महिंदा राजपक्षे से अहम बातचीत की थी। उन्होंने गोतबाया की उम्मीदवारी का समर्थन करने का फैसला किया है जो अब सत्तारूढ़ यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के प्रत्याशी सजीत प्रेमदासा के खिलाफ विपक्ष के प्रमुख उम्मीदवार हैं। सिरिसेना की फ्रीडम पार्टी (एसएलएफपी) ने राजपक्षे की पीपुल्स पार्टी से फूल की कली का चुनाव चिन्ह छोड़ने की मांग की है ताकि एक समान चिन्ह के तहत चुनाव लड़ा जा सके। बहरहाल,

एसएलपीपी के सूत्रों ने बताया कि एसएलपीपी ने अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया है क्योंकि पार्टी अपने चिन्ह के तहत जमानत राशि पहले ही जमा कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और निर्दलीय समूहों के रिकॉर्ड 41 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए रविवार को नकद जमानत राशि जमा कराई। यह इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की सबसे बड़ी संख्या है। उन्होंने बताया कि कुल 41 उम्मीदवारों ने जमानत राशि जमा कराई है लेकिन छह ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। जमानत राशि जमा कराने की समयसीमा रविवार दोपहर 12 बजे खत्म हो गई और 41 उम्मीदवारों में सिरिसेना का नाम शामिल नहीं है। उन्होंने जमानत राशि जमा नहीं कराई है। इसके अलावा, 1982 के बाद पहली बार हो रहा है जब मौजूदा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या विपक्ष का नेता चुनाव नहीं लड़ रहा है। राष्ट्रपति सिरिसेना, प्रधानमंत्री रनिल विक्रसिंघे, और मुख्य विपक्षी नेता महिंदा राजपक्षे अलग अलग कारणों से चुनाव मैदान में नहीं है। उम्मीदवार 12 नवंबर तक प्रचार करेंगे और 16 नवंबर को चुनाव होना है।

भक्तपुर में नवरात्र पर हथियारों की पूजा करते हुए नेपाली सेना के अधिकारी

आर्यन को एकल बढ़त, प्रागनानंदा और मित्रभा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर

मुंबई। ईरान के आर्यन घोलामी ने सोमवार को यहां विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप के सातवें दौर मे शानदार जीत की बदौलत अंडर-18 ओपन मे एकल बढ़त हासिल की। भारत के ग्रैडमास्टर आर प्रागनानंदा आर्मेनिया के शीर्ष वरीय सार्गस्यान शांत के खिलाफ ड्रा खेलने से संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए। वह 5.5 अंक के साथ आईएम मित्रभा गुहा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। मित्रभा ने लगातार दूसरी जीत से अपने अंक 5.5 पहुंचा दिए। देश के एक अन्य ग्रैडमास्टर पी इनियान ने पैट्रिक गिलेवस्की से अंक बांटे। अंडर-18 बालिका वर्ग मे रूस की महिला आईएम और शीर्ष वरीय पोलिना शुवालोवा ने अन्ना अफ्रोनासिएवा पर आसान जीत दर्ज की।

गुजरात फोर्च्यूनजाइंट्स ने तेलुगू टाइटन्स को हराया

ग्रेटर नोएडा। गुजरात फोर्च्यूनजाइंट्स ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग के सातवें सत्र के मैच मे तेलुगू टाइटन्स को 48-38 से शिकस्त दी। गुजरात की टीम के लिए सोनू ने 17 रेड अंक (पीकेएल इतिहास मे गुजरात का सर्वश्रेष्ठ रेड प्रदर्शन) हासिल किए जिससे छठे सत्र की उप विजेता टीम ने अपना अभियान सकारात्मक तरीके से समाप्त किया। हालांकि दोनो टीमे टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। लेकिन दोनो टीमो ने बेहतरीन जज्बा दिखाया और तेलुगू टाइटन्स ने पहले हाफ तक 21-13 से बढ़त बनाई हुई थी। लेकिन सोनू के प्रदर्शन से गुजरात ने जीत हासिल की

डेनमार्क का वीजा हासिल करने के लिए विदेश मंत्रालय से मदद मांगी साइना ने

नई दिल्ली। शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को अगले हफ्ते होने वाले डेनमार्क ओपन मे भाग लेने के लिए वीजा मुद्दो का सामना करना पड़ रहा है और उन्होने इसे सुलझाने के लिए विदेश मंत्रालय की मदद मांगी है। डेनमार्क ओपन शीर्ष बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट है जो 15 से 20 अक्टूबर तक ओडेन्से मे खेला जाएगा। साइना ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को टैग करते हुए ट्वीट किया, मेरे और मेरे ट्रेनर के लिए डेनमार्क जाने के लिए वीजा के संबंध मे मेरा आपसे अनुरोध है। मुझे अगले हफ्ते ओडेन्से मे टूर्नामेंट मे खेलना है और अभी तक हमारे वीजा नही बने है। हमारे मैच अगले हफ्ते मंगलवार से शुरू हो रहे है।

भारत के युवा फुटबालरों को बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में पहली जीत की उम्मीद

गुवाहाटी। पिछले महीने कतर के खिलाफ गोल रहित ड्रा मैच के दौरान प्रभावी प्रदर्शन करने वाले स्ट्राइकर मनवीर ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ आगामी मुकाबला विश्व कप क्वालीफायर मे पहली जीत दर्ज करने का शानदार मौका है। दोहा मे कतर के खिलाफ यादगार ड्रा के बाद आत्मविश्वास से भरा भारत दूसरे दौर के क्वालीफायर के अपने तीसरे मैच मे कोलकाता मे 15 अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगा। तीन अक्टूबर से यहां शुरू हुए तैयारी शिविर के इतर मनवीर ने कहा, क्वालीफाइंग अभियान मे पहली जीत दर्ज करने का यह हमारे पास शानदार मौका है और हम इसे हासिल करने के लिए उत्सुक है। पंजाब मे जन्मे इस स्ट्राइकर ने कहा, मै कुछ समय के लिए कोलकाता मे खेला था और प्रशंसको मे खेल को लेकर जज्बे को लेकर बेहद प्रभावित था। मै 15 तारीख को वाईवीबीके स्टेडियम मे उतने और जीत दर्ज करने के लिए इंतजार नही कर सकता। कतर के खिलाफ मिडफील्ड मे शुरुआत करने वाले निखिल पुजारी दोहा के जासिम बिन हमाद स्टेडियम मे 23000 दर्शको की मौजूदा मे खेले गए मैच के बारे मे बात करने को लेकर काफी उत्सुक दिखे।

कबड्डी को ओलंपिक 2024 में शामिल करवाने की कोशिश करेंगे : रीजीजू

नई दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सरकार पेरिस मे 2024 मे होने वाले ओलंपिक खेलो मे कबड्डी को शामिल कराने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करेगी। रीजीजू ने रविवार को कहा, कबड्डी इसका सटीक उदाहरण है कि किस तरह से ग्रामीण स्तर का खेल सफलतापूर्वक आगे बढ़ता है। यह मुझे खेल संस्कृति की शुरुआत लगती है जिसकी हमने भारत के लिए कल्पना की थी और अब जो वास्तविकता बनती जा रही है। उन्होने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, कबड्डी अगले ओलंपिक का हिस्सा बने इसके लिए हम अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास करेगे। मै इसके प्रति आश्वस्त हूं। खेल मंत्री ने नही बताया कि यह कैसे संभव होगा क्योकि ओलंपिक मे किसी नए खेल को शामिल करना काफी लंबी और जटिल प्रक्रिया है जिसके लिए बहुत लाबिंग करनी पड़ती है। सबसे पहले खेल को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से मान्यता मिलनी चाहिए। इसके बाद उसकी शासकीय संस्था को आईओसी से अंतरराष्ट्रीय महासंघ की मान्यता लेनी होगी। यह महासंघ इसके बाद ओलंपिक खेल के रूप मे शामिल करने के लिए आवेदन करेगा। यही नही आईओसी के लुसाने मे 25 जून के सत्र मे आईओसी ने कहा कि ओलंपिक खेल 2024 के कार्यक्रम मे शामिल करने के लिए किसी अन्य खेल की सिफारिश नही की जा सकती है। भारत का शुरू से ही कबड्डी मे दबदबा रहा है जो एशियाई खेलो का हिस्सा है।

मंजू रानी क्वार्टर फाइनल में

विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप

एजेंसी। उलान उदे (रूस)

भारत की मंजू रानी (48 किग्रा) ने सोमवार को यहां अंतिम 16 के मुकाबले में आसान जीत के साथ विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीय भारतीय मंजू ने वेनेजुएला की रोजास टेयोनिस सेडेनो को 5-0 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रही मंजू इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने से अब सिर्फ एक जीत दूर हैं। क्वार्टर फाइनल में हालांकि मंजू की राह आसान नहीं होगी जहां उन्हें पिछली बार की कांस्य पदक विजेता और शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की किम हयांग मी से 10 अक्टूबर को भिड़ना है। रानी हालांकि सेडेनो के खिलाफ दमदार मुक्के लगाने के विफल रही लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने विरोधी खिलाड़ी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। दोनों मुक्केबाजों ने रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन मंजू के मुक्के अधिक सटीक थे। सोमवार को प्रतिस्पर्धा पेश करने उतरी एक अन्य भारतीय मुक्केबाज मंजू बमबोरिया (64 किग्रा) को हालांकि चौथी वरीय इटली की एंजेलो करिनी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मंजू बमबोरिया ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद उन्हें यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय खिलाड़ी को खंडित फैसले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को छह बार की चैंपियन एमसी मेरीकोम (51 किग्रा) प्री क्वार्टर में अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की जुतामस जितपोंग के खिलाफ करेंगी। तीसरी वरीय भारतीय को पहले दौर में बाई मिली है। पूर्व रजत पदक विजेता स्वीटी बूरा 75 किग्रा वर्ग में दूसरी वरीय वेल्स की लारेन प्रिंस से भिड़ेंगी। लारेन यूरोपीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और पिछली विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता हैं।

अमेरिका ने बनाया दबदबा

अंतिम दिन में जीते तीन और स्वर्ण, विश्व चैंपियनशिप में रहा शीर्ष पर

एजेंसी। दोहा

फर्राटा धाविका निया अली के 100 मीटर बाधा दौड़ में खिताब सहित अमेरिका ने रविवार को यहां समाप्त हुई विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन भी दबदबा बरकरार रखते हुए तीन स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। निया ने खलीफा स्टेडियम में 12.34 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रिकार्डधारक केनी हैरिसन को पीछे छोड़ा। दो बच्चों की मां 30 वर्षीय निया ने कहा, मैंने बच्चों के जन्म के बाद कड़ी मेहनत की थी। इन महिलाओं (प्रतिद्वंद्वियों) ने प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ा दिया था, इसलिए मैं जानती थी कि मुझे क्या करना है। अमेरिका ने अंतिम दिन कुल तीन स्वर्ण पदक जीते और वह चैंपियनशिप में कुल 14 स्वर्ण, 11 रजत और चार कांस्य पदक लेकर शीर्ष पर रहा। अमेरिका ने दिन के दो अन्य स्वर्ण पदक महिला और पुरुष दोनों वर्ग की चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में जीते। कीनिया दूसरे स्थान पर रहा। उसने पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक हासिल किए।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओए सं. 58/19 दिनांक : 12-09-2019
भारतीय स्टेट बैंक .....आवेदक
विरूद्ध
कान्ति प्रसाद एवं अन्य .....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. श्री कान्ति प्रसाद पुत्र श्री प्रभु दयाल, निवासी मकान नंबर 12, न्यू डिफेंस कालोनी 2, मुराद नगर, तहसील मोदी नगर, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201006 अन्य पता : केन्द्रीय विद्यालय, चोग्लामासार लेह (लद्दाख)
2. मैसर्स आइडिया बिल्डर्स प्रा. लि., सी-294, प्रथम तल, विवेक विहार, दिल्ली-95 अन्य पता : सी-10, रामप्रस्थ, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011, अन्य पता : खसरा नंबर 998, रेड एप्पल रेजिडेंसी, राष्ट्रीय राजमार्ग-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 19,23,979/- (रू. उन्नीस लाख तेईस हजार नौ सौ उनासी मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 05-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी, डीआरटी-।।, दिल्ली

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।। दिल्ली के समक्ष
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

ओए सं. 64/19 दिनांक : 17-09-2019
भारतीय स्टेट बैंक .....आवेदक
विरूद्ध
प्रिंस पीयूष एवं अन्य .....प्रतिवादीगण
सेवा में,
प्रतिवादी
1. श्री प्रिंस पीयूष पुत्र श्री आर एन पी सिन्हा निवासी यू-69/1, प्रथम तल, यू ब्लॉक, डीएलएफ फेज-।।।, गुड़गांव, अन्य पता : सी/ओ श्री हरि ओम अरोड़ा, 8/4, पटेलनगर निकट रोडवेज पीओ/पीएस- काशीपुर उधमसिंह नगर, उत्तराखंड, अन्य पता : वाटिका अशोक विहार कालोनी, निकट बाईपास घाघरटांड, पीओ-चांद चावरा गया विहार-201001
2. मैसर्स आइडिया बिल्डर्स प्रा. लि., सी-294, प्रथम तल, विवेक विहार, दिल्ली-95 अन्य पता : सी-10, रामप्रस्थ, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011, अन्य पता : खसरा नंबर 998, रेड एप्पल रेजिडेंसी, राष्ट्रीय राजमार्ग-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक (कों) ने रू. 17,43,859/- (रू. सत्रह लाख तेंतालीस हजार आठ सौ उनसठ मात्र) की वसूली के लिए आपके विरूद्ध एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है, इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक 05-11-2019 को पूर्वा. 10.30 बजे इस न्यायाधिकरण में उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है।
ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
अनुभाग अधिकारी, डीआरटी-।।, दिल्ली

बीजिंग में बार्टी को हराकर ओसाका रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची

पेरिस। जापान की नाओमी ओसाका ने दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एशले बार्टी पर बीजिंग में जीत से सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष तीन में वापसी की। फ्रेंच ओपन की विजेता बार्टी 7096 अंक से शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने दूसरे स्थान पर काबिज कैरोलिना प्लिस्कोवा पर अंकों का अंतर बढ़ा लिया है जिनके 6015 अंक हैं। ओसाका 5621 अंक से एक पायदान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और उन्होंने बीजिंग में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची एलीना स्वितोलिना को चौथे स्थान पर खिसका दिया।

करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे नागल

एजेंसी। **नई दिल्ली**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी विश्व रैंकिंग में छह पायदान चढ़कर 129वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बाईस वर्षीय नागल अभी शानदार फार्म में चल रहे हैं और उन्हें पिछले सप्ताह ब्राजील में एटीपी चैलेंजर कैम्पिनास के सेमीफाइनल में पहुंचने का फायदा मिला है। नागल पिछले महीने अर्जेंटीना के ब्यूनसआयर्स एटीपी चैलेंजर क्ले टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद 26 पायदान की लंबी छलांग लगाकर 135वें स्थान पर पहुंचे थे। हरियाणा का यह युवा खिलाड़ी यूएस ओपन में के पहले दौर में रोजर फेडरर को कड़ी टक्कर देने के कारण चर्चा में आया था। भारत के अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। प्रजनेश गुणेश्वरन दो पायदान ऊपर 82वें और रामकुमार रामनाथन एक पायदान ऊपर 182वें स्थान पर पहुंच गए हैं। युगल में दिविज शरण भारत के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। वह तीन पायदान आगे 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि रोहन बोपन्ना एक पायदान नीचे 44वें स्थान पर खिसक गए हैं। लिएंडर पेस भी चार पायदान नीचे 82वें स्थान पर खिसक गए हैं। जीवन नेदुचेझीयन (105) शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। वह 11 पायदान

नीचे खिसके हैं।

मरे ने 200 पायदान की छलांग लगाई, जोकोविच शीर्ष पर कायम

पेरिस। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे ने सोमवार को जारी एटीपी टेनिस रैंकिंग में 200 पायदान की छलांग लगाई जबकि नोवाक जोकोविच ने शीर्ष पर राफेल नडाल पर अपनी बढ़त बढ़ा ली। कूल्हे की सर्जरी के बाद वापसी कर रहे स्काटलैंड के मरे चीन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे लेकिन वह विजेता बने डोमिनिक थिएम से हार गए थे। इससे मरे (32 वर्ष) की रैंकिंग में 214 पायदान का इजाफा हुआ और वह 503वें से 289वें स्थान पर पहुंच गए। अगर वह सोमवार को शंघाई मास्टर्स के पहले दौर के मुकाबले में जुआन इग्नासियो लोंडेरो को हरा देते हैं तो वह शीर्ष 250 में पहुंच जाएंगे। तोक्यो में मिली जीत से सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच अपने करियर में 271वें हफ्ते नंबर एक पर बने हुए हैं और उनके 10365 अंक हैं। नडाल 1140 अंक से उनसे पीछे हैं जिन्हें पिछले महीने लीवर कप के दौरान कलाई की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। स्विस स्टार रोजर फेडरर 7130 अंक से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

मेइराबा सहित भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप

एजेंसी। कजान (रूस)

मेसनाम मेइराबा, सतीश करूणाकरण और प्रणव राव गंधाम के सोमवार को 21वीं बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में जीत दर्ज करने से भारतीयों ने एकल अभियान शानदार शुरुआत की।

टूर्नामेंट में सातवें वरीय मेइराबा को रोमानिया के टियोडोर सिरेरोबाईयू को 21-4 21-3 से हराने में जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। विश्व जूनियर रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज इस मणिपुरी को पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने मैच खत्म करने में 15 से भी कम मिनट का समय लिया जिससे वह राउंड 64 में पहुंच गए। करूणाकरण को भी युगांडा के प्रतिद्वंद्वी सैमुअल वसावा को 21-6 21-5 से हराने में कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी जबकि प्रणव राव ने आर्मेनिया के अरमान वरदानयान को पहले दौर के मैच में 21-10 21-6 से शिकस्त दी। लड़कों के एकल वर्ग में मौजूदा अंडर-17 एकल राष्ट्रीय चैम्पियन रोहन गुरबानी ने 16 मिनट तक चले मुकाबले में लातविया के एलेन्स जांडोवस्कीस को 21-6 21-3 से पराजित किया। पिछले चरण में लक्ष्य सेन ने कांस्य पदक जीता था। अभी तक साइना नेहवाल ही विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में भारत को एकमात्र स्वर्ण पदक दिला सकी हैं।

डच बैडमिंटन ओपन में खेलेंगे वर्मा बंधु

अलमेरे (नीदरलैंड)। भारत के वर्मा बंधु सौरभ और समीर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 75 हजार डालर इनामी डच ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वर्मा बंधु विपरीत परिस्थितियों में इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर जहां फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहे थे तथा चीन और कोरिया ओपन में नहीं खेल पाए थे वहीं सौरभ ने पिछले महीने वियतनाम ओपन सुपर 100 का खिताब जीता था। समीर इस साल कड़े दौर से गुजरे हैं। वह केवल सिंगापुर ओपन और एशियाई चैंपियनशिप के ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच पाए थे जबकि बाकी टूर्नामेंट में वह शुरुआती दौर में बाहर हो गए थे। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी इस साल के शुरू में शीर्ष दस में पहुंचने के करीब था लेकिन खराब प्रदर्शन से वह रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक गया। उन्हें यह शुरुआती दौर में बाई मिली है। दूसरी तरफ चौथी वरीयता प्राप्त सौरभ ने इस साल हैदराबाद और वियतनाम ओपन में खिताब जीते हैं जिससे वह विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्हें पहले दौर में बाई मिली है और दूसरे दौर में उनका सामना स्पेन के पाब्लो अबेन से हो सकता है। युवा लक्ष्य सेन भी इस सप्ताह कोर्ट पर दिखेंगे। अल्मोड़ा के इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह बेल्जियम अंतरराष्ट्रीय का खिताब जीता था। इससे वह आत्मविश्वास से भरे हैं और पहले दौर में आयरलैंड के नहाट नगुएन से भिड़ेंगे। उदीयमान खिलाड़ी मिथुन मंजूनाथ भी टूर्नामेंट में दिखेंगे। उन्हें पहले दौर में बाई मिली है। वह दूसरे दौर में फ्रांस के पांचवें वरीय थॉमस रॉक्सेल के खिलाफ शुरुआत करेंगे। महिला एकल में ऋतुपर्णा दास का सामना रूस में जन्मी इजरायली शटलर सेनिया पोलिकार्पोवा से होगा। महिला युगल में पूजा डांडु और संजना संतोष पहले दौर में एम्मा कार्लसन और योहाना मैगनसन से भिड़ेंगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज चौधरी** पुत्र सूरत चौधरी निवासी मकान नं. 400/23 गली नं. 2, करावल नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 413/17 धारा 283 भा.द.सं.** थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज चौधरी** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनोज चौधरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **मनोज चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.11.2019** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रज्ञा गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी पूर्व-12,
कोर्ट नं. 21, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/442/N/19
(Court Notice)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त मोहम्मद मुशकत पुत्र असरार निवासी मकान नं. 686, गली तहसील वाली, चाँदनी महल, दिल्ली ने DD No. 42-B dt 22.11.15 u/s 103 D.P. Act के अन्तर्गत थाना कोतवाली मार्केट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सदेंह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त मोहम्मद मुशकत मिल नही रहा है और मुझें समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त मोहम्मद मुशकत फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना DD No. 428-B dt 22.11.15 u/s 103 D.P. Act, के अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त मोहम्मद मुशकत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए तारीख 15.11.2019 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रिग्या गुप्ता
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, रूम नं. 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/443/N/19

राज्य ताइक्वांडो में लखनऊ ने 23 पदक जीते

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ की ताइक्वांडो टीम ने गाजियबाद में गत तीन से छह अक्टूबर तक आयोजित यूपी स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ओवरआल उपविजेता रही। लखनऊ ने 10 स्वण, पांच रजत व आठ कांस्य सहित कुल 23 पदक जीते। पदक विजेता खिलाड़ियों को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी व लखनऊ ओलम्पिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष सैयद रफत जुबैर रिजवी ने सम्मानित किया। पदक विजेता- स्वर्ण: फबीहा हफीज, शारदा कुमारी, कोमल दिवाकर, जागृति मग्गू, अदिति शुक्ला, खालिद हुसैन, शेख रक्सा जमील, शेख बिलाल अहमद, उस्मान हुसैन, जमील अहमद। रजत: पूर्वा शुक्ला, जागृति मग्गू, शारदा कुमारी, अनवित कश्यप, सूर्यांश श्रीवास्तव। कांस्य: प्रीति गौतम मनीषा शर्मा समर हुसैन अंश कनौजिया, अदीब हुसैन, वैष्णवी शर्मा, प्रारंभ सिंह, आरजू कुमारी।

जूनियर वर्ग में अलीगंज प्रथम कैम्पस चैम्पियन

सीएमएस इंटर कैम्पस एथलेटिक्स प्रतियोगिता

लखनऊ। सिटी मांटेसरी स्कूल द्वारा होमगार्ड मुख्यालय के मैदान में आयोजित इंटर-कैम्पस एथलेटिक्स प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अलीगंज प्रथम कैम्पस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। बालकों की 800मी. और 400 मी. दौड़ में गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के मेधांश ने प्रथम स्थान अर्जित किया। बालिकाओं की 200 मी. और 100मी दौड़ में स्टेशन रोड कैम्पस की वैश्णवी प्रथम रहीं। इसके अलावा, बालिकाओं की 800 मी. दौड़ में राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस की अग्रिमा भटनागर, बालकों की 100 मी दौड़ में अरुणव अग्निहोत्री, बालिकाओं की 400 मी. दौड़ में अलीगंज प्रथम कैम्पस की अवंतिका, बालकों की 100 मी. दौड़ में अलीगंज द्वितीय कैम्पस के हर्षितांश ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार बालकों की लम्बी कूद में अलीगंज प्रथम कैम्पस के सूर्यांश, बालिकाओं की लम्बी कूद में राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की तरवसी, बालकों की गोला फेंक में अशर्फाबाद कैम्पस के नोमान, बालिकाओं की गोला फेंक में अलीगंज प्रथम कैम्पस की नन्दिनी, बालकों की चक्का फेंक में चौक कैम्पस के मो. कासिफ और बालिकाओं की चक्का फेंक में राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस की सृष्टि सिंह ने प्रथम स्थान अर्जित किया। बालकों की चार गुणा 100 मी. रिले रेस में अलीगंज प्रथम कैम्पस ने जबकि बालिकाओं की चार गुणा 100 मी. रिले रेस में गोमती नगर प्रथम कैम्पस ने बाजी मारी।

तैराकी में सीएमएस छात्रों ने तीन पदक जीते

लखनऊ। सिटी मांटेसरी स्कूल के तैराकों ने बंगलूरू में आयोजित सीआईएससीई नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में एक रजत पदक और दो कांस्य पदक जीते हैं। सीएमएस राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की छात्रा शताक्षी ने 100 मी ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक और 50 मी. ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक अर्जित किया। इसी कैम्पस के छात्र अनिरुद्ध ने 200 मी. फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तैराकी प्रतियोगिता गत तीन से पांच अक्टूबर तक बंगलूरू में सम्पन्न हुई।

सीएसडी सहारा अकादमी के जय यूपी अंडर-16 टीम में

लखनऊ। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षु जय प्रकाश गुप्त का विजय मर्चेंट ट्राफी के लिए उत्तर प्रदेश की अंडर-16 टीम में चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश पहला मैच मेरठ में राजस्थान के खिलाफ मैच 11 अक्टूबर से खेलेगी। बतौर बल्लेबाज चुने गये जय प्रकाश गुप्त बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं। सीतापुर निवासी जय प्रकाश का संबंध साधारण परिवार से है। उनके पिता खुदरा व्यापारी हैं। जयप्रकाश के कोच हर्ष सिंह और जावेद अख्तर का कहना है कि वह बहुत ही लगनशील क्रिकेटर है और इसी वजह से वह इतने कम समय में प्रदेश की टीम में जगह बनाने में कामयाब हुआ। दोनों प्रशिक्षकों का मानना है जयप्रकाश को मौका मिला तो वह निश्चित तौर पर अपनी उपयोगिता साबित करेगा।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त शहजाद पुत्र अनीश अहमद पता जे-73, गली नं. 02, सीलमपुर, वैलकम, दिल्ली ने डी डी संख्या 10बी धारा 103 डी.पी. एक्ट के अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सदेंह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त शहजाद मिल नही रहा है और मुझें समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त शहजाद फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिये अपने आप को छिपा रहा है।)
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि उक्त शहजाद से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए तारीख 13.11.2019 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रज्ञा गुप्ता
महानगर दण्डाधिकारी712
कक्ष नं.21
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/459/N/19

स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर की शैफील्ड शील्ड में वापसी

सिडनी। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर लगभग दो साल बाद अपना पहला घरेलू शैफील्ड शील्ड मैच खेलेंगे। ए दोनो बल्लेबाज गुरुवार को न्यूसाउथ वेल्स की तरफ से क्वीन्सलैंड के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। इनमे से कोई भी खिलाड़ी नवंबर 2017 के बाद शैफील्ड शील्ड के चार दिवसीय मैच मे नही खेले थे। तब भी वे दोनो न्यू साउथ वेल्स की तरफ से क्वीन्सलैंड के खिलाफ खेले थे। स्मिथ और वार्नर को मार्च 2018 मे दक्षिण आफ्रीका मे गेंद से छेड़छाड़ करने के मामले के बाद एक साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इन दोनो को आस्ट्रेलिया के अपने साथी मिशेल स्टार्क के साथ सोमवार को 2019-20 सत्र के पहले दौर के मैचो मे खेलने के लिए चुना गया है। स्मिथ और वार्नर ने इंग्लैंड मे अगस्त-सितंबर मे एशेज श्रृंखला के दौरान टेस्ट क्रिकेट मे वापसी की थी।

विजेंदर का अगला मुक़ाबला 22 नवंबर को, प्रतिद्वंद्वी की घोषणा बाद में

नई दिल्ली। अमेरिकी पेशेवर सर्किट मे जीत से आगाज करने के बाद भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह दुबई मे 22 नवंबर को रिंग मे उतरेंगे लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी की अभी घोषणा नही की गई है। विजेंदर का अब तक का रिकार्ड 11-0 है जिसमे आठ नाकआउट शामिल है। वह अपना अजेय रिकार्ड बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। उनके इस मुक़ाबले का आयोजन अमेरिका मे भारतीय प्रमोटर टॉप रैंक के सहयोग से राउंड 10 बॉक्सिंग और एमटीके ग्लोबल कर रहे है। विजेंदर ने जुलाई मे अमेरिका मे अपने पदार्पण मुक़ाबले मे माइकल स्नाइडर को टेक्नीकल नाकआउट किया था। आयोजको की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुपर मिडिलवेट का यह मुक़ाबला अभी मैनचेस्टर मे ट्रेनर ली बीयर्ड के साथ अभ्यास कर रहे है। विजेंदर ने कहा, यह मेरे लिए अपना कौशल दिखाने और सक्रिय बने रहने के लिए शानदार मौक़ा है। मैंने विश्व खिताब की अपनी क्वायद जारी रखी है। जुलाई के अपने प्रदर्शन पर मुझे गर्व है लेकिन मै लंबे विश्राम के बाद वापसी कर रहा हूं। राउंड 10 बॉक्सिंग दुबई का एकमात्र मुक़ाबलो क्लब है।

राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार के फैसले पर आईओए अध्यक्ष से कोई मतभेद नहीं: मेहता

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव राजीव मेहता ने सोमवार को स्पष्ट किया कि निशानेबाजी को कार्यक्रम से हटाए जाने के बाद 2022 राष्ट्रमंडल खेलो के बहिष्कार के फैसले पर अध्यक्ष नरिंदर बत्रा से उनके कोई मतभेद नही है। मेहता ने कहा कि उन्हे चेन्नई मे एक कार्यक्रम के मौके पर राष्ट्रमंडल खेलो के बहिष्कार के मुद्दे पर आई कुछ रिपोर्ट मे उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। मेहता ने कहा, जो रिपोर्ट आ रही है, उसमे मुझे गलत तरीके से पेश किया गया। मैंने वो शब्द नही कहे जिन्हे इन रिपोर्ट मे कहा जा रहा है। 2022 राष्ट्रमंडल खेलो के बहिष्कार के फैसले के मुद्दे पर अध्यक्ष के साथ कोई मतभेद नही है। मैंने बस यही कहा था कि जब कोई भी बड़ा फैसला लिया जाता है तो कार्यकारी समिति के बाद आम सालाना बैठक अंतिम फैसला करती है। मेहता ने बत्रा को ईमेल भी भेजा है जिसमे उन्होने कहा है कि उन्हे इन खबरो मे गलत तरीके से पेश किया गया।

वापसी करने वाले खिलाड़ियों के प्रति संयम दिखाना होगा : कोच मिसबाह

कराची। पाकिस्तान के मुख्य कोच मिसबाह उल हक ने आग्रह किया है कि टीम मे किए जा रहे बदलाव और प्रयोगो के प्रति आलोचको को कुछ संयम बरतना होगा क्योकि परिणाम हासिल करने मे थोड़ा समय लगेगा। यह पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मुख्य चयनकर्ता भी है। उन्होने कहा कि आलोचको के निशाने पर चल रहे वर्तमान कप्तान सरफराज अहमद का समर्थन करना उनका कर्त्तव्य है। मिसबाह ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले लाहौर मे कहा, घबराने की कोई जरूरत नही है। मै आलोचको से कहना चाहूंगा कि नाकाम रहने वाले खिलाड़ियो के प्रति थोड़ा नरम रवैया अपनाएं। जब कोई खिलाड़ी वापसी करता है तो उसे अपने पांव जमाने और अच्छा प्रदर्शन करने मे समय लगता है। आलोचको ने वापसी करने वाले खिलाड़ियो अहमद शहजाद और उमर अकमल की श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मे नाकाम रहने के बाद कड़ी आलोचना की थी। मिसबाह ने कहा, जब आप आस्ट्रेलिया मे अगले साल होने वाले विश्व टी20 को ध्यान मे रखकर प्रयोग कर रहे हो तो फिर वापसी करने वाले खिलाड़ियो के प्रति संयम बरतना जरूरी है। सकारात्मक परिणाम हासिल करने के लिए उन्हे अच्छा प्रदर्शन करने का मौका दिया जाना चाहिए।

रोहित ने टेस्ट रैंकिंग में लगाई छलांग

- करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर पहुंचे
- कोहली ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा

एजेंसी। दुबई

सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाला पहला क्रिकेटर बनने वाले भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा सोमवार को आईसीसी टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 17वें स्थान पर पहुंच गए। रोहित के नाम अब 28 टेस्ट में पांच शतक हैं, उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 176 और 127 रन की पारियों से 36 पायदान की छलांग लगाई। इस मैच में भारत ने 203 रन से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला में।-0 से बढ़त बना ली। अन्य सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने के बाद 38 पायदान का फायदा हुआ जिससे वह करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। कप्तान विराट कोहली ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वह जनवरी 2018 के बाद पहली बार 900 अंक से नीचे खिसके गए। उनके अब 899 अंक हैं और वह आस्ट्रेलिया के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज स्टीव स्मिथ से 38 अंक पीछे हैं।

गेंदबाजों में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मैच में आठ विकेट चटकाने के बाद शीर्ष 10 में वापसी की। उन्होंने पहली पारी में 145 रन देकर सात विकेट झटके थे। पहले शीर्ष स्थान पर रह चुके अश्विन ने 14वें स्थान से चार पायदान की छलांग लगाई और वह आल राउंडर सूची में भी शीर्ष पांच में पहुंच गए। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी करियर के सर्वश्रेष्ठ 710 अंक से 18वें से 16वें स्थान पर पहुंच गए तथा वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 14वें स्थान से दो स्थान पीछे हैं। वहीं रविंद्र जडेजा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को पछाड़कर आल राउंडर में दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहे। भारत को विशाखापत्तनम में जीत से आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में 40 अंक का फायदा मिला और अब उसके 160 अंक हैं। उसने वेस्टइंडीज में श्रृंखला में 2-0 से जीतने के बाद पूरे 120 अंक हासिल किए थे। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के श्रृंखला।-। से ड्रा कराने के बाद 60-60 अंक हैं जबकि आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के पांच मैचों की श्रृंखला में 2-2 से ड्रा के बाद 56-56 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए शतकवीर क्विंटन डि कॉक और डीन एल्गर को फायदा मिला है। डिकॉक चार पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंचने से शीर्ष 10 में शामिल हो गए जबकि एल्गर को पांच पायदान का फायदा हुआ जिससे वह 14वें स्थान पर पहुंच गए।

भारत आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी। दुबई

भारत ने आईसीसी की सोमवार को जारी महिला एक दिवसीय रैंकिंग में न सिर्फ अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है बल्कि उसने इंग्लैंड पर अपनी बढ़त भी मजबूत कर ली है। मिताली राज की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम के 125 अंक हैं और अब वह तीसरे नंबर पर काबिज इंग्लैंड (122) से तीन अंक आगे है। टी20 रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर है। आस्ट्रेलिया अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर महिला वनडे और टी20 दोनों में शीर्ष पर बना हुआ है। वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज को पांच अंकों को नुकसान हुआ है और अब वह सातवें स्थान पर काबिज पाकिस्तान से केवल दो अंक ऊपर है।

गंभीर का वनडे और टी20 करियर मैंने समाप्त किया : इरफान

एजेंसी। कराची

पाकिस्तानी टीम से बाहर चल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने कहा कि किस तरह से 2012 की द्विपक्षीय श्रृंखला के दौरान गौतम गंभीर उनका सामना करने को लेकर असहज रहते थे जिसके बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज का सीमित ओवरों की क्रिकेट का करियर ज्यादा दिन तक नहीं चला। सीमित ओवरों की इस श्रृंखला (टी20 और वनडे) के दौरान सात फीट एक इंच लंबे इरफान ने गंभीर को चार बार आउट किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज इसके बाद भारत की तरफ से केवल एक और श्रृंखला (इंग्लैंड के खिलाफ) ही खेल पाया और फिर उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। इरफान ने एक चैनल से कहा, जब मैं भारत के खिलाफ खेला तो वे मुझे सहज होकर नहीं खेल पा रहे थे। भारत में 2012 की श्रृंखला में उनमें से कुछ ने मुझे बताया कि वे मेरे लंबे कद के कारण मेरी गेंद का सही अनुमान नहीं लगा पाते थे और गेंद की तेजी भी नहीं भांप पा रहे थे। इरफान ने दावा किया कि इस श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण ही गंभीर का करियर समाप्त हो गया। उन्होंने कहा, वह (गंभीर) मेरा सामना करना पसंद नहीं करता था। मुझे अक्सर लगता था कि वह मुझसे आंख मिलाने से बचता है। मुझे याद है कि मैंने 2012 की सीमित ओवरों की श्रृंखला में उसे चार बार आउट किया था और वह मेरे सामने असहज रहता था। गंभीर ने अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय पाकिस्तान के खिलाफ उसी श्रृंखला में अहमदाबाद में खेला था।

27 टेस्ट के बाद बने सलामी बल्लेबाज रोहित

- करियर के शुरू में मध्यक्रम के बल्लेबाज थे कई दिग्गज ओपनर

एजेंसी। नई दिल्ली

अपने करियर के पहले 27 टेस्ट मध्यक्रम में खेलने के बाद सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे रोहित शर्मा अब ग्रीम स्मिथ, वीरेंद्र सहवाग, ग्राहम गूच, क्रिस गेल, सनथ जयसूर्या और मर्वन अटापट्टू जैसे अपने जमाने के दिग्गज ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में की थी। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापत्तनम में पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़कर सलामी बल्लेबाज के रूप में धमाकेदार आगाज किया। वह पिछले छह साल से भी अधिक समय से सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के लिए पारी की शुरुआत करते हैं लेकिन वर्षों पहले सहवाग पर किए गए प्रयोग से प्रेरणा लेकर रोहित को टेस्ट मैचों में भी यह जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें वह पहली परीक्षा में सफल रहे। उन्होंने 176 और 127 रन की पारियां खेलकर कई नए रिकार्ड अपने नाम लिखवाए। रोहित ने इससे पहले 27 टेस्ट मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी जिनमें वह केवल तीन शतक लगा पाए थे। यह सही है कि सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी असली परीक्षा विदेशों में होगी लेकिन तब तक वे मानसिक रूप से यह जिम्मेदारी संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, मुझे दो साल पहले बताया गया था कि किसी चरण में मुझे पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। इसलिए मैं भले ही टेस्ट में नहीं खेल रहा था लेकिन नेट्स पर नई गेंद का सामना करता था। रोहित पहले बल्लेबाज नहीं हैं जिन्हें मध्यक्रम से हटाकर शीर्ष क्रम में भेजा गया। ऐसे बल्लेबाजों की लंबी फेहरिस्त है जिनमें कई बेहद सफल भी रहे हैं। भारत से इनमें सहवाग का नाम आता है जिन्होंने अपने पहले पांच टेस्ट मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में खेले और पदार्पण टेस्ट में शतक भी जड़ा था। लेकिन जब उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया तो फिर उन्होंने अपने आखिरी टेस्ट तक यह जिम्मेदारी निभाई और इस बीच कई धमाकेदार पारियां भी खेलीं जिनमें दो तिहरे शतक भी शामिल हैं। सहवाग ने ओपनर के तौर पर 8207 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल सलामी बल्लेबाज ग्रीम स्मिथ भी पहले दो टेस्ट मैचों में तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, लेकिन वह मूल रूप से ओपनर थे और उन्होंने 205 में से 196 पारियां ओपनर के रूप में खेलकर 9030 टेस्ट रन बनाए थे। इस सूची में ग्राहम गूच, माइकल एथरटन या गेल का नाम चौंकाने वाला हो सकता है। गूच पहले दो टेस्ट में पांचवें नंबर पर उतरे थे लेकिन चार पारियों में केवल 37 रन बना पाए। इसके बाद वह तीन साल तक टीम से बाहर रहे और फिर उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में सफल वापसी की थी। गूच के साथी एथरटन भी पहले दो टेस्ट मैचों में वनडाउन पर खेले थे और नाकाम रहने के कारण उन्हें अगला मैच दस महीने बाद खेलने को मिला था लेकिन तब उन्हें सलामी बल्लेबाज बनाया गया था जिसमें वे सफल रहे। गेल ने पहले तीन टेस्ट मध्यक्रम में खेले और उनमें केवल 59 रन बनाए। इसके बाद उन्हें सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी सौंपी गई। भारत के नवजोत सिद्धू ने भी अपने टेस्ट करियर की शुरुआत मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में की थी। मध्यक्रम से शीर्ष क्रम में पहुंचकर सफल ओपनर बनने वाले खिलाड़ियों में श्रीलंका के जयसूर्या और अटापट्टू प्रमुख हैं। जयसूर्या ने 14 टेस्ट निचले मध्यक्रम में खेले थे जिनमें वह केवल 591 रन बना पाए थे। इसके बाद उन्होंने ओपनर की भूमिका निभाई और 110 मैचों में 90 टेस्ट में यह जिम्मेदारी बखूबी संभाली। अटापट्टू की कहानी बड़ी रोचक है। उन्होंने चार साल के अंतर में तीन टेस्ट में छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की और छह पारियों में केवल एक रन बनाया। इसके बाद तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में वापसी की पर नाकाम रहे। अटापट्टू ने 13 पारियां खेलने के बाद सलामी बल्लेबाज का जिम्मा संभाला और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। रिकार्ड के लिए बता दें कि उनके नाम पर ओपनर के तौर पर छह दोहरे शतक दर्ज हैं। दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर अपने पहले सात टेस्ट मैच में अक्सर छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। वह श्रीलंका के खिलाफ 2014 में गॉल में पारी का आगाज करने उतरे और 103 रन बनाए। इसके बाद से वह लगातार ओपनर बने हुए हैं। उन्हीं के देश के हर्शल गिब्स पहले सात टेस्ट तक मध्यक्रम में खेलते रहे और फिर जाकर उन्हें सलामी बल्लेबाज बनाया गया।

अपने आदर्श सहवाग की तरह बेफिक्र होकर खेले मयंक : लक्ष्मण

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को लगता है कि मयंक अग्रवाल का बल्लेबाजी में बेपरवाह अंदाज काफी हद तक वीरेंद्र सहवाग से मेल खाता है जो कर्नाटक के इस बल्लेबाज के आदर्श भी है। दूसरी तरफ पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि आस्ट्रेलिया के अपने पहले टेस्ट दौरे मे दो अर्धशतक जमाकर लोगो का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाले अग्रवाल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापत्तनम मे दोहरा शतक (215) बनाने से राष्ट्रीय टीम मे अपनी जगह पक्की कर दी है। स्टार स्पोर्ट्स के विशेषज्ञ लक्ष्मण ने क्रिकेट लाइव मे अग्रवाल के प्रदर्शन के बारे मे कहा, वह मंझा हुआ बल्लेबाज है और इस मैच मे उनका रवैया घरेलू क्रिकेट जैसा ही था। खिलाड़ी अमूमन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे अपने खेल का तरीका बदल देते है लेकिन उन्होने दोनो तरह की क्रिकेट मे अपनी शैली बनाए रखी है। मानसिक मजबूती और स्थिरता उनका मजबूत पक्ष है और वह अपने पसंदीदा वीरेंद्र सहवाग की तरह बेपरवाह होकर खेलते है। हरभजन ने कहा कि घरेलू क्रिकेट मे कई साल खेलने का मयंक को फायदा मिला है क्योकि वह जानते है कि उनसे क्या उम्मीद की जा रही है। मयंक जब आगे बढ़कर खेलते है तो अपने पांवो का अच्छा इस्तेमाल करते है और रिवर्स स्वीप का भी अच्छा नमूना पेश करते है। उनके पास कई तरह के स्ट्रोक है और जब भी जरूरत पड़ती है वह इन्हे खेलते है। वह कड़ी मेहनत करने वाला खिलाड़ी है। घरेलू क्रिकेट मे काफी समय बिताने वाला खिलाड़ी पहले ही काफी कुछ सीख चुका होता है। हरभजन ने कहा, वे भले ही देर से राष्ट्रीय टीम मे आएं लेकिन उन्हे खेल की इतनी अधिक जानकारी और अनुभव होता है कि वे अपने मौके के महत्व को समझते है।

कर्नाटक ने आंध्र को 53 रन से हराया, लेग स्पिनर गोपाल चमके

बेंगलुरू। कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन के बूते सोमवार को विजय हजारे ट्राफी 50 ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप ए मैच मे आंध्र प्रदेश को 53 रन से मात दी। अलूर क्रिकेट स्टेडियम मे बल्लेबाजी का न्यौता दिए जाने के बाद कर्नाटक ने मनीष पांडे के 50 और बी आर शरत के नाबाद 45 रन के उपयोगी योगदान से सात विकेट पर 278 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। बाद मे लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल की फिरकी के सामने आंध्र प्रदेश की टीम को 225 रन पर समेटकर 53 रन की आसान जीत दर्ज की जिन्होने 48 रन देकर चार विकेट झटके। कर्नाटक को सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (33) और देवदत पड्डीक्कल (44) ने तेज शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 68 रन बनाए। करुण नायर हालांकि अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर मे नही बदल सके और 24 रन बनाकर आउट हो गए। पांडे ने फिर 56 गेंद मे एक चौके और एक छक्के से 50 रन बनाए। आंध्र के लिए डी बी प्रशांत कुमार ने 78 रन की पारी खेली लेकिन टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। हैदराबाद ने एक अन्य मैच मे गोवा को पांच विकेट से शिकस्त देकर चार अंक हासिल किए। हैदराबाद ने बी संदीप और मोहम्मद सिराज के चार चार विकेट से गोवा को 122 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद तन्मय अग्रवाल ने नाबाद 66 रन की पारी खेलकर हैदराबाद को जीत दिलाई। छत्तीसगढ़ ने आठ विकेट पर 246 रन का स्कोर बनाकर सौराष्ट्र को 181 रन पर आउट कर 65 रन से जीत हासिल की।

चंडीगढ़ पर आठ विकेट की जीत से पुडुचेरी शीर्ष पर

देहरादून। पुडुचेरी की टीम सोमवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के मुक़ाबले मे चंडीगढ़ पर आठ विकेट की जीत से प्लेट ग्रुप तालिका मे शीर्ष पर पहुंच गई जबकि असम ने प्रीतम दास की हैट्रिक की बदौलत मणिपुर को 180 रन से शिकस्त दी। अनुभवी आर विनय कुमार ने चंडीगढ़ के शीर्ष दो बल्लेबाजो के विकेट झटके जबकि स्पिनर सागर उदेशी ने तीन और एक अन्य तेज गेंदबाज सागर त्रिवेदी ने दो विकेट हासिल किए। इससे चंडीगढ़ की टीम 45.3 ओवर मे 152 रन पर सिमट गई। इसके बाद पुडुचेरी ने विकेटकीपर बल्लेबाज एस कार्तिक के नाबाद 70 रन की बदौलत 26 ओवर मे आसानी से आठ विकेट से जीत हासिल की। अब चार मैच बचे है, पुडुचेरी के 16 अंक है और वह प्लेट ग्रुप मे चंडीगढ़ से दो अंक आगे है। उत्तराखंड 14 अंक से तीसरे स्थान पर है। शीर्ष दो टीमे अंतिम आठ मे जगह बनाएंगी। एक अन्य मुक़ाबले मे असम ने मणिपुर को 180 रन से शिकस्त दी जबकि अरुणाचल प्रदेश को उत्तराखंड से आठ विकेट की हार मिली।

उप्र ने बड़ौदा को सात विकेट से हराया

- विजय हजारे ट्राफी

एजेंसी। वडोदरा

कप्तान समर्थ सिंह और अक्षदीप नाथ के अर्धशतक से उत्तर प्रदेश ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्राफी एकदिवसीय टूर्नामेंट एलीट ग्रुप बी मैच मैच में बड़ौदा के खिलाफ सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए समर्थ (79 गेंद में 62 रन) और अक्षदीप (107 गेंद में नाबाद 75) की पारियों की बदौलत 2.2 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 213 रन बनाकर जीत दर्ज की। समर्थ ने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जबकि अक्षदीप ने नौ चौके मारे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 19 . 5 ओवर में 81 रन की साझेदारी भी की। अक्षदीप ने इसके बाद रिंकू सिंह (38 गेंद में नाबाद 23) के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले टास जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा की टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 212 रन ही बना सकी। टीम की ओर से विष्णु सोलंकी और यूसुफ पठान ने क्रमश: 58 और 55 रन की पारी खेली।

दोनों ने उस समय तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की जब तेज गेंदबाज अंकित राजपूत (43 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने मेजबान टीम 16 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश ने विदर्भ के खिलाफ छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा के 82 रन की मदद से हिमाचल ने 42 ओवर के मैच में 184 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया। ग्रुप बी के एक अन्य मैच में ओड़िशा ने महाराष्ट्र को तीन रन से ओड़िशा ने पांच गेंद शेष रहते 260 रन के लक्ष्य को हासिल किया।

गुजरात ने रेलवे को 43 रन से पराजित किया

जयपुर। गुजरात ने सोमवार को वर्षा से प्रभावित मैच मे वीजेडी पद्धति के तहत रेलवे को 43 रन से हराकर विजय हजारे ट्राफी ग्रुप डी मे लगातार छठी जीत दर्ज की। वर्षा से बाधित दिन के अन्य मैचो मे जम्मू-कश्मीर भी वीजेडी पद्धति से बिहार को 65 रन से हराया जबकि बंगाल और मध्यप्रदेश के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। बंगाल की पारी के 18 ओवर के बाद ही मैच बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। रेलवे ने गुजरात के खिलाफ टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 .2 ओवर मे 231 रन बनाए। टीम सलामी बल्लेबाजो मृणाल देवधर (76 गेंद मे 50 रन) और प्रथम सिंह (78 गेंद मे 76 रन) से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने मे नाकाम रही। गुजरात की ओर से स्पिनरो पीयूष चावला ने 46 रन देकर चार जबकि अक्षर पटेल ने 50 रन देकर दो विकेट चटकाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवसवाला ने भी 46 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। इसके जवाब मे पार्थिव पटेल (66 गेंद मे 59 रन) और प्रियांक पांचाल (69 गेंद मे 51 रन) ने पहले विकेट के लिए 109 रन जोड़कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पार्थिव के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। पांचाल और ध्रुव रावल ने इसके बाद 18 रन जोड़े जिसके बाद बारिश के कारण आगे का खेल नही हो सका और गुजरात ने 43 रन से जीत दर्ज की। गुजरात और तमिलनाडु लगातार छह-छह जीत के साथ ग्रुप सी मे शीर्ष पर चल रहे है।

अक्षदीप (107 गेंद में नाबाद 75)

इंग्लैंड के नए मुख्य क्रिकेट कोच होंगे क्रिस सिल्वरवुड

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड ने क्रिस सिल्वरवुड को अपना नया मुख्य क्रिकेट कोच नियुक्त किया है। वह ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे जिनका अनुबंध पिछले महीने खत्म हो गया। सिल्वरवुड पिछले दो साल से इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका निभा रहे थे।

सिल्वरवुड की पहली प्रतिस्पर्धी श्रृंखला इंग्लैंड का न्यूजीलैंड दौरा होगी जिसमें नवंबर में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के अलावा दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन और सरे के क्रिकेट निदेशक एलेक स्टीवर्ट आस्ट्रेलिया के बेलिस की जगह लेने के दावेदार थे। इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक एश्ले जाइल्स ने हालांकि सिल्वरवुड को असाधारण उम्मीदवार करार दिया। जाइल्स ने कहा, मेरा मानना है कि वह ऐसा व्यक्ति है जिसकी हमें हमारी अंतरराष्ट्रीय टीमों को आगे ले जाने के लिए जरूरत है। उन्होंने कहा, वह ऐसा व्यक्ति है जिसे हम अच्छी तरह जानते हैं लेकिन यह उसकी हमारे ढांचे और प्रणाली की गहरी समझ तथ टेस्ट कप्तान जो रूट और सीमित ओवरों के कप्तान इयोन मोर्गन के साथ करीबी रिश्ते हैं जिससे अगले कुछ वर्षों में हमें अपनी योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। इंग्लैंड के लिए 1996 से 2002 के बीच छह टेस्ट और सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 44 साल के सिल्वरवुड के मार्गदर्शन में एसेक्स ने 2017 में काउंटी चैंपियनशिप जीती जिसके बाद वह राष्ट्रीय टीम से जुड़ गए। सिल्वरवुड ने कहा कि वह अपनी नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, काफी प्रतिभा सामने आ रही है और इसमें प्रगति की काफी क्षमता है। सिल्वरवुड ने कहा, कड़ी मेहनत अब शुरू होगी और मुझे यकीन है कि न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के अपने सर्दियों के दौरे पर हम सकारात्मक प्रभाव छोड़ पाएंगे। इंग्लैंड ने जुलाई में पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता था लेकिन टीम आस्ट्रेलिया से एशेज श्रृंखला जीतने में नाकाम रही। आस्ट्रेलिया ने 2-2 के ड्रा के साथ एशेज अपने पास बरकरार रखी।

रोहित का टेस्ट करियर आगे ही बढ़ेगा, रिवर्स स्विंग के बादशाह बन सकते हैं शमी: अख्तर

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का मानना है कि सलामी बल्लेबाज के रूप में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक के बाद रोहित शर्मा का टेस्ट करियर आगे ही बढ़ेगा जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी रिवर्स स्विंग के बादशाह बन सकते हैं। अख्तर को मलाल है कि किसी पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने उनसे सलाह नहीं मांगी जबकि शमी जैसे भारतीय तेज गेंदबाजी को लेकर उनके संपर्क में हैं। अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रोहित शर्मा एक के बाद एक शतक बना रहा है और मैं कहता रहा हूं कि रोहित को भारतीय टेस्ट टीम में होना चाहिए। यहां से वह महान टेस्ट खिलाड़ी बनेगा। टेस्ट क्रिकेटर के रूप में रोहित काफी प्रगति करेगा। अख्तर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शमी को उन्होंने रिवर्स स्विंग को खतरनाक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा, भारत की विश्व कप (50 ओवर के) में निराशा के बाद एक दिन शमी ने मुझे फोन किया और कहा कि वह दुखी है कि भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। मैंने उसे कहा कि मायूस मत हो और फिटनेस बरकरार रखो। घरेलू श्रृंखला आ रही है और मैं कह रहा हूं कि तुम अच्छा प्रदर्शन करोगे। मैंने शमी को कहा कि मैं चाहता हूं कि वह तूफानी गेंदबाज बने जो बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दे। उसके पास स्विंग और सीम है, इसके अलावा उसके पास रिवर्स स्विंग की कला भी है जो उपमहाद्वीप में बेहद कम गेंदबाजों के पास है। मैंने उसे कहा कि वह रिवर्स स्विंग का बादशाह बन सकता है। पाकिस्तान के लिए 1997 से 2007 के बीच 46 टेस्ट में 178 विकेट चटकाने वाले 44 साल के अख्तर ने कहा, अब आप देखिए कि उसने क्या किया है, उसे बेजान पिच (विशाखापत्तनम में) पर विकेट हासिल किए। मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। वह पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों को सलाह देने को तैयार हैं लेकिन कोई मदद की मांग की नहीं कर रहा। दुखद है कि हमारे पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मेरे से नहीं पूछ रहे कि वे कैसे अपनी गेंदबाजी में सुधार कर सकते हैं लेकिन शमी जैसे भारतीय गेंदबाज ऐसा कर रहे हैं। जहां तक मेरे देश का सवाल है यह दुखद स्थिति है। अख्तर ने साथ ही विराट कोहली को गेंदबाज का कप्तान भी करार दिया।

दबंग-3 की शूटिंग पूरी होने पर सलमान खान ने विनोद खन्ना को किया याद

मुंबई। अभिनेता सलमान खान ने दबंग 3 की शूटिंग पूरी होने पर इस सीरीज की पहली दो फिल्मों में अपने पिता की भूमिका निभाने वाले विनोद खन्ना को याद किया। खन्ना का 27 अप्रैल, 2017 को 70 साल की आयु में निधन हो गया था। उन्होंने दबंग सीरीज की पहली दो फिल्मों में मुख्य अभिनेता चुलबुल पांडे के पिता प्रजापति पांडे का किरदार निभाया था। 53 वर्षीय सलमान ने रविवार को ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट करके कहा कि फिल्म की टीम ने विनोद खन्ना को बहुत याद किया। सलमान ने कहा, आज दबंग 3 का आखिरी दिन था और हमारी शूटिंग पूरी हो गई है। अजीब और खुशी की बात यह है कि आज विनोद खन्ना जी यानी प्रजापति पांडे जी का जन्मदिन है और संयोग एवं सौभाग्य से आज ही के दिन हमने दबंग 3 की शूटिंग समाप्त की। उन्होंने कहा, वीके (विनोद खन्ना) जी, हमें आपकी याद आ रही है। दबंग 3 में आपकी भूमिका आपके भाई प्रमोद जी निभा रहे हैं। सलमान खान ने जून में घोषणा की थी कि दबंग 3 में विनोद खन्ना के छोटे भाई प्रमोद खन्ना प्रजापति पांडे का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म के निर्देशक प्रभुदेवा हैं। फिल्म में सलमान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा और अरबाज खान की भी अहम भूमिकाएं है।

'तन बुड्ढा होता है, मन बुड्ढा नहीं होता'

जाने माने फिल्म निर्देशक **तुषार हीरानंदानी** ने अपनी बायोपिक आधारित फिल्म बनाने की राह में प्रस्तुत चुनौतियों तथा फिल्म का नाम 'सांड की आंख' रखे जाने से जुड़े अनुभवों आदि के बारे में बात की पायनियर संवाददाता **शालिनी सक्सेना** से। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-

■ फिल्म का ये नाम किसे मस्तिष्क की उपज था और ये कैसे सूझा?

फिल्म के संवाद लेखक जगदीप सिद्धू ने ये नाम सुझाया था। पहले सभी ने इसे स्वीकार नहीं किया और निर्माता अनुराग कष्यप भी इसे रखने के इच्छुक नहीं थे। ये नाम भी अंग्रेजी के 'बुल्स आई' का ही हिंदीकरण है बस। लेकिन कुछ समय बाद ये सभी को ठीक लगने लगा। इस नाम के कई संदेश व अर्थ लगाए जा सकते हैं। इससे दादियों द्वारा 65 साल की आयु के बाद की उनकी उपलब्धियों का पता चलता है। इससे पता चलता है कि हमारे पास सबकुछ है। इस फिल्म को करने और उसके नामकरण के पीछे के उद्देश्य हमें स्पष्ट थे। हमें ये नाम आकर्षक लगा।

■ आपको किसी के जीवन पर आधारित फिल्म करने का विचार किस प्रकार आया?

ये विचार मुझे आमिर खान के कार्यक्रम सत्यमेव जयते के सीजन 1 को देखकर आया जिसमें वृद्धावस्था पर एक एपिसोड किया गया था जिसमें दादियों की उपलब्धियों के बारे में बताया गया था। मैं उस समय किसी अच्छी कहानी की तलाष में था। दादियों की कहानी देखकर मुझे रोना आ गया और मुझे पता भी नहीं चला कि मैं रो रहा हूं। मुझे तभी लग गया था कि मुझे मेरी कहानी मिलने वाली है। बाद में इसे पूरा करने में मुझे पांच साल का समय लग गया। ये फिल्म नारी सषक्तीकरण पर है और इसमें मुझे मेरी पत्नी का भी साथ मिला है। उन्होंने इसमें हाथ बंटाने के लिए अपनी नौकरी भी छोड़ दी।

■ इसे बनाने में पांच साल कैसे लग गए?

पहले डेढ़ साल तो मैंने इसे लिखा। दादियों से मिलने पर मुझे लगा कि मेरी कहानी थोड़ी नकारात्मक हो गई है। लेकिन दादियों काफी जीवंत निकलीं। उनके भीतर काफी उत्साह और मस्ती थी। 65 साल की आयु में उन्होंने अपने जीवन का आनंद लिया था। मैं भी महिलाओं के उत्सव मनाने पर ही फिल्म केन्द्रित करना चाहता था। क्योंकि उनके साथ ही उनका परिवार भी उत्सव का आनंद लेता है। हमनें कहानी के लेखन में पूरा समय लगाया। अगले तीन साल सही कलाकारों चयन में बीते। मेरी टीम में सभी ने मेरा साथ दिया है।

■ बायोपिक बनाने की राह में किस प्रकार की चुनौतियां हैं?

इसमें तीन चीजें महत्वपूर्ण होती हैं। पहली बात ये कि जिस व्यक्ति और परिवार पर आप फिल्म बना रहे हैं उन्हें प्रसन्न रखना, फिर निर्माताओं का भरोसा बनाए रखना। उनमें फिल्म में लाभ का सौदा होने का विष्वास बनाए रखना होता है। इसके बाद जो कलाकार उसमें भूमिकाओं का निर्वाह कर रहे हैं उन्हें पहचान और प्रशंसा मिलना सुनिश्चित करना। पिछले ही सप्ताह इसका ट्रेलर जारी हुआ है। मुझे दादियों की प्रतिक्रिया मिली है, वे संतुष्ट हैं। उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया और गले लगाया। मेरा परिश्रम सफल हो गया। इसके बाद सवाल ये होता है कि फिल्म लोगों का मनोरंजन कर पाती है या नहीं। किसी भी बायोपिक को व्यक्तियों की कहानी सुनाने के साथ ही उनका मनोरंजन भी करने में समर्थ होना चाहिये।

■ इन अर्थों में आपकी ये फिल्म कितनी कठिन साबित हुई क्योंकि ये निर्देशक के रूप में आपकी पदार्पण फिल्म भी है?

ये काम कठिन होता है जो भी इसे सरल कहता है वो झूठ बोल रहा होता है। कोई भी फिल्म बनाने में आसान नहीं होती। हमारे लिए ये पांच साल बहुत ही जल्दी निकल गए। मैंने इस पूरे समयकाल का आनंद लिया है, हां, कुछ समय के लिए थोड़ी हताषा भी थी क्योंकि कभी कभी ऐसा कुछ होने लगता है जो आपकी योजना का हिस्सा नहीं होता और हम दिषाहीन होने लगते हैं। लेकिन ये यात्रा अच्छी रही। मुझे आषा है कि जब लोग फिल्म देखेंगे वे भी हमारे प्रयासों की प्रषंसा करेंगे।

■ आपने तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर को ही क्यों लिया?

जिस भी मीडियाकर्मी ने मेरा साक्षात्कार लिया, सभी ने ये प्रश्न पूछा है। आप भी मेरा उत्तर सुन लीजिये। अब मैं अपनी स्मृति का बटन ऑन करने वाला हूं। मैं सभी अभिनेत्रियों के पास गया लेकिन इनके अलावा किसी ने भी इस रोल को स्वीकार ही नहीं किया। उन्हें मैंने नहीं चुना बल्कि उन्होंने फिल्म और मुझे चुना है। इस फिल्म का प्रारंभ उनके 65 वर्ष की आयु के होने से नहीं होता। फिल्म के प्रारंभ में तो वे युवा दिखाई गई हैं। हम तो बस उनकी यात्रा को दिखाना चाहते थे। निशानेबाजी में व्यक्ति की दृष्टि तेज होनी चाहिये। मुझे युवा लड़कियां ही इसके लिए चाहिये थी क्योंकि फिल्म में एक संवाद भी है जिसमें वे कहती हैं, 'तन बुड्ढा होता है मन बुड्ढा नहीं।' मैंने मदर इंडिया को इस फिल्म के माध्यम से श्रद्धांजलि दी है। नर्गिस ने भी युवावस्था में ही मदर इंडिया का रोल किया था। मैं ये नहीं कहता कि ये मदर इंडिया हैं लेकिन लोगों को इन लड़कियों की प्रषंसा करनी चाहिये।

■ आपकी फिल्म की कहानी वास्तविक जीवन के कितना निकट है?

ये पूरी तरह से वास्तविक जीवन के निकट है। फिल्म में मनोरंजन भी होना चाहिये अत: हमनें कुछ काल्पनिक चरित्र और दृश्य भी इसमें रखे हैं। लेकिन इसमें प्रतियोगिता के दृश्यों समेत उनके निशाना लगाने से जुड़े सीन वास्तविक ही हैं।

■ आपने फिल्म को गांव में बनाया है। क्या आपको किन्हीं चुनौतियों का भी सामना करना पड़?

नहीं, ऐसा तो कुछ भी नहीं था। हमनें दादी के घरों के निकट ही लगभग 30 दिनों तक शूटिंग की थी। हम परिवार से मिलना चाहते थे हमारी पूरी टीम दादी और उनके परिवारों से मिलकर बहुत प्रसन्न हुई। वे हमारी हर सहायता को तत्पर थीं। यदि उनकी मदद न होती तो हम ये फिल्म बना ही नहीं सकते थे। इसके कुछ दृष्यों में ग्रामवासी और दादियों के परिवार के सदस्य भी दिखाए गए हैं। मैं दिखाना चाहता था कि भारत अब निर्धन नहीं है। उनका गांव बहुत ही सुंदर है और हम ये दिखाना चाहते थे।

इंपीरियल कॉलेज लंदन पहुंचीं विद्या, शकुंतला देवी ने यहीं बनाया था गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी। मुम्बई

अपनी आने वाली फिल्म में मानव कम्प्यूटर के नाम से प्रसिद्ध शकुन्तला देवी का किरदार निभाने वाली विद्या बालन ने इंपीरियल कॉलेज लंदन का दौरा किया। शकुन्तला देवी ने यहीं गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। प्रतिष्ठित संस्थान ने छात्रों के साथ बातचीत के लिए अभिनेत्री को यहां आमंत्रित किया था। विद्या ने एक बयान में कहा, इंपीरियल कॉलेज लंदन शकुन्तला देवी की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा है, जहां उन्होंने गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया था। इस संस्थान में आने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। शकुन्तला देवी ने 18 जून 1980 को, इंपीरियल कॉलेज लंदन के कंप्यूटर विभाग द्वारा बिना किसी क्रम के चुने गए 13 अंकों वाली 2 संख्याओं का गुणनफल 26 सेकंड में निकाल गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। अनु मेनन के निर्देशन में बन रही शकुन्तला देवी का निर्माण सोनी पिक्चर्स नेटवर्कस प्रोडक्शन और विक्रम मल्होत्रा मिलकर कर रहे हैं। फिल्म में सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगी। फिल्म 2020 गर्मियों में रिलीज होगी।

भूमि पेडनेकर को मिला 'फेस ऑफ एशिया' पुरस्कार

24वें बूसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को फेस ऑफ एशिया का पुरस्कार दिया गया है। भूमि का कहना है कि उन्हें इस पुरस्कार पर गर्व है। भूमि आजकल अपनी फिल्म 'डॉली किटी और वो चमकते सितारे' की स्क्रीनिंग के संबंध में दक्षिण कोरिया गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैं विनम्रतापूर्वक कहना चाहती हूं कि मेरे काम को बूसान में लोगों और समीक्षकों ने पसंद किया, इसका आभार मानती हूं। ये मेरा पहला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है और मुझे इसपर गर्व है। मैं ऐसी फिल्मों में काम करना चाहती हूं जिनमें कुछ महत्वपूर्ण संदेष हो और मेरा सदैव ही ये प्रयास रहा है कि मैं दमदार परफॉर्मेंस दूं।'

आम किरदार मुझे उत्साहित नहीं करते : भूमि पेडनेकर

एजेंसी। मुम्बई

अदाकारा भूमि पेडनेकर का मानना है कि बॉलीवुड में उनका सफर शुरू से ही अलग रहा है क्योंकि आम एवं सामान्य किरदार उनको उत्साहित नहीं करते हैं। दम लगा के हईशा में एक अधिक वजन वाली पत्नी की भूमिका निभाने वाली भूमि ने टॉयलेट: एक प्रेम कथा और शुभ मंगल सावधान जैसी फिल्मों में लीक से हट कर अपने किरदारों से लोगों का दिल जीता। भूमि ने अपनी पिछली फिल्म सोनचिड़िया में एक सामंतवादी स्त्री की भूमिका निभाई थी और अपनी आने वाली फिल्म सांड की आंख में वह बुर्जुग शार्पशूटर चंद्रो तोमर की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि ने कहा, इसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए होती है। अपने आपको 70 साल की महिला के किरदार में देखना आसान नहीं होता। सांड की आंख जैसी फिल्म करना एक अभिनेता का सपना होता है। इसमें कॉमेडी है लेकिन इसे करना आसान नहीं है। मैं फिल्म बाला में एक गहरे रंग वाली महिला की भूमिका निभा रही हूं, मेरा किरदार उन सामाजिक पूर्वाग्रहों पर सवाल उठाता है, जो अब भी भारत में रंग को लेकर प्रचलित है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक अभिनेता के तौर पर, पर्दे पर भूमि जैसा ना महसूस करना एक अलग ही संतुष्टि देता है। मैं गर्व के साथ यह कह सकती हूं कि दोनों बेहद अलग हैं, वे एक जैसे इंसान नहीं है। मुझे यह तथ्य पसंद है कि मैं अपने काम से खुद को चुनौती दे सकती हूं। मैं लोगों की सोच बदल सकती हूं। मैं कोई आम चीज़ नहीं कर रही हूं। अदाकारा ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें लीक से हटकर किरदार निभाने के लिए चेताया भी। उन्होंने कहा, एक अभिनेता के तौर पर लोग मेरी पसंद पर सवाल उठाते हैं। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि मैं सांड की आंख क्यों कर रही हूं, क्यों मैं 70 वर्षीय महिला का किरदार निभा रही हूं और क्यों मैं जमीन से जुड़ी या ग्रामीण पृष्ठभूमि की फिल्म कर रही हूं। मैं फिल्म को जमीन से जुड़ी या ग्रामीण या मैं फिल्म में कैसी दिखूंगी ऐसे नहीं देखती। मैं फिल्म की कहानी देखती हूं। बड़े पर्दे पर लोग कहानी, मेरा किरदार देखते हैं और भूमि को नहीं। भूमि की सांड की आंख के अलावा डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे , बाला और पति, पत्नी और वो भी इस साल रिलीज होने वाली है।

मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि फिल्म में या रंगमंच पर मेरा किरदार कितना बड़ा है: कुमुद

मुंबई। अभिनेता कुमुद मिश्रा का कहना है कि जब वह अभिनय कर रहे होते हैं तो सबसे ज्यादा खुश होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि फिल्म में या रंगमंच पर उनका किरदार कितना बड़ा है। उन्होंने नब्बे दशक के मध्य में फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की थी लेकिन इम्तियाज अली की फिल्म रॉकस्टार से उन्हें पहचान मिली। मिश्रा ने कहा, मैं यहां अभिनय के लिए हूं और मेरे रास्ते में जो भी आए चाहे वह पांच मिनट का किरदार हो या 15 मिनट का। मुझे हर स्तर पर उसे अच्छे से करना है। किरदार की लंबाई को लेकर मुझे कभी कोई शिकायत नहीं रही। लोग जो थोड़ा-बहुत भी मेरे बारे में जानते हैं, वह इन्हीं छोटे किरदारों की वजह से जानते हैं। उन्होंने कहा, मुझे अभी तक मुख्य भूमिका वाले किरदारों की पेशकश नहीं की गई है। लेकिन अगर आप ईमानदारी से अपना काम करते हैं तो यह लोगों तक पहुंचता है और उसे पहचान भी मिलती है। अगर पटकथा अच्छी है और किरदार छोटा भी है तो भी यह चलेगा क्योंकि आप इसके साथ ईमानदार रहे हैं। अभिनेता की अगली फिल्म पी से प्यार और एफ से फ्यार है। इसमें भवेश कुमार भी हैं। यह फिल्म 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

परिणीति को प्रिय है 'स्कूबा डाइविंग'

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा स्कूबा डाइविंग के प्रति उत्साह रखती हैं। उनके अनुसार जलक्रीड़ाएं उन्हें स्फूर्तिदायक बनाती हैं। उन्होंने बताया, 'मुझे इसमें सबसे अच्छी बात ये लगती है कि जल के भीतर किसी प्रकार का फोन नेटवर्क नहीं होता। यहां तक कि मेरा मैनेजर भी मुझे काम के लिए फोन नहीं कर सकता।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने सुन रखा था कि स्कूबा डाइविंग ध्यान लगाने जैसी ही होती है, कुछ लोग इसे औषधि जितना लाभदायक तथा अत्यंत शांतिकारक बताते हैं। उनके बारे में स्कूबा डाइविंग संबंधी बात उस समय सामने आई जब उन्हें ओषन शो के अंतर्गत एडेक्सा इंडिया मुंबई डाइव का ब्रांड एंबेस्डर घोषित किया गया।